॥ हेतुः ॥

योमुम्बापुरी माङ्गरोलसदसि श्रीमज्जिनाधीशितु-
श्चैत्यद्रव्यमुपेत्यवक् हतमतिः सङ्घादिकर्म्मस्विति ।
श्रीमज्जैनततेस्तमस्तरणकं यश्चाऽलिखत् पापभाक्
शिक्षां बेचरदासकं गिरधिपो ग्रन्थे चकाराऽत्र तम् ॥ १ ॥

मिथ्यात्वान्धतमोभरेण निभृता ये जैनतन्त्र्यादयः
पत्रे स्वे हतबुद्धयो विदधिरे मुद्रापणं चैतयोः ।
तत्तेषामपि शिक्षणं प्रविहितं स्पष्टं महाबुद्धिना
भव्यस्तुत्यपदेन लब्धिविजयेनाऽत्रागमोल्लेखतः ॥ २ ॥

प्रिय सज्जनो ! इस पुस्तकको प्रसिद्ध करनेमें हेतु यह हैकि एक बेचरदास नामक व्यक्तिने ता. २१ जनवरी १९१९ के रोज मुंबईमें देवद्रव्यादि अनेक विषयोंपर भाषण दिया था । जिसको ता. २० वी अप्रेल १९१९ के रोज जैनपेपरमें जैनतन्त्रिनें छपवाकर प्रसिद्ध कियाथा. वह भाषण जब जैनपत्रद्वारा विशेष प्रसिद्धिमें आया, तब जैनसमाजको मालूम हुवाकि बेचरदासने तीर्थङ्करप्रभु. सामान्यकेवलि भगवान् तथा चतुर्दशपूर्वधर आचार्य महाराजादिज्ञानि पुरुषोंकीसम्मतिसे विरुद्ध

१. व्याख्यानवाचस्पतिः । २. देव द्रव्यविषयक भाषण तमस्तरणलेखयोः ।

और अज्ञानतासे भरा हुवा यह भाषण देकर जैनसमाजको बड़ा भारी धोखा दियाहै, ऐसा समझकर हमने बेचरदाससे हेंडबिलद्वारा सात प्रश्नोंका जवाब मांगा । जिनका जवाब बेचरदासकी तरफसे बिलकूल नहीं मिला बल्कि मैं जवाब देनेमें अशक्तहूं. ऐसा जाहिर नहीं करते हुए उसने एक बड़ा भारी नीचरूपकवाला **तमस्तरण** नामका लेख ता. २५ वी मे सन १९१९ के जैनपत्रमें छपवाकर प्रसिद्ध करवाया । प्रथमतो जैनागमविरुद्ध भाषण दिया, और बादमें **तमस्तरण** नामक लेख लिखा, जोकि ' एक करेला और दूसरे नीम्ब चढा ' जैसे स्वहृदयगत अनास्थारूपकटुकताका प्रकाश कियाहै । इस **तमस्तरण** नामके लेखमें चतुर्दशपूर्वधर **श्रीस्थूलभद्रजी** महाराज, जिनकल्पकी तुलना करनेवाले श्रीआर्यमहागिरि महाराज, **सम्प्रतिनृपप्रबोधक—श्री आर्यसुहस्तिमहाराज,** दशपूर्वधर **श्री वज्रस्वामि** महाराज, साढानौपूर्वधर और चार अनुयोगोंके पृथक्कर्त्ता श्रीआर्यरक्षित महाराज, **पन्नवणासूत्रकार श्रीश्यामाचार्य** महाराज, पांचसो ग्रन्थके प्रणेता **श्री उमास्वाति** महाराज, **विक्रमनृप** प्रबोधयिता **श्रीसिद्धसेनदिवाकर** महाराज, श्री आगमग्रन्थोंको पुस्तकारूढ करनेवाले **श्रीदेवर्द्धिगणिक्षमाश्रमण** महाराज, आदि पवित्र—पूर्वधरोंको, और चौदहसो चुम्मालीस ग्रन्थके रचयिता **श्रीहरिभद्रसूरि** महाराज, नवाङ्गी टीकाकार **श्री अभयदेवसूरि** महाराज, **कुमारपालभूपालप्रतिबोधयिता कलिकालसर्वज्ञ श्रीहेमचन्द्राचार्य** महाराज, आदितपागच्छ विरुदधारक परमपुनी-

तात्मा श्रीजगच्चन्द्रसूरिमहाराज, तथा कर्मग्रन्थभाष्यत्रयादि अनेकग्रन्थप्रणेता श्रीदेवेन्द्रसूरिमहाराज, कुर्चालसरस्वतीबिरुदधारक सहस्रावधानि· सन्तिकरस्तोत्ररचकरसकलसङ्घमें मारीके निवारक श्रीमुनिसुन्दरसूरिमहाराज, अकब्बरनृपप्रबोधक **श्रीहीरविजयसूरि** महाराज, तथा शतग्रन्थप्रणेता धर्मधुरन्धर **न्यायविशारद** वाचकवर श्रीयशोविजयजी महाराज आदि जो जो बडे प्रभावशाली पुरुष हुए है उन सबको (व्यक्तिविषयक स्पष्टता नहीं करनेसे) अज्ञानक्रिया (धूमस– अन्धेरा तेरने रूप) करनेमें एक सरदारका रूपक दिया है. और चतुर्विध सङ्घको—जिनमें **महावीर** प्रभुके दोसौ वर्षक पीछेसें हुए सभी उत्तमोत्तम साधु साध्वीएं तथा- **सम्प्रतिमहाराज, श्रीविक्रमराजा, श्रीकुमारपालमहाजा, श्री विमलशाह, श्रीवस्तुपालतेजपाल, जगडुशा, जावडशा, भावडशा, पेथडकुमार कर्माशा.** आदि चुस्तजैनश्रद्धावाले अनेक तीर्थोंके उद्धारक श्रावक श्राविकाएं भी आ जाते हैं (जिन्हें) धूमस तेरने वाला एक सार्थ–समूह (काफला) की उपमा दी है। और स्वयं वैद्य बना है। अफसोस! सद अफसोस! दुनियामें ऐसे रोगपीडित त्रिदोषयुक्त अनेक प्राणि मिल आते हैं जो असङ्ख्यही नही बल्कि अनन्तगुणधारण करने वाले महात्माओंकोभी बुराभला कहनेसे नही हटते, और स्वयं नसनसमें कीटकुलआवृत हैं तथापि सन्निपातके जोरसे बडेवडे वैद्योंकीभी नाडिऐं अपने हाथमे ले कर वैद्य बन बैठते हैं। बेचरदासका भी मिथ्यात्वरूप सन्निपातके जोरसे ऐसाही हाल हो

गया है, अन्यथा स्वयं पामर तथा असङ्ख्य कुकर्मरूप कीडोंसे नसनस में भराहुवा होनेपरभी अनन्तगुणधारक जगज्जीवोंके भावरोगोंको दूर करनेमें धन्वन्तरीसमान केवलिकल्प श्रुतधरोंके, तथा भवभवके तारने वाले तीर्थस्वरूप चतुर्विधसङ्घके वास्ते एक अघटितरूपक लगा कर स्वयं वैद्य बननेकी चेष्टा कदापि नहीं करता। सन्निपातके जोरमें आयेहुवे आदमीको यद्यपि उसके माता पिताभी उसे मंचेसे बान्ध लेतेहैं और वक्तपर उसकी छातीपरभी चढ बैठते हैं और वख्तपर सख्त वचनोको सुनाकर उसे कुचेष्टा करनेसे हटाते है, तथापि वे उसके शत्रु नहीं है, इसी तरह हमनेभी वेचरदासके मिथ्यात्वरूप सन्निपातके जोरको दबानेके लिये लेखिनीद्वारा खूब जोर अजमाया है तथापि हमारा इससे द्वेषभाव नहीं है. परन्तु ऐसी कठिनशिक्षा पाकर वह तथा अन्यपुरुषगण जान कर फिर इस रोगके भोग न बनें, और हमेशह याद रख्खे कि खूब कटुक क्वाथ पिलानेवाले परमोपकारी अनेक महात्मा इस दुनियापर मौजूद हैं। पाठकगण ! वेचरदासने तमस्तरण नामके लेखमें क्या लिखा है ? इस विषयको जाननेकी तुमारी इच्छा हमारी बनाई हुई पुस्तकको देखकर हो जावे और तुमको उस वख्त वह लेख (तमस्तरणका लेख) न मिले तब तुम्हारा दिल उस लेखकी धुनमें फँस न जाय; इस लिये वह लेख इसपुस्तकके अन्त्यभागमें सबसे पीछे निकला हुआ होनेसे पीछे दाखिल किया गया है, उस लेखके निकलनेके पेश्तर हमने वेचरदाससे सात प्रश्न किये थे इस लिये उस तमस्तरण नामक लेख-

के प्रथम हमारे सात प्रश्न वाला हेंडबिल दाखिल किया गया है. हमारे प्रश्न निकलनेसे पेश्तर उसने (बेचरदासने) जैनागमविरुद्ध देवद्रव्यादिविषयोंपर भाषण दिया था इस लिये उस भाषणको प्रश्नोके हेंडबिलसे प्रथम दाखिल किया है. मतलब प्रथम उसने भाषण दिया उसके बाद हमने प्रश्न किये और तदन्तर उसकी तरफसे तमस्तरण नामका लेख जाहिर हुआ है सो इसी क्रमसे लेख दाखिल करनेमें आये हैं, भाषणको दाखिल करनेका यह मतलब है कि हमारी पुस्तकमें जिन पङ्क्तिओंका आगे पीछे खण्डन आ गया है उनका मात्र इसारा ही हमने बतलाया है, इस लिये संपूर्ण भाषणको पढनेकी चाहना वालेकी मनःकामना मुरझा न जाय, इस लिये भाषण; और बेचरदास प्रथमतो भाषण देनेको तैय्यार हो गया और जब प्रश्न पूछनेमें आये तब जवाबभी नहीं देता इस विषयको जाहिर करनेके लिये प्रश्नोंका हेंडबिल दाखिल करनेमें आया है। हमारी तरफसे केवल परोपकारके निमित्त देवद्रव्यादिसिद्धि नामकी पुस्तक प्रसिद्ध की गइथी इसे देखकर जैन तंत्रीने पक्षपातके आवेशमें आकर इस पुस्तकके विषयमें यद्वातद्वालिखकर जनसमूहको धोखा देना चहाथा; इसलिये तंत्रीके लेखके जवाबमें मु. डभोइसे हेंडबिल निकला। इसके जवाबमें मेनेजरने मतलबको छोडकर असत्य आक्षेप युक्त लेख लिखा; इस प्रकार डभोइसे पारस्परिकसमालोचनामें चार हेंडवील जाहेर किये गये बाद अज़ां तंत्रीने इस प्रस्तुत विषयकी चर्चाका त्याग किया तब यहांसेभी यह मामला बंदकियागया।

वे चार हेंडबीलभी पुस्तकके अंतमें दाखिल गये हैं। यद्यपि इन हेंडबिलोंका इस पुस्तकसे घनिष्ट संबन्ध नहीं है; तथापि सर्वथा असंबद्धभी नही हैं; क्योंकि हेंडबीलोंका बीजभूत यही पुस्तक हैं । शास्त्रानभिज्ञ निःसत्ववृत्तिवाले और चाहिये जैसी धर्मश्रद्धा वगैरके कितनेक लोग कहते हैं कि '**देवद्रव्यादिसिद्धिकी** भाषा ऐसी है तैसी है ' इत्यादि उन लोकोंके, **द्वादशकुलक, भगवतीसूत्र, उपदेशसप्तति, ज्ञातासूत्रके** सोहलवे अध्ययन, आदिशास्त्र पढ़ने सुननेमें नहीं आये होंगे, या निःसत्ववृत्तिवाले श्रद्धाशून्य होंगे, अन्यथा उनकी यह प्रवृत्ति कदापि नहीं होती । श्रुतधर प्रभावक--पूर्वाचार्योंके निन्दक तथा उत्सूत्रप्ररूपकका अपमान करना जैसे साधुको योग्य है, सन्मानवाचकशद्ब उतनेही उसके लिये अयोग्य है । नीच व्यक्तिपर फिटकार करना सो उसके किये हुवे नीच कार्यकी गर्हणा है । और नीच व्यक्तिका बहुमान रखनासो उसके किये हुवे नीचकार्यकी अनुमोदना है। इस तरह सूक्ष्मेक्षिकासे (बारिक नजरसे) देखेंगे तब उनको हमारे इस कार्यपर हर्ष हुए वगैर नहीं रहेगा । परन्तु श्रद्धा और सत्वरूप औषधिकी आवश्यकता है । इस पुस्तकमें मूल, टीका, निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि, रूप पञ्चाङ्गीके अतिमान्य पाठोंसे देवद्रव्यादिपदार्थोंकी सिद्धि की गई है । और जगत्के भलेके लिये बेचरदासके वचन उत्सूत्ररूपहलाहल ज़हरसें भरे हुए होनेसे मान्य करने योग्य नहीं है इत्यादि सूचना कीगईहै. ज़हांपर बेचरदासका ज्यादह गुनाहवाला ब्यान

हुआ है वहांपर उसको ज्यादह फिटकार दी गई है, और जहांपर कम गुनाहवाला ब्यानहै, वहांपर कम । इस तरह सर्वत्र सर्वथा न्यायको दृष्टिपथमें रखकर यह पुस्तक रची गई है. तथापि किसी अज्ञानीको इसमें न्यायप्रकाश न मालूम हो तो उसे अपने कर्मरोगका कारण मानकर शान्त रहना चाहिये !

प्रिय पाठको ! इस पुस्तकका निर्माण वेचरदासको सङ्घ बाहर करनेसे कितनेही महिने पेश्तर होगयाहै, तोभी क्या करें प्रेसवालोंकी वहाँ कार्यअधिकतासे बहुत विलम्ब होनेसे टुकडे टुकडे दोसौ नकलें इस पुस्तककी प्रसिद्धिमें आईहैं, जिनमें हेतु, भाषण, प्रश्न-हेंडबिल और तमस्तरण का लेख तथा जैन तंत्रीकेलिये निकाले हुए शिक्षाप्रद हेंडबील दाखिल करनेमें नहीं आयेहैं. बाकीके जिल्दके आकारवाले संपूर्ण (१२००) पुस्तकोंमें यह दाखिल किये गयेहैं अगर इस पुस्तकके लिखनेमें किसीभी स्थानपर भ्रमवश सूत्रविरुद्ध वर्त्तन हो गया होवेतो (मिच्छामिदुक्कडं) मेरा दुष्कृत मिथ्याहो ।

" सर्वमङ्गलमाङ्गल्यं, सर्वकल्याणकारणम् ।
प्रधानं सर्वधर्माणां, जैनं जयति शासनम् "

॥ लेखक ॥

इस देवद्रव्यादिसिद्धिनामके पुस्तकमें साक्षि दिये हुए ग्रन्थोंका तथा उनके कर्त्ताओंका लिष्ट—

ग्रन्थनाम	कर्त्तानाम
१ श्रीपालचरित्र प्राकृत.	रत्नशेखरसूरिः
२ संबोधसप्ततिः	"
३ श्राद्धविधिः	"
४ कर्मग्रन्थ	देवेन्द्रसूरिः
५ श्राद्धदिनकृत्य.	"
६ त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरितं.	हेमचन्द्राचार्यः
७ कुमारपालप्रबन्धः	
८ उपदेशसप्ततिः	सोमधर्मगणिः
९ पञ्चाशकप्रकरणम्	हरिभद्रसूरिः
१० पञ्चाशकटीका.	अभयदेवसूरिः
११ संबोधप्रकरण.	हरिभद्रसूरिः
१२ आवश्यक २२००० हजार	"
१३ आवश्यकचूर्णिः	
१४ महावीरचरियं प्राकृत.	नेमिचन्द्रसूरिः
१५ वसुदेवहिण्ड	सङ्घदासगणिः
१६ भत्तपइन्नासूत्र.	
१७ रायपसेणीसूत्र	

१८	श्रीज्ञातासूत्र	
१९	व्यवहारसूत्र	जिनभद्रगणिक्षमाश्रमण
२०	व्यवहारभाष्य	"
२१	श्रीजीवाभिगमसूत्र.	
२२	निशीथसूत्र.	
२३	निशीथचूर्णिः	
२४	सङ्घपट्टकटीका.	जिनपतिसूरिः
२५	वृहत्कल्पसूत्र	
२६	कल्पसूत्र	भद्रबाहुस्वामी
२७	मल्लिनाथचरित्रं	विनयचन्द्रसूरिः
२८	उववाईसूत्र.	
२९	भगवतीसूत्र.	
३०	प्रमाणनयतत्त्वालोकालङ्कार.	वादिदेवसूरिः
३१	सुपासनाहचरियं. प्राकृतं	लक्ष्मणगणि
३२	उपासकदशांगसूत्र.	
३३	सूयगडांगसूत्र.	
३४	प्रश्नव्याकरण.	

श्रीमद्विजयानन्दसूरीश्वरपादपद्मेभ्यो नमो नमः ॥—

॥ देवद्रव्यादिसिद्धि ॥

अपरनाम बेचरहितशिक्षा ॥

नत्वा श्रीमन्महावीरं, कृत्वा सद्गुरुवन्दनम् ।
सिद्ध्यै श्रीदेवद्रव्यादे-र्गुम्फयते पुस्तकं मया ॥ १ ॥
प्राग्भारात् प्राच्यपापानां, वणिजा द्विचरेण[1] हा ।
दारुणाऽसत्यवादेन, जैनवर्गो विमोहितः ॥ २ ॥
तद्व्यामोहविनाशार्थं, भाविनां रक्षणाय च ।
श्रीमद्भिः कमलाचार्यैः, प्रेरितेन प्रयत्यते ॥ ३ ॥

प्रिय सज्जनो ! इस अपार संसारसागरमें अनादिकालसे परिभ्रमण करते हुए जीवोंने कितना कष्ट प्राप्त किया है उसकी गणना भी नही हो सकती। यदि उन दुःखोंको मालूम करने लायक़ कोई अतीन्द्रिय ज्ञान उत्पन्न होतो निश्चय हो

१—बेचरेण.

सकता है कि हा ! हा ! ! एक अज्ञानताके कारण जगद्वासी जीव कितने कठोर दुःखके भागी बन चुके हैं। कितने ही कालतक नरककी असह्य पीड़ा परमाधामीके हाथसे या पारस्परिकविग्रहसे रो रो कर सहन करनी पड़ी। वहांकी भूमिकी उष्णता सहन करनी कुछ सहेल बात नहीं है। यहां जोरसे जलते हुए अग्निके कुंडमें पांव रखना और वहांकी ज़मीन पर पांव रखना समान है यानी क्षेत्रके स्वभावसेही वहांकी-नरककी ज़मीन इस प्रकार उष्ण रहती है। ऐसी ज़मीनमें असंख्य वर्षों तक पड़े रहना क्या कम दुःख है? वहांकी क्षुधाने तो सीमा ही छोड़दी! ढाईद्वीप-के अन्नको एक जीव खालेवे तो भी क्षुधा शमन नहीं होवे !! इसीतरह शीत व्यथाका भी पार नहीं। वहांके नारकको खूब बरफ़ जमे हुए स्थानपर लेजाएं और वहांपर उसको सुलाकर उसको बरफ़से चारों ओर ढकदेवें तब वह मानता है कि मैं कुछ उष्णतामें आया हूँ। अब आप विचार कीजिए कि वहां किस दर्जेहकी शीत व्यथा सिद्ध हुई। मतलब कि नरकमें भूख, प्यास, सर्दी, गर्मी, दुर्गंध, अंधकार, कटाकटी और लडालड़ी ऐसी चलती है कि वहांपर एक क्षणभर भी जीवको सुख नहीं मिलता। तिर्यंचकी योनिमें निगोदअवस्थामें अव्यक्तदुःखका पार नहीं है। एक श्वासमें सतरहसे अधिक जन्म मरण करने पडते है। बादर तथा सूक्ष्म पृथ्वी, अप्, तेऊ, वायु, साधारण प्रत्येक वनस्पतिकी योनियोंमें भी बड़ी भारी वेदना सहन करनी पड़ती है। बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चउरि-

न्द्रिय जीवोंको अन्तरंतर्मुहूर्तमें क्षुधावेदनी सताती है। और गर्मी सर्दी आदि अनेक कष्ट उठाने पड़ते हैं। पञ्चेन्द्रियतिर्यंच योनिमें कभी गधा बनकर उतना भार ढोना–उठाना पड़ता है कि ऊपरका चमड़ा भी उतर जाता है और चौमासेकी मोसममें वर्षादके कारण उसमें कीड़ आदि पड़नेसे भारी वेदना सहनी पड़ती है। इसीतरह सड़े हुए कुत्ते कितना दुःख पाते हैं, जो किसीसे भी अज्ञात नहीं। उन्हें अपने घरके आंगनमें भी बैठने नहीं देते। मतलब कि अति दुःखदायक नरक और तिर्यंच गतिके अन्दर अनन्तदुःख जीवने सहन किये है और मानव तथा देवयोनिमें भी अनेक कायिक तथा मानसिक व्यथाएं होती है। गर्भावासका भी दुःख बड़ा भयङ्कर है और मरनेकी वेदना भी कम नहीं है। आधि व्याधि तथा दारिद्र्यादिसे पीड़ित प्राणी जहां तहां देखनेमें आते हैं। ग़रज़ कि सम्पूर्ण जगत् दुःखमय है, इस दुःखमय संसारका मुख्य कारण कर्म है और कर्मका बन्ध चार हेतुओंसे होता है जिनमें मिथ्यात्व मुख्य हेतु है। जबतक मिथ्यात्त्वका ज़ोर हो तबतक जप, तप, क्रियाकाण्ड, भस्म पर लिंपन या आकाशमें चित्रामकी तरह सर्व निष्फल हैं। इसलिए प्रथम मिथ्यात्वको त्यागकर सम्यक्त्वको प्राप्त करना चाहिए। देवाधिदेव जिनेश्वरदेवको देवरूप और पञ्चमहाव्रतधारी मुनिको गुरुरूप और वीतरागप्ररूपित दयामय धर्मको ही धर्मरूप माननेसे सम्यक्त्व प्राप्त होता है। कितनेक महापुण्योदयसे सम्यक्त्वको पाकर भी पापोदयसे नास्तिकजनोंके

सहवासमें फंसकर उसे खोदेते हैं और अनन्तकाल तक दुःखमय संसारमें ठोकरें खाया करते हैं। सम्यत्त्वसे भ्रष्ट हो जानेके कारण नास्तिकलोक पढने लिखने बोलने आदिक जितनीं क्रियाएं करते हैं वे सब तमस्तरण जैसी हैं, क्योंकि मिथ्यात्त्वकी करणी अंधकार-मय होनेसे तमस्तरणके रूपकसे जूदी नहीं होसकती। तो भी खूबी यह है कि आप अंधेरा तैरते हुए भी " जलमें तैरते हैं " ऐसा मान बैठते हैं। और जो समत्त्वकी क्रिया वाले दरअसल संसार जलधि तैर रहे हैं, वे तमस्तरण करते मालूम पड़ते हैं। यही उन मिथ्यामतिमोहितोंकी जल्दी दुर्गतिमें जानेकी निशानी है। जैसेकोई कालकी सीमाको पहुंचाहुआ मनुष्य श्वेतवस्त्रको भी लाल देखता है, अथवा कमला—पीलिया रोगग्रसित श्वेतको भी पीत ही कहता है। इसीतरह आज कल कितनेक मिथ्यात्वमोहित मनुष्य जो सूत्रविहित शुद्धमार्ग है उसको तमस्तरण (अंधेरा तेरना) बताते हैं और स्वकपोलकल्पित सूत्रविरुद्ध असत्यमार्ग है उसको जलतरण मानते हुए अपने मुँहसे मियां मिट्ठू बनते हैं। उदाहरणार्थ देखिये कि संवत १९७५ वैशाख वदि ११ रविवारके 'जैन' पत्रमें बेचरदासनामक किसी वज्रकर्मी व्यक्तिने अनन्तसंसारवर्द्धक " तमस्तरण " शीर्षक एक कुलेख लिखकर महावीरप्रभुके निर्वाण बाद दोसो वर्षके पीछेसे लेकर आजतक दशपूर्वधर श्रीवज्रस्वामी, तत्त्वार्थसूत्रके कर्त्ता **श्रीउमास्वाति महाराज**, पन्नवणासूत्रकार **श्रीश्यामाचार्य्य महाराज**, विक्रमनृपप्रबोधक **श्रीसिद्धसेनदिवा-**

कर, पूर्वधर श्रीजिनभद्रगणिक्षमाश्रमण, देवर्द्धिगणिक्षमाश्रमण, आचार्य्य मल्लवादि, श्रीहरिभद्रसूरीश्वरादि जितने प्रभावक आचार्य्य हुए हैं और महाराजा सम्प्रतिराजा, कुमारपाल महाराज. विमलशाह, वस्तुपाल, तेजःपाल, पेथड़, शत्रुञ्जयआदितीर्थोद्धारक जितने प्रभावक श्रावक हुए हैं उन सबको अंधेरा तैरनेवाले जाहिर करके अपनी अकलकी क़ीमत बतलाई है, मुझे अफ़सोसके साथ बिचारे 'वेचरदासकी' कुवुद्धि पर दया आती है और उसकी कुवुद्धिको धिक्कार देते हुए मुझे कहना पड़ता है कि हाय! इस दुष्ट वुद्धिने वेचारे बेचरदासकी आत्माको अंध नरकावनीमें पहुंचाने का प्रयत्न किया है, और जैनपत्रके एडिटरने भी पूर्वोक्त शासनप्रभावकपवित्र आचार्योंका एवम् श्रावकोंका तमस्तरणसूचक "तमस्तरण" नामक लेखको प्रकट करके उसने पवित्र जैननामको ही कलङ्कित नहीं किया बल्कि मनुष्य अपने उदरपूरणके लिये नीचसेभी नीच कर्म करने पर उद्यत होजाता है यह साबित कर दिखाया है, उसने "जैन" पत्रको जैनाभास और जैनसमाजके लिए सहायक नहीं किन्तु निरर्थक कर दिखाया है और साथ ही अपने आपको अधोगतिमें पहुंचनेका लोंकोको भान कराया है, उसने और भी शासन विरुद्ध कार्य किये हैं परन्तु यहां अप्रासंगिक होनेसे नहीं लिखे जाते, अफ़सोस है कि वेचरदासने शासनप्रभावक आचार्य्योंकी निन्दक अपनी कुवुद्धि को रोकनेका—अपने हृदयसे जूदा करनेका ज़रा भी प्रयत्न नहीं

किया और उस नरकगामिनी बुद्धिके वशीभूत होकर सूत्रमार्ग पर चलनेवाले पूर्वधर आचार्यादिकोंकी निन्दामें 'तमस्तरण' नामक नीचरूपक लगा दीया है कि कोई भी तटस्थ बुद्धिमान् उस लेखको देखकर वेचरदासकी वैरिणी नीच बुद्धिको धिकार दिये विना कभी न रहेगा, हां, वेशक अभव्य या दुर्भव्य जीव उस लेखको देखकर खुश हुए होंगे, वेचरदासने कुबुद्धिसे प्रेरित होकर पूर्वाचार्योंकी निन्दा करते समय तो अवश्य आनन्द माना होगा पर उसका फ़ल भवभ्रमण करते हुए मिलेगा तब वह दुःख होगा कि जिसकी सीमा ही नहीं है। हमको वेचरदासके आगन्तुक दुःख पर बड़ा त्रास आता है पर वेचरदासको स्वयम् आगन्तुकदुःखका भय क्यों नहीं हुआ ? मालूम होता है कि मिथ्यात्व मदिराके नशेमें चकचूर होनेवाले वेचरदासको स्वयम् भान नहीं हो-सकता। जैसे शराबके नशेमें चकचूर बने हुए शराबीको अनेक पुरुषोंकां लत्ताप्रहार और मुँहमें गिरते हुए कुत्तोंके पेशाबका भी भान नहीं रहता। भव्यप्राणिगण ! वेचरदासने "तमस्तरण" नामक लेखमें लिखा है कि "महावीरना निर्वाणने प्रायः वे त्रण के चार पांच सईका जेटलो वखत वीते जैनसमाजना विशेष भागे तमस्तरण आरंभ्युं हतुं अने ते ठेठ अत्यार सुधी चाल्युं आव्युं छे" इस लेखसे श्रुतधर आर्यसुहस्ति महाराज पञ्चमारक में भी जिनकल्पकी तुलनाकारक श्रीमान् आर्यमहागिरी, युगप्रधान कालिकाचार्य महाराज, श्रीमान् शासनप्रभावक खपुटाचार्य, कलिकालसर्वज्ञ श्रीमद् हेमचन्द्राचार्य

महाराज, श्रीमतअकब्बरनृपप्रबोधकश्रीहीरविजयसूरीश्वरजी, न्यायविशारदशतग्रंथप्रणेता श्रीमान् यशोविजयजी उपाध्याय आदि महापुरुषभी तमस्तरण करनेवाले—अंधेरा तैरनेवाले जाहिर होते हैं। हाय! हाय!! वह हाथ क्यों न टूट पड़े जो पूर्वधरोंकी निंदामय वाक्य लिखनेमें सहायक हुए, वह शरीर निन्दक लेख लिखे जानेके पहले ही क्यों न मनुष्ययोनि छोड़ गया कि जिससे पूर्वधर आचार्यों—महात्माओंकी निन्दामय प्रवृति-का कारण बना। इससे तो असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय होता तो अच्छा था परन्तु ऐसे मनका मिलना अच्छा नहीं जिससे पूर्वधर महार्षियोंकी निन्दा करके अधोगतिको प्राप्त हो। इससे तो मनुष्य जंन्मसे ही अंधा, गूंगा और वहिरा बन जाय तो भी अच्छा हो, पर आँखें जीभ और कानका यह फ़ल अच्छा नहीं, जिनसे आचार्योंकी निन्दा करनेसे अनन्त भवों तक ये इन्द्रियां मिलें ही नहीं. और मिलें तो फिर फिर शस्त्रोंसे छेदन भेदन हों। अस्तु, मिथ्यात्वके उदयसें क्या क्या अधम कर्म नहीं होते हैं। हमारे पाठकवर्गको यह कटाक्ष मालूम होता होगा पर यह कटाक्ष नहीं है अधर्मसे बचानेके लिए दयापूर्ण हितवाक्य हैं और हमारी हमेशा यही भावना रहती है कि अगर किसी भी समय पापकर्मके उदयसे जैनशासन प्रभावक पूर्वश्रुतधर पूर्वाचार्योंकी निन्दा करनेकी दुष्टवुद्धि उत्पन्न होने वाली हो तो. इससे हस्तशून्य, कर्णशून्य, जिव्हाशून्य होना भव भवके लिये हम पसन्द

करते है। परन्तु अनन्तभवमें छेदन भेदन जिसका फल है ऐसी बेचरदासके सम नीच बुद्धिको कदापि नहीं चाहते। क्योंकि जिन लोकोंकी आगमशास्त्रसे विरुद्ध क्रियाए है उन क्रियाओंका करना एकप्रकारसे अंधेरा ढोनेके सदृश है। जैसे एक अज्ञानपुर नामक नगरमें बुद्धिहीन नामक शेठ निवास करता था, उसके मूर्खदत्त नामक लड़का था। जब उस–मूर्खदत्तकी उम्र विवाह करने योग्य हुई तो सेठको चिन्ता हुई कि किसी योग्य घरकी लड़कीके साथ इसका लग्न करना चाहिए। इस कामके लिए वह अनेक स्थलों पर घूमता रहा। घूमते घूमते ज्ञानपुर नामक नगरमें प्रवेश करके बुद्धिशाली नामक सेठसे मुलाकात की और उसकी सुमतिनामक पुत्रीकी साथ अपने मूर्खदत्त लड़केका रिस्ता किया। कुछ समयके बाद बड़े समारोहके साथ शुभमुहूर्त्तमें उनका विवाह हो गया। जब सुमति अपने ससुरालमें आई तो पहली रात्रीको ही उसने वहां अजब ढंग देखा। घरके दस पन्द्रह जवांमर्द रात्रीके प्रारंभमें कमर बांधकर तय्यार हो गये और सब अपने अपने हाथमें एक एक टोकरा लेले कर एक दुसरेसे कहने लगे कि 'लो ढोओ–(फेंको) लो ढोओ' तब इन लोकोंकी खाली टोकरियां चलानेरूप अज्ञानक्रियाको देखकर सुमति हेरान हो गई। वह विचारने लगी कि ये मूर्ख क्या कर रहे है? अंधेरेमें खड़े खड़े खाली टोकरियां उठा उठा कर 'लो ढोओ, लो ढोओ' ऐसा कह रहे हैं न तो कुछ लेते हैं न कुछ गेरते हैं यूंही व्यर्थ क्रिया

कब तक करते रहेंगे। देखा तो रातभर उन लोगोंने जीतोड़ परिश्रम किया, जब प्रातःकाल हुआ और घर में प्रकाश आया तो बारह घंटेके अटूट श्रमसे थक कर सोगये। दिनका आधा भाग सोनेमें व्यतीत करदिया, बादमें उठकर अपने अपने काममें लग गये। पीछे सुमतिने अपनी साससे कहा क्योंजी रातको यह सब आदमी क्या कररहें थें ?। सासने उत्तर दिया कि तूं बड़ी मूर्खा है इतना भी नहीं जानती कि सारे घरमें अंधेरा फैल रहाथा उसको टोकरियोंमें भर भरकर बाहर निकाल रहे थे। लो ढोओ, लो ढोओ, करते करते दम खुश्क हो गया तब बारह घंटेके बाद अंधेरा निकाल देनेसे उजाला हुआ और सोगये। यह एक प्रसिद्ध बात है सो भी तूं नहीं समझ सकी ? सुमति फिर पूछने लगी कि क्योंजी यह रिवाज अपने ही यहां है या दूसरे घरोंमें भी है ? सासने उत्तर दिया कि दूसरे घरोंमें क्या सारे शहरमें है। सुमति विचार करने लगी कि इन मूर्खोंको समझानेके लिए प्रथम इनके अनुकूल होना पड़ेगा ऐसा निश्चय करके बोली कि सासुजी ! मैं तो योंही हसती हूं क्या हमारे यहां अंधेरा नहीं होता और क्या वह नहीं निकाला जाता ? अवश्य होता है और निकाला भी जाता है। मैं खुद मेरे इतने बड़े घरसे अकेली ही सब अंधेरेको बाहर निकालतीथी इस लिए जब सब आदमी घरपर आवें तब उनको कह देना कि आज सब सोजाओ अपनी बहु अकेली ही सारे घरका अंधेरा दूर कर-देगी। सास बड़े आश्चर्यमें मग्न होकर विचार करने लगीकि जिस

अन्धेरेको दस दस पन्द्रह पन्द्रह आदमी बड़ी मुश्किलसे ढो सकते हैं उस अंधेरेको यह अकेली किस तरह ढोसकेगी अस्तु, हाथकङ्कणको आरसी क्या, सायंकालके समय वृद्धाने घरके सब मनुष्योंके सामने वहुका ईरादा जाहिर किया। किसीने भी न माना कि यह बात सच्च होगी, तो भी सुमतिने उन लोकों से कहाकि आजकी रात तो देख लीजिए, जो मेरेसे आज बराबर कार्य न हो सके तो फिर कल आप ही कमर बांधियेगा। आखिरकार सबको समझा कर सुला दिये। ये लोग बहुत समयसे अंधेरा निकालनेकी अंध क्रियासे ऐसे थके हुए थे कि सोते ही बेभान होकर निद्रावश हो-गये बहुत दिन चढजानेके बाद जब उनकी आंखें खुलीं तो देखा कि घरमें उजेला ही उजेला हो रहा है। सब घरके मनुष्य सुमतिको रत्न मानने लगे। सासकी खुशीका तो पार ही न रहा। जब यह वात एकसे दूसरेके और दूसरेसे तीसरेके घर पहुंची तो क्रमसे सारे शहरमें फैल गई यह वात सुन सुनकर सब हैरान हो-गये और कहने लगे कि यह बात कभी नहीं बन सकती। जैसे आजकलके नास्तिकशिरोमणियोंको शास्त्रसम्मतकर्मफलमें भी आश्चर्य होता है, अथवा सूत्रानुकूलआचार्यप्रणीततत्त्व भारे कर्मियोंकी समझमें आ जाय तो भी अपनी प्रथम कीहुई प्रतिज्ञा भंग न होजाय इस डरके मारे अनन्तसंसारको बढ़ाने वाली मिथ्याकल्पना करके (जैसा तमस्तरणके लेखमें बेचरदासने की हैं,) कह देते हैं कि " अमुक भागमें मूलपुरुषके मूल विचार

नहीं हैं। अमुक भाग नैमित्तिक है, अमुकभाग आग्रहजन्य है, अमुक भाग आलङ्कारिक है, अमुक भाग रूढिजन्य है" इत्यादि। हम उन नास्तिकशिरोमणियोंके हितार्थ लिखते हैं कि विनाकारण ऐसी भ्रमणामें पड़ कर "स्वयं नष्टः अन्यान् नाशयति" ऐसा क्यों करते हो। नरक निगोदोंके दुःखोंसे जरा डरो और शास्त्रका अवलम्बन करो। इनही अपलक्षणोंसे अनन्तवार दुर्गतिकी अनन्त वेदनाएं सहन करके पुनः पुनः उसीमें पैदा हुए हो। कोई महान् पुण्योदयसे मनुष्यजन्म पाये हो उसे मिथ्यात्वमोहित होकर श्रीपूर्वधराचार्योंने जो वातें सत्यरूप कथन कीहैं उनको "आलङ्कारिक, अनुकरणजन्य, रूढिजन्य" आदि वाक्जालसे खोटी कहकर नाहक क्यों हार जाते हो। तथा नरक निगोदके अनन्त दुःखोको प्राप्त करनेकी तय्यारी क्यों करते हो। यह तो ऐसा हुआ कि जैसे किसी असत्य वादीने कहा कि फलाने ग्रंथमें अमुक विषय विल्कुल नहीं है, तव उस ग्रंथके अभ्यासीने कहा कि शर्त्त लगाओ तो हम दीखा देवें तव उस दुराग्रहीने दोसौ रुपयोंकी शर्त लगाई, जव वह पाठ उसी ग्रंथमेंसे उस अभ्यासीने दिखाया तव वह हठी कहने लगा कि यह पाठ तो मूल पुरुषके मूलविचार रूप नहीं है, तव वही पाठ दूसरी जगहसे वताया तो भी उस हरामीने शर्त्तके रुपैये वचानेके लिए झट कहदिया कि यह पाठ तो नैमित्तिक है, फिर भी उस ग्रंथके अभ्यासीने जिस विषयका उस हरामज़ादेने निषेध किया था उसी विषयका साधक पाठ उसी ग्रंथमें अन्यस्थलपर वताया

तो एक तो वह हठी था और दूसरे रुपयोंके देनेका भी भय होनेसे विनाशर्मका झट बोल उठा कि यह पाठ तो आग्रहजन्य है, फिर उसी ग्रंथके अंदर अन्य जगह पर उसी विषयका पाठ चौथी बार बताया तो वह कहने लगा कि यह तो आलङ्कारिक है। इसके बाद उस सत्यप्ररूपक ग्रंथके अभ्यासी पुरुषने फ़िर भी अन्यान्य पाठ उसी विषयके उसी शास्त्रमें बताए तब वह दुराग्रही कहीं अनुकरणजन्य, कहीं रूढ़िजन्य है ऐसे कहकर दोसौ रुपये न देने पड़े ऐसे विचारसे अपनी हठको नहीं छोड़ी। इस दुराग्रहीके दुराग्रहको अच्छी तरह समझकर वहां पर जो सत्ताधिकारी न्यायी पुरुष उपस्थित थे उन्होंने उस मृषावादी अन्यायीका मुँह काला करके गधे पर चढ़ाकर नगरके बाहर निकाल दिया। यदि अबभी कोई ऐसा न्यायी सत्ताधिकारी धर्मात्मा मौजूद हो तो यह बात हम निःसन्देह कह सकते है कि आगमशास्त्रमें भी " आग्रहजन्य आलङ्कारिक वाक्य है " इत्यादि वाक्‌जालको रचनेवाले आधुनिक कदाग्रहियोंकी भी अवश्य उस असत्यवादी जैसी दशा करे। हम पाठकवर्गको सावधान करते हैं कि याद रखिएगा कि कोई नास्तिकशिरोमणि आगमके विषयमें यदि कहे कि, " अमुकभाग रूढ़िजन्य है या अमुकभाग आग्रहजन्य है या अमुकभाग नैमित्तिक है इत्यादि ' तो उस पुरुषको असत्यवादी और वक्रवादी समझना चाहिए क्यों कि अपने आगमशास्त्र आजतक तत्त्व के विषयमें ज्यों के त्यों अविच्छिन्नपणे चले आते हैं। हां, कितनाक भाग

विच्छेद तो जरूर हो गया है परन्तु जो विद्यमान है सो बराबर मान्य करने योग्य हैं। उन्हें आग्रहजन्य और नैमित्तिकादि है ऐसा कहना मूढताकी निशानी है। अगर कोई भी आस्तिक भाई इस-बात पर सन्देह करेगा तो भी महती हानी उठायगा। इस लिए हम उनको इतनी ही चितावनी करते है कि **श्रीहरिभद्रसूरि महाराज, श्रीहेमचन्द्राचार्यजी** महाराज, नवाङ्गी टीकाकार **श्रीमद् अभयदेवसूरि, श्रीमलयगिरि** महाराज के वचनोंसे विरुद्ध आज-कलके नास्तिकोंने जो बचन सुनाएं या जो लिखें हैं उनको हला-हल जहर जानना चाहिए, और याद रखना चाहिए कि उनकी हवा भी बहुत बुरी है। इन नास्तिकोंके सरदारका परिचय तुमको अच्छी तरहसे है, जिसने पूर्वाचार्योंकी निन्दा करके अपने अधमाधम विचारमय हृदयका पूर्णपरिचय दिया है। आजकल नास्तिक छापेवाले अपने इस नवीन सरदारको देखकर फ़िदा फिदा हो रहे हैं परन्तु इस श्रुतधरआचार्यादिके निन्दककी स्तुतिसे हमारी क्या गति होगी इसबातको वे अज्ञानवश भूलही गये हैं। और जैनशैलीके अनभिज्ञ एक मूढ मनुष्यकी बातें ठीक मालूम पड़ती है एवम् पूर्वधर प्रभावक पुरुषोंकी कथन कीहुई देवद्रव्यादि विष-यक वातें ठीक मालूम नहीं पड़तीं। आह ! कैसी मूढ़ता, जिससे जराभी सन्मार्ग नहीं सूझता ! ॥ ओह ! मैं बहुत दूर निकल गया, मेरे प्रिय पाठक घबराए होंगे और उस अंधेरे के उदाहरण को जानने-के लिए उत्सुक हो रहे होंगे अत एव इस विषयको यहीं छोड़ना

पड़ता है, अन्यथा आजकलके नास्तिकोंकी लीलाके विषयमें एक ग्रंथ लिखा जासकता है। प्रिय पाठकगण! जब इस प्रकार शहरमें बात फैलीकि "बुद्धि हीन सेठके लड़के मूर्खदत्तकी स्त्री सुमति अपने विशाल महलके भीतरसे अकेली ही अंधेरेको बाहर निकालती है" तब जो पुण्यशाली लोक थे, उन्होंने सेठके घर जाकर प्रार्थना की कि अपनी चतुर वधू हमारे घरका भी अंधेरा दूर करे ऐसा प्रबंध करदीजिएगा। लोकोंकी इस प्रार्थनाको मानकर सेठने सुमतिको आज्ञा दी कि प्रियबेटी! इन सबके घरोंका भी अंधेरा दूर करनेका तुमको यत्न करना चाहिए। सुमति अपने ससुरकी आज्ञानुसार उनलोकोंको तसल्ली देकर कहने लगी कि आप आनन्दसे सोजाईएगा, मैं अपनी अद्भुत शक्तिसे अपने घरमें ही रहकर तुम्हारे घरका सब अंधेरा दूर कर-दूंगी। जो जो लोक सुमतिकी बात मानकर सोगये, उनका सदैवके लिए अपने अज्ञानपरिश्रमका दुःख दूर हुआ और जिनलोकोंने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया और सोचा कि यह बात कदापि नहीं हो सकती, उन लोकोंने न तो उससे प्रार्थनाहीकी और न अंधेरा ढोनेरूप अंधक्रियाके घोरकष्टसे मुक्त हुए। जब सुमति की प्रशंसा बादशाहके कानों तक पहुँची तो उसने सेठको बुला कर कहा कि क्या यह बात सत्य है? हमको मालूम हुआ है कि शहरके अनेक घरोंका अंधेरा तुम्हारे लड़केकी स्त्री अकेली ही निकालती है। सेठने अर्ज़ की कि जी हुजूर यह बात सच्च है।

बादशाहने कहा कि तब हमारे राजमहलका अंधेरा दूर करनेके लिए जो दोसौ नोकरोंकों तनूखा देनी पड़ती है उस खर्चको मिटा दो तो अच्छा हो। सेठने सुमतिको वहीं बुलाकर बादशाह की प्रार्थना सुना दी। सुमति बादशाहके सन्मुख हाथ जोड़कर अर्ज़ करने लगी कि, हुजूर! आपकी आज्ञानुसार मैं अकेली ही सब काम कर दुंगी फिक्र मत कीजिएगा। बारह घंटेके बाद आप देख लीजीएगा कि अगर अंधेरा रह जावे तो आप आज्ञा देंगे वह दंड उठानेको तय्यार हूं, बादशाहने सब नौकरोंको सीख दे दी। दूसरे दिन जब उठ कर देखा तो अंधेरा नदारद! (नहीं पाया) बादशाह विस्मित हो गया। असलमें तो विस्मय होने की तो कोई बात ही नहीं थी क्यों कि कुदरती नियमानुसार ही बारह घंटे के बाद अंधेरा दूर हो जाना ही चाहिए था, पर अज्ञानीयोंको तो आश्चर्यका ही कारण था, जैसे कि आजकलके नरकगामिनास्तिकोंको सूत्रकी युक्तिसिद्ध बातों पर भी आश्चर्य होता है। बादशाहने सुमतिको हज़ारों रुपये भेट किये और शहरमें ढंढेरा पिटवाया कि तमाम मनुष्य अंधेरा ढोनेरूप असह्यकष्ट से बचनेके लिए सुमतिसे प्रार्थना करो और उसकी अद्भुत शक्तिका लाभ लेकर सुखी बनो। कितनेक मूढ मनुष्योंने इस ढंढेरेको स्वीकार नहीं किया, स्वीकार न करनेका कारण मात्र इतना ही था कि वे लोक इस बातका संभव नहीं मानते थे। शहरके बहुतसे बुद्धिमान मनुष्य उन्हें समझाते रहे और कहते रहे कि ' हमने

हमारे घरके अंधेरेको प्रत्यक्ष दूर होते देखा है, तो भी उन लोकोंके कथनको असत्य मानते रहे। अन्तेमें बादशाहने फ़रजियात (Compulsory) क़ायदा जारी किया तो भी उन मूर्खोंकी समझ में नहीं आया कि एक तो उम्रभर अंधेरा ढो ढोकर मर-जाएंगे और दूसरे राजआज्ञा भंग होनेसे दंडित होंगे, इस विचार-के अभावके कारणसे राजाज्ञाको भी नहीं माना। आखिरमें बादशाहने कुपित होकर उन हठवादियोंको शिर मुंडाकर, नाक कान कटवाकर काला मुँह करवानेके वाद गधे पर चढ़ाकर काले पानी भेजवा दिया। अव पाठकवर्ग इसके उपनयकी तरफ़ ध्यान दीजिए कि आजकल नवीन पंथको चलानेकी इच्छासे देवद्रव्यके भक्षणमें कुछ हर्ज नहीं है, उस देवद्रव्यसे शिक्षा देनी चाहिए, प्रथम प्रभुके मन्दिर गांव बाहिर थे, सुविहितगच्छके धोरी श्रीहरिभद्राचार्य जैसे प्रभावक पुरुषोंको भी 'चैत्यवासी थें' महावीर स्वामीके पीछे दोसो तीनसो या चारसो पांचसो वर्षों-के वाद जैनसमाजका तमस्तरण शुरू हुआ, इत्यादि अनन्तकाल-तक संसारमें रुलानेवाली अनेकवातोंके कहनेवाले और इनके अनुमोदनकरनेवाले नीच अधमात्माएं जिन आकाशप्रदेशोंको अवगाहन करके रहतें है उन आकाशप्रदेशात्मकस्थानको अज्ञानपुर नामक नगर समझे, और सूत्रमर्यादाके लोपी पेटके लिए अज्ञानांध मनुष्योंको खुश करनेके लिए ज्यों दिलमें आवे त्यों वक-वाद करने वालें, पूर्वधराचार्योंके निन्दक पुरुषोंके सहवास

से जिनलोकोंकि वुद्धि बिगड़गईहै परन्तु भद्रप्रकृतिके कारण भाविशुभोदय है उन्हें जात्यपेक्षया **बुद्धिहीन सेठ** समझना चाहिए, और उनके शास्त्रशैलीविरुद्ध जो विचार हैं सो ही **मूर्खदत्त** नामका लड़का है। ये सब मिथ्यात्वोदयसे उन्नतिकी इच्छासे क्रिया करतेहैं परन्तु सम्यक्त्वभ्रष्ट करणी होनेसे अंधेरा ढोरहे हैं। अब जो सूत्रमार्गके अनुसारी पूर्वाचार्योंके प्रशंसक देवद्रव्यके रक्षक तमस्तरण नामक लेखके विरोधी महात्माओंका जो स्थिति स्थान (आकाशप्रदेशात्मक) है सो **ज्ञानपुर** है। और सूत्रानुसार प्ररूपणा करने वाले पूर्वोक्तविशेषणविशिष्ठ जो महात्मा पुरुष हैं वेही जात्यपेक्षया **बुद्धिशाली** सेठ है, और उनकी प्राचीन महात्माओंके अनुकरणमें लगी रहनेवाली और सूत्रसिद्धमार्गका उपदेश देने वाली जो मति है वही **सुमति** है। इन प्राचीन रूढियोंके पालक जो कि प्राण चले जाय तो भी शुद्धमार्गके लोपक नहीं ऐसे अपने आत्मपितासे सुमतिमें भी अपूर्वगण आये हुए थे। इस सुमतिकी शरण जिन जिन लोकोंने ली उन्होंका भवभवका अन्धेरा ढोना तो गया सो गया परन्तु हमेशा निवास करनेके लिए कैवल्यप्रकाशने अदृष्टपूर्व मोक्षधाम भी दिखा दिया। कदाग्रहियों के स्थानापन्न जो हठी नास्तिक लोक हैं उनमेंसे जिन मूढोंने बादशाहके स्थानापन्नपुण्यमहाराजोके हुक्मसे विरुद्ध होकर सुमतिके स्थानापन्न श्रीसिद्धसेन दिवाकर, देवर्द्धिगणिक्षमाश्रमण, हरिभद्रसूरि, हेमचन्द्राचार्य और यशोविजय उपाध्याय जैसे

महात्माओं की मतिका शरण नहीं लिया उन भाग्यहीनोको अज्ञानरूप गधेपर चढ़कर गुरुभक्तिरूपकर्णशून्य और विवेकरूपनाकरहित, मिथ्यात्वरूप मसीसे किये हुए काले मुखसे नरक और निगोदरूप कालेपानी अनन्तकालके लिए जाना पड़ताहै। अत एव बुद्धिमान् पुरुषोंको उचितहै कि नरकगति और तिर्यंचगतिके भयङ्कर दुःखोंसे बचानेवाले सम्यक्त्वको प्राप्त करके मिथ्यात्वको जलञ्जली देदेवें, जिससे कर्मबंधका मुख्यहेतु मिथ्यात्वरूप स्थंभ टूट जानेसे संसारका प्राबल्य मन्द होजायगा। और उसी सम्यक्त्वके प्रभावसेही मिथ्यात्त्वहेतुके हटजानेसे अविरति कषाय और योगरूप हेतुओंका भी शनैः शनैः नाश हो जाता है, और किसी पुण्यात्माको सम्यक्त्व प्राप्त होनेसे एकदम ही नाश होजाता है। अतः संसारके अभावका असाधारण कारण ज्ञानिमहात्माओने मिथ्यात्वनाशक सम्यक्त्वको ही कहा है। इस लिए भवभीरु प्राणियोंको सम्यक्त्वसे कदापि पतित नहीं होना चाहिए, और अपनेमें शास्त्रीयज्ञान हो तो सम्यक्त्वसे पतित होते हुए दूसरे मनुष्योंको बचाना चाहिये। इस विषयमें **जैनधर्मप्रसारक सभाके** मंत्री महाशयको अंतःकरणपूर्वक सहस्रशः धन्यवाद दिया जाता है कि उन्होंने **बेचरदास**को अपनी सभामें बुलाकर कितनेक भाषण सम्बन्धी उपयोगी प्रश्न पूछकर उसके उत्तरसे ही जगत्को ज़ाहिर करदिया कि **बेचरदास** झूंठा है। ढूंढिये मूल बत्तीस सूत्र मानते हैं तो **बेचरदास** पूरे ग्यारह सूत्र भी नहीं मानता! जहां

जबावमें रुक जाता है वहां पर 'मेरेको याद नहीं है' 'मैं अपने अभिप्रायसे कहता हूँ' इत्यादि बातोंसे साबित होता है कि बेचरदासका भाषण आधार रहित ही नहीं बल्कि कपोलकल्पित है। इस विषयको विशेषरूपसे मालूम करनेके लिए "जैनधर्म-प्रकाश मासिक" अङ्क ३ पृष्ठ ८९ पुस्तक ३५ को देखना चाहिए। संसारमें सर्वोत्तमपदार्थ सम्यक्त्व ही है। यथोक्तं सूत्रे-

"दंसण भट्ठो भट्ठो, दंसणभट्ठस नत्थि निव्वाणं।
सिज्झंति चरणरहिया, दंसणरहिया न सिज्झंति ॥ १ ॥"

भावार्थ—जो लोक सम्यक्त्वसे पतित हो गयेहै वेही पूरे पतित माने जाते है। क्योंकि सम्यक्त्वसे पतित हुएको निर्वाणकी प्राप्ति नहीं होती। चारित्रसे पतित हुए मनुष्य सिद्धहोसकतेहै परंतु दर्शनसे रहित मनुष्य कदापि सिद्ध नही होसकता। इस लिए आजकलके नास्तिक लोकोंके सहवाससे वचना चाहिये क्योंकि वे लोक सिद्धान्तसे विरुद्ध होनेसे "देवद्रव्यका मालिक संघ है उस द्रव्यको किसीभी प्रकारसे व्यय करसकतेहैं" इत्यादि सूत्रविरुद्ध बातें कहते हैं और कितनेक नास्तिक तो यहां तक बोल उठतेहैं कि "आजकलके साधु, साधु पदवीके योग्य नहींहै" हम पुछते हैकि अगर त्यागी गीतार्थ साधु महाराज यदि साधुपदवीके योग्य नहींहैं तो क्या तुह्मारे जैसे कपोलकल्पित निराधार गप्पबाज़ मृषावादी योग्यहैं ? जिनको जैनशास्त्रके रहस्यका विल्कुल भान ही नहींहैं। सुनाजाता है कि

कितनेक नास्तिकोंने तो होटलोमें जा जा कर अभक्ष्यभोजन और अपेयपानकरके उन्मत्तता प्राप्त की और उस उन्मत्तावस्थामें अभिमानसहित बोल उठतेहैं कि, " साधु लोक हमारे जूते उठाने लायक भी नहींहैं " मगर उन मिथ्याभिमानियोंको मालूम नहीं कि अनेकजातके अभक्ष्य भक्षणकरनेसे और उत्सूत्रकी प्ररूपणासे उनका (मिथ्याभिमानियोंका) मुँह ऐसा सावद्य बनगया है कि साधुलोक उनके जूते उठानेके लिए तो क्या उनके मुहमें पेशाब या बडी नीति करनेके लीये भी नहीं जासकते । मतलब कि वे लोक अपनी शक्ति और त्यागवृत्तिका विचार किये बिनाही ज्यों दिलमे आताहै त्योंही बोलउठतेहैं । ऐसे नास्तिकमनुष्योंसे सावधान रहना चाहिए, नहीं तो स्वयम् डूबते मनुष्य औरको ले डूबतेहैं इसी तरह स्वयम् नरकगामीनास्तिक अन्यको भी नरकगामी बना देताहै । यद्यपि प्रभुमहावीरकी असीमकृपासे उन लाखों नास्तिकोकी संख्या एकत्र हो जाय तो भी हमारे एक आत्मप्रदेशकी श्रद्धाके असंख्यातवें भागको भी नहीं हिला सकती, अतः उन नास्तिकोंके मण्डलसें हमको हानि नहीहै पर हमारे बहुतसे भोले आता नहीं नास्तिकोंके वचनरूप अंधेकूएंमें न गिर जाय इस लिए हमको चितौनी करनी पड़ी है । अगर हम जानते हुएभी चूप बैठ रहे तो हम गुनहगार ठहरतेहै । फ़ारसीमेंभी कहा है कि " अगर **बिनमके नाबिना ओचास्त वगर ख़ामोश बिनसीनम गुनाहस्त"** इसका भावार्थ यह है कि अगर कोई अंधेकूएंकी तरफ़ जाता है

जो वह उस रास्तेमें चालता रहा तो अवश्य कूएमें पड़ेगा ऐसा देखकर हम खामोश बैठे रहे तो बड़ाभारी गुनाह है। जैन महात्माओंका भी कथन है कि—

" धर्मध्वंसे कृपालोपे, स्वसिद्धान्तार्थविप्लवे ।
अपृष्टेनाऽपि शक्तेन, वक्तव्यं तन्निषेधकम् ॥

भावार्थ—धर्मके नाशमें और कृपा (दया) के नाशमें, अपने सिद्धान्तके अर्थकी विरुद्धतामें विना पूछे भी समर्थपुरुषने उनका प्रतिरोध करनेके लिए तय्यार होजाना चाहिए। इस नियमानुसार अपना कर्त्तव्य समझकर हमभी वेचरदासके उस भाषणका (जो उसने ता. २१ जनवरी १९१९ को मांगरोल जैनसभा बम्बईमें दिया है, और जो ता. २० वीं अप्रेल १९१९ के जैनपत्रमें प्रकाशित हुआ है, जिसको वेचरदासने अपने अभिप्रायसे अवधित स्वीकार किया है) अनुक्रमसे प्रतिवाद (खण्डन) करते हैं। पाठक महाशय तटस्थविचारसे ध्यानपूर्वक पढ़कर अपनी श्रद्धाको स्थिर करेंगे ऐसी उम्मीद कीजाती है।

वेचदास—" देवद्रव्य शब्दज काइं असंबद्ध ने विचित्र छे. जैनो जेने देव तरीके स्वीकारे छे ते राग, द्वेष, धन, स्त्री वगेरेथी मुक्त दरेक कषायथी रहित होय छे, हवे राग द्वेषविनाना प्रभनुं द्रव्य शी रीते संभवी शके ? "

समालोचक—बड़े खेदकी बात है कि पंडितमन्य **वेचरदास** एक देवद्रव्य जैसे शास्त्रसिद्ध तथा युक्तियुक्त शब्दकोभी नहीं समझता हुआ कहता है कि " देवद्रव्य शब्दज कई असंबद्ध अने विचित्र छे. " पाठकोंको मालूम होकि देवद्रव्य शब्द असंबद्ध या विचित्र नहीं है, किन्तु **वेचरदास**का भाषणही असंबद्ध और विचित्र है। असंबद्ध यों है कि किसीभी सूत्रानुसारी **जिनभद्रगणि-क्षमाश्रमण, देवर्द्धिगणिक्षमाश्रमण, हरिभद्रसूरिमहाराज, हेम-चन्द्राचार्यमहाराज** आदि परमप्रभावक आचार्योंके वचनोंसे **वेचरदास**का भाषण सम्बंध नहीं रखता है बल्कि उन प्रभावक पुरुषोंके वचनोंसे विरुद्ध है, और विचित्र इसरीतिसेहै कि आज-तक किसीनेभी ऐसे अक्षर किसीके मुँहसे नहीं सुने कि ' देवद्रव्य जैनागममें नहीं है ' । प्राचीनघोरपापकर्मके उदयसे प्रथम **वेचर-दास**ने ही अपने भाषणमें इन अक्षरोंको सुनाया है इसलिए तमाम जैनसमाजको उसका भाषण विचित्र मालूम हुआ है। अब **वेचर-दास**को विचार करना चाहिए कि असंबद्धता और विचित्रता तुम्हारे भाषणमें है या देवद्रव्यमें ? अगर तुम किञ्चित् भी विचार करते तो ऐसा कभी नहीं कहते कि " जैनो जेने देवतरीके स्वीकारे छ ते राग, द्वेष, धन स्त्री वगेरेथी मुक्त—दरेक कषायथी रहित होय छे, हवे राग द्वेष विनाना प्रभुनुं द्रव्य शी रीते संभवी शके ? " अफ़-सोस है तुम्हारी अक्लपर, तुमने इतनाभी विचार नहीं किया कि **' धूवं दाऊण जिणवराणं '** श्रीरायसेणीसूत्रके इसअभिप्रायसे

देवरूप जो भगवानकी मूर्ति है, उसको आभूषणादि चढ़ाये जाते हैं वे सब देवद्रव्यके नामसे कहे जाते हैं, इससे भगवान्की वीतरागता या कषायमुक्ततामें क्या विरोध आया? हां, यदि यह मानते हों कि देव यानी तीर्थंकरप्रभुका सञ्चितकियाहुआ या स्वसत्तामे रक्खा हुआ जो द्रव्य हो उसको देवद्रव्य कहतेहै तब तो उनकी वीतरागतामें फ़रक़ आता, और "रागद्वेषविनाना प्रभुनु द्रव्य शी रीते संभवी शके" ऐसा तुम्हारा कहना सत्य होता, पर ऐसा तो किसीभी जैनग्रंथमें पाठ नहीं है, फिर यह विकल्प क्यों उठाया? अस्तु, हमको तुम्हारे कथनपर जितना खेद है उससे भी अधिक तुम्हारे कथनका अनुमोदन करनेवाले मूर्खतंत्रियों पर है। क्योंकि तुमने तो वगैर अधिकारके सूत्र पढ़े, जिससे शास्त्रीयनियमानुसार तुम्हारी बुद्धि तो बिगड़नीही चाहिए थी परन्तु तुम्हारे कथनके अनुमोदन करनेवाले तंत्रिआदियोंकी बुद्धि भी बिगडगई! उन्होंने यह भी नहीं सोचा कि जो वीतराग-देवका द्रव्यशब्दसे संबंध नहीं माने तो फिर वीतरागदेवका मन्दिरशब्दसेभी संबंध क्यों माना जाय? इससे तो जिनमन्दिरका ही अभाव हो जायगा। मतलब कि तन्त्रियोंकी तरह मूर्ख बनकर ऐसे नास्तिकपत्रपाठक, कितनेक आस्तिकजन कभी इस बातको मान लें कि 'वीतरागप्रभुका द्रव्यके साथ सम्बंध न होनेसे देवद्रव्य नहीं होसकता,' तब फिर **बेचरदास** जैसे नास्तिक कह देंगे कि " जिनमंन्दिरशब्दभी वास्तवमें नहीं होसकता

क्योंकि ' जिन ' नाम वीतराग देवका है । ऐसे वीतराग-देवका मन्दिर (घर) किसतरह होसकता है ! यदि इस बातकोभी मानलें तो फ़िर नास्तिकताके कारणसे कह दिया जायगा कि अपन " जैन " भी नहीं कहा सकते ! क्योंकि " जैन " शब्दका अर्थ—" जिनस्येमे जैनाः " जिन प्रभुके ये हैं ऐसे अर्थमें " जैन " शब्द बनता है, मतलबकि जिन प्रभुके भक्त—उपासक जैन कहलाते हैं । तो वीतराग प्रभुके " ये है—इनके उपासक जैन हैं ऐसा संभव नहीं इसलिए अपने जैन नाम छोड़ देना चाहिए । क्या इसतरह मालूम होनेपर तत्रिलोक और अन्य जन जिनमन्दिरको या अपने जैननामको छोड देगें ? यदि इसका जवाब नकारमें दिया जायगा तो फ़िर जैसे वीतराग देवसे मन्दिरशब्दका योग होता है और जैनशब्द बनता है वैसे ही देवद्रव्यशब्द क्यो नहीं बन सकता ! प्रिय वाचकगण ! विचार कीजिएगा कि बेचरदास कितना अकलमंद शक्स है कि जो देवमन्दिरको मानता हुआ भी देवद्रव्य का स्वीकार नहीं करता ! जिसको वीतराग देवके साथ मन्दिर-शब्दका स्वीकार है उसको वीतराग देवके साथ द्रव्यशब्द क्यों मंजूर नहीं होता ! क्या बेचरदास एक चक्षुवाले ऊंटकी तरह एक तरफ़की बेलड़ी चरनेवाला है ! जो वीतराग देवका मन्दि-रसे सम्बंध मानता हुआभी द्रव्यका सम्बंध नहीं मानता ।

तटस्थ—देखिये, जिनमन्दिरका स्वीकार करते हुएभी देवद्रव्यका स्वीकार न करनेका कारण बतलाया जाता है । यदि ऐसा मान लेते कि

"देवद्रव्य" नहीं हैं और इस कारणसे यानि उनके ऐसा मान लेनेसे नास्तिक लोक बढ़जाय तो उस द्रव्यको मरज़ी चाहे वैसे कार्यमें लगाकर लोकोंको अधम शिक्षा दी जायकि जिससे नास्तिकसमाज बढ़जाय और दुनियाको धर्मभ्रष्टकरनेका जो इरादा कर रहेंहैं वह पूरा होजाय, इस स्वार्थसे दारुणमृषावादी बनकर "जैनागममें देवद्रव्यका नामभी नहीं है" ऐसी गप्प मारदी है। देव मन्दिरको उडानेसे उसका कोई स्वार्थ नहींहैं इसलिये नहीं उडाया अगर उसमेंभी स्वार्थ होता तो वहभी उड़ादिया जाता। पर स्थान स्थान पर **'जिणहरे गच्छइ गच्छित्ता, वड्ढंतो जिणदव्वं, रक्खंतो जिणदव्वं,** इत्यादि पाठ आते हैं वहांपर इन मूढ लोकोंकी वातोंको कौन माने। चाहेजितना बकवाद क्यों न करे आस्तिकोंपर उसका कुछभी असर नहीं होता, और नास्तिकोंके लिये उनके दुर्भाग्यवश कहनेकी आवष्यकता नहीं। अगर कभी दैवयोगसे भद्रिकआस्तिकों पर नास्तिकोंके भाषणका कुछ बुरा असर पडाभी होगा तो आपकी हितबुद्धिसे लिखी हुई इस पुस्तक के पढ़नेसे दूर होजायगा, ऐसी आशा करता हूँ। अब आप यह बतलाइए कि बेचरदासने जैसा प्रश्न उठाया है यानी "रागद्वेषरहित प्रभुनुं द्रव्य थइ शकतुं नथी," क्या ऐसा प्रश्न पहले किसीका किया हुआ प्राचीन शास्त्रोमें नजर आता है और उसीपर कुछ समाधानभी लिखा गया है?

समालोचक—बेशक, देखिये सम्बोधप्रकरणमें, चौदहसौ

चंव्वालिसग्रंथके कर्त्ता परमप्रभावक–याकिनीमहत्तरासुनु-श्रीमद्-हरिभद्रसूरि महाराज फ़रमाते हैं–तद्यथा

" न हु देवाण वि दव्वं, संगविमुक्काण जुज्जए किमवि।
नियसेवगबुद्धिए, कप्पियं देवदव्वं, तं। ९०।"

भावार्थ-वादी प्रश्न करता है कि सर्वसङ्ग विमुक्त वीतराग देवका द्रव्य नही होसकता ! आचार्य उत्तर देते हैं कि यद्यपि वीतराग देवको द्रव्यसे कुछ सम्बंध नहींहै तथापि उनके सेवक भक्तिके प्रेममें मग्न होकर जो आभूषणादि चढ़ाते हैं वे सेवककी कल्पनासे देवद्रव्यकी गणनामे कहेजातेहैं। इस विषयकी पुष्टिमें फ़िर हरिभद्रसूरि महाराज फ़रमाते हैं कि

" किज्जइ पूआ णिच्चं, बुच्चिज्जइ मे कया जिणींदाणं।
पूआ तहेव देवाण, दव्वमिइ लोअजण भासा. ९२।"

भावार्थ–प्रभुकी पूजा नित्य किजातीहै और करनेवाला कहता है कि मैंने जिनप्रभुकी पूजाकी। पर इससे जिनेश्वर भगवानको सरागताका प्रसङ्ग नहीं आता। इसी तरह जिनदेव भगवान्‌की भक्तिके निमित्तसे कल्पित किया हुआ द्रव्य लोकभाषा में देवद्रव्य कहाजाताहै। परन्तु उससे वीतराग देवको सरागताका प्रसंग नहीं आता।

तटस्थ—अहाहा ! ये तो बहुत अच्छी गाथायें सुनाई जब हरिभद्रसूरि महाराजजैसे परमप्रभावक आचार्यके रचे हुए संबोध-कप्रकरणमें यह बात आ चूकीकि सेवकके कल्पित द्रव्यसे देवमें सरागता नहीं सिद्ध होती तो फिर बेचरदासके बकवादको कौन सच्चा

मानेगा ? । अतः बेचरदासका यह कथन केवल कपोलकल्पित सिद्ध हुआ कि—'जैनागममें देवद्रव्य नहीं है' ऐसे ऐसे पाठ होनेपरभी न मालूम क्या कारण है कि बेचरदास स्वयं मूढ बनकर औरोंको मूढ़ बनाताहै । अस्तु, देवद्रव्यके विषयमें और कोई शास्त्रका प्रमाण सुनाइए ।

समालोचक—देखिये ! नागपुरीयतपागच्छाधीश श्रीमद् रत्न-शेखरसूरी महाराज अपने बनाये हुए श्रीपालचरित्रमें फरमाते है—कि—'

अरिहंतपए धवले, चंदणकप्पूरलेवसियवण्णे ।
अडकक्केयणचउतीसहीयरखं गोलयं गवियं ॥ ८५ ॥
सिद्धपए पुण रत्ते, इगतीसपवालमट्ठमाणिक्कं ।
नवरंगघुसिणविहियप्पलेवगुरुगोलयं ठवियं ॥ ८६ ॥
कणयाभे सूरिपए, गोलं गोमेयपंचरयणजुअं ।
छत्तीसकणयकुसुमं, चंदणघुसिणंकियं ठवियं ॥ ८७ ॥
उज्झायपए नीले, अहिलयदलनीलगोलयं ठवियं ।
चउरिंदनीलकलियं, मरगयपणवीसपयगजुअं ॥ ८८ ॥
साहुपए पुण सामे, समियमयं पंचरायपट्टकं ।
सगवीसरिट्ठमणिं, भत्तीए गोलयं ठवियं ॥ ८९ ॥
सेसेसुं सियपएसुं, चंदणसियगोलए ठवइ राया ।
सगसट्ठिगवण्णा सयरिपण्णमुत्ताहलसमेए ॥ ९० ॥

अर्थः—सफेद रंग वाले अरिहंत भगवंतके पदमें चन्दन और कपूरके लेपसे जिसका सफेद रंग है और जिसमें आठ कर्केतन (सफेद जातिके रत्नविशेष) ओर चौंतीस हीरे हैं ऐसा गोला स्थापन किया। यहां भाव यह है कि आठ प्रातिहार्योंकी अपेक्षासे आठ कर्केतन रक्खे और चौंतीस अतिशयकी अपेक्षासे चौंतीस हीरे रक्खे ॥८५॥

लाल रंगवाले सिद्धपदमे—इकतीस प्रवाल (मूंगिए) और आठ माणिक्य जिसमें रक्खें हैं ऐसा फिर नवीनरङ्गयुक्त केशर करके जिसमें लेप किया है ऐसा बड़ा गोला स्थापन किया. आठ कर्मके क्षयसे उत्पन्न हुए आठ गुणकी अपेक्षासे आठ माणिक्य रक्खे. और इकत्तीस गुणोंकी अपेक्षाते इकत्तीस प्रवाल रक्खे ॥८६॥

पीले रङ्गवाले सूरिपदमें गोमेदनामकपंचरत्नसंयुक्त और जिसमें छत्तीस सोनेके पुष्प है ऐसा चंदन केशरसे लिप्त गोला रक्खा, ज्ञानादिपंचाचारकरके युक्त होनेसे पांच गोमेदरत्न रक्खे, और छत्तीसगुणयुक्त होनेसे छत्तीस सोनेके कुसुम रक्खे ॥ ८७ ॥

नीलवर्णवाले उपाध्यायपदमें चार इन्द्रनीलमणियुक्त और पच्चीस मरकत मणियुक्त नागवल्लीके दल जैसा नीलवर्णका गोला स्थापन किया। द्रव्यानुयोगादि चार अनुयोग युक्त होनेसे ४ इन्द्रनील, और पच्चीस गुणयुक्त होनेसे इतने मरकतमणि समझना ॥८८॥ श्याम रंगसे प्रसिद्ध साधुपदमें पंचराजपट्ट मणि (वैराटरत्न) युक्त और सत्तावीस रिष्टमणि[1] युक्त कस्तूरीसे लिप्तगोला भक्तिसें स्थापन किया.

1-श्यामरत्न विशेष

पंच महाव्रतकी अपेक्षासे पांच राजपट्टक (वैराटरत्न) और सत्तावीस गुणकी अपेक्षासे २७ रिष्टमणि रक्खे ॥ ८९ ॥

बाकी रहे हुए दर्शनादि चार श्वेतपद में ६७ । ५१ । ७० । ५० । मोतियोंसे युक्त चंदनके लेपसे सफेद गोला श्रीपाल राजाने स्थापन किया । यहांपर भीं मोतियोंकी संख्या दर्शनादि गतभेदोंकी अपेक्षासे समझनी चाहिये ॥ ९० ॥

अब पाठकोंको विचार करना चाहियेकि श्रीपाल महाराजने ओलितपके उद्यानमें पूर्वोक्तविधिसे सिद्धचक्रके स्थापनकरनेमें हीरे मोती माणिक्य पन्ने प्रवाल नीलम आदि जो जो द्रव्य चढ़ाया उसको देवद्रव्य नहीं तो क्या कहें ? इससे सिद्ध होता है कि—देवद्रव्य **मुनिसुव्रतस्वामी**के समयमें भी था. इसलिये यह आधुनिक रिवाज नहीं कहा जा सकता ? फिरभी देखो ! यही आचार्य महाराज अपने बनाए हुए **संबोधसप्तति** नामकप्रकरणमें लिखते हैं—कि -

जिणपवयण वुड्ढिकरं, पभावगं नाणदंसणगुणाणं ।

वड्ढंतो जिणदव्वं, तित्थयरत्तं लहइ जीवो ॥ ६६ ॥

अर्थ—ज्ञानदर्शन गुणोंके प्रभावक और जिनप्रवचनकी वृद्धि करनेवाले देवद्रव्यका रक्षण करता हुवा तीर्थंकरपदको प्राप्त करता है. ॥ ६६ ॥

तटस्थ—जिनप्रवचन तथा ज्ञानदर्शन गुणोंकी वृद्धि देवद्रव्यसे कैसे हो सकती है ?

समालोचक—जिनद्रव्यसे अनेक जैन मंदिर बन सकते हैं-इस लिये जहां जहां पर जिन मन्दिर हो वहांके लोग प्रभुदर्शन और पूजनसे अपने दर्शन (सम्यक्त्त्व) को शुद्ध कर सकतें हैं और उनकी निरंतर भक्ति और महोत्सवादि कार्यको देखकर वहुतसे भद्रिकप्रकृतिवाले जीव सुधर जाते हैं-बस यही जिनप्रवचनवृद्धिका कारण सिद्ध हुवा तथा प्रभुभक्तिसे ज्ञानावरणीयकर्मके क्षयोपशमसे ज्ञानकी वृद्धि होति है ।

तटस्थ—अच्छा, देवद्रव्यका रक्षक तो तीर्थंकर गोत्र नाम कर्म उपार्जन करता हैं परन्तु देवद्रव्यके निषेधक या भक्षकोंकी क्या गति होगी ?

समालोचक—उसी ग्रन्थके अंदर पूर्वोक्तआचार्यमहाराज लिखते है कि—

जिणपवयणवुड्ढिकरं, पभावगं नाणदंसणगुणाणं
भक्खंतो जिणदव्वं, अणंतसंसारिओ होइ ॥ ६७ ॥
भक्खेई जो उवेक्खेई जिणदव्वं तु सावओ ।
पन्नाहीणो भवे सोउ, लिप्पेइ पावकम्मुणा ॥ ६८ ॥

अर्थ—जिनप्रवचनकी वृद्धि करनेवाला तथा ज्ञान दर्शन गुणोंका प्रभावक ऐसे देवद्रव्यको भक्षण करनेवाला अनन्तसंसारी होताहै, उपलक्षणसे उसके निषेधकरनेवालेकोभी उत्सूत्रभाषी होनेके कारण अनन्तसंसारी समझना चाहिये ॥ ६७ ॥

जो श्रावक देवद्रव्यका भक्षण करता है तथा भक्षण करते हुए अन्यकी उपेक्षा करता है वह भवांतरमें (बुद्धि) हीन होतहि और पाप कर्मसे लिप्त होता है ॥ ६८ ॥

और देखिए श्राद्धदिनकृत्य—भाष्यत्रय—कर्म्मग्रन्थादि अनेक ग्रन्थके कर्त्ता परम जिनमत प्रभावक **श्रीदेवेन्द्रसूरि** महाराज अपने बनाये हुए प्रथमकर्म्मग्रन्थमें लिखते है कि—

उम्मग्गदेसणा मग्गनासणा देवदव्वहरणेहिं ।
दंसणमोहं जिणमुनि—चेइयसंघाइपडिणीओ ॥ ५६ ॥

अर्थ—उन्मार्गकी देशना (उत्सूत्र भाषण). मार्गका नाश (धर्म्मके साधनको विच्छिन्न करना) और देवद्रव्यका हरण करके जिन मुनि चैत्य (मन्दिर) और साधु साध्वी श्रावकश्राविकादि चतुर्विध संघका, प्रत्यनीक प्राणी दर्शनमोहनीयकर्मको बाधता है ॥ ५६ ॥ अगर देवद्रव्य होताही नहीं तो ऐसे उत्तम महात्मा कर्मग्रंथमें कैसे लिखते है कि ' देवद्रव्य भक्षण करने-वालोंको दर्शनमोहनीयका बध होताहै ' इससे साबित है कि देवद्रव्य था, है, और होगा. धर्मधुरंधर प्राचीन महात्माओंके कथनपर जैन समाजकोजो निश्चय है वह बेचरदासजैसे एक सामान्य मनुष्यके कथनपर कदापि नहीं होसकता । इस लिये बेचरदासने व्यर्थ भाषण देते समय इतनाभी विचार नहीं किया कि—भाष्य—कर्मग्रन्थ—श्रावकदिनकृत्य धर्म्मरत्नप्रकरणटीका आदि

अनेक ग्रन्थके कर्त्ता और आदितपागच्छविरुदधारक **श्री जगच्चन्द्रसूरि**के शिस्य **देवेन्द्रसूरि** महाराजके ज्ञानके आगे मेरा ज्ञान क्या है ? उन महापुरुषोंके सामने मैं ऐसा हूं जैसा सूर्यके सामने खद्योत, इस लिये ऐसे महात्माके वचनोंसे विरुद्ध क्यों भाषण देताहूं ? क्या मेरे भ षणको जैनसमाज मानलेगा ? (मानना तो क्या बल्कि सहस्रशः धिक्कारवाद देगें) अगर **बेचरदास** भाषणसे पहिले यह विचार करता तो ऐसा अनुचितकार्य कदापि नहीं करता, जो एक घातकके पातकसेंभी शास्त्रदृष्टिसें अधिक नीच माना गया है ।

तटस्थ—अगर **बेचरदास**को कर्मग्रंथके इस पाठका भान न रहा हो तो अब इसपाठको देखके सुधर जाय तो क्या आश्चर्य है ॥

इस लिये और भी पाठ लिखें जिससे **बेचरदास**की आत्माको भी लाभ पंहुचे ।

समालोचक—तुह्मारा यह मानना है कि **बेचरदास** सुधर जाए परन्तु यह मानना मेरे ख़यालसे वन्ध्यासे पुत्र प्राप्ति जैसा है, क्योंकि **बेचरदास**ने यह भूल अज्ञानावस्थामें नहीं की है किन्तु पूर्व-जन्मके घोरपापकर्मोंके उदयसे अपने किसी गुप्तइरादेको सफल करनेके लिये जानकर झूठामार्ग पकडा है इसलिये ढूंढियोंसेभी अधम बनकर कह दिया कि–' मैं ग्यारह अंगको मानता हूं और उसमेंभी मिश्रण है "–इस का मतलब यह हैकि ग्यारह अंगमेंसेभी जिसमें देवद्रव्यकी सिद्धि होगी उसमें 'मिश्रणहै' ऐसा कहकर मुक्त हो जाऊंगा

बतलाइए ऐसा हठी आदमी कैसे सुधर सकता है। इस लिये इसके सुधरनेके खयालको हृदयसे दूर कीजिये! और अन्य ग्रन्थोंके पाठोंको सुन लीजिये। देखिये वेही देवेन्द्रसूरि महाराज श्राद्धदिन-कृत्यमें लिखते हैं कि—

"चेइयदव्वं साहारणं च जो दुहइ मोहियमईओ।
धम्मं च सो न जाणइ, अहवा बद्धाउओ नरए ॥१२५॥

अर्थ—जो मोहमोहित मनुष्य चैत्यद्रव्य (देवद्रव्य) और साधारण द्रव्यका नाश करता है वह धर्मको जानताही नहीं या बद्ध-नरकायु है ॥१२५॥ श्रीरत्नशेखरसूरिकृतश्राद्धविधिमेंभी प्राचीन-पुरूषोंकी ऐसी गाथाएं बहुत आती है जिनसे देवद्रव्यकी सिद्धि अच्छी तरहसे होती है. जैसे कि—

" चेइयदव्वविणासे, तद्दव्वविणासणे दुविहभेए।
साहु उविक्खमाणो अणंतसंसारिओ होइ (भणिओ) १२६ "

भावार्थ—चैत्यद्रव्य-सुवर्ण चांदी आदि जो मंदिरका द्रव्यहै उसके विनाशको देखकर और 'तद्दव्वविणासणे दुविहभेए' यानि चैत्यद्रव्यसे प्राप्त किया हुवा द्रव्य (वस्तु) अर्थात् देवद्रव्यसे खरीदे हुए दो प्रकारके पाषाणादि द्रव्यके नाशको देखकर जो साधु उपेक्षा करता है तो वह अनन्तसंसारी होता है।१२६। बस यही तो कारणहै ज्ञान ध्यान छोडकर हम अपना वक्त पुस्तक बनानेमें

लगातेहैं। अगर हम शक्ति होनेपर भी बेचरदासके भाषणकी उपेक्षा करें तो इस कथनानुसार हमारी भी यही दशा होवे, वरना बेचरदाससे हमारा लेशमात्र भी द्वेष नहीं है। देखिये कुमारपालनृपप्रबोधक–कलिकालसर्वज्ञश्रीमद्हेमचंद्राचार्यविरचितत्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्रके दशमपर्वमें लिखाहै कि—

"राज्ञः कुमारपालस्य, तस्य पुण्येन भूयसा।
खन्यमानस्थले मंक्षु, प्रतिमाऽऽविर्भविष्यति ॥ ८३।
तदा तस्यै प्रतिमायै, यदुदायनभूभुजा।
ग्रामाणां शासनं दत्तं, तदप्याविर्भविष्यति। ८४।"

इत्यादि.

अर्थ—उस कुमारपालराजाके बड़े भारी पुण्यसे खुदातेहुवे स्थानमें जल्दी प्रतिमा प्रगट होगी॥ ८३ ॥ तब उस प्रतिमाके वास्ते उदायनराजाने जिन जिन गामोंका शासन (फरमान) दिया था सोभी प्रकट होगा ॥ ८४ ॥ इस षिषयके संवादमें तपोगच्छीयरत्नशेखर-सूरिकृतश्राद्धविधिके छट्ठे अधिकारमें भी ऐसा अधिकार आता है—

तद्यथा-पांशुवृष्टौ भूगता कपिलर्षिप्रतिष्ठिता प्रतिमा श्रीगुरुमुखाज्ज्ञाता कुमारपालनृपेण। पांशुस्थलखानने उदायननृपदत्तशासनपत्राऽन्विता सद्यः स्फुटीभूता। यथावत् प्रपूज्य प्राज्योत्सवैरणाहिल्लपत्तने नीता॥ नव्यकारितगरीयस्तर-

स्फाटिकप्रासादे न्यस्ता। पत्रलिखितमुदायननृपदत्तं ग्रामाकरादिशासनं सर्वं[१] प्रमाणीकृत्य चिरमर्चिता ॥ इत्यादि ॥

अर्थ—कपिलऋषिकरके प्रतिष्ठित श्रीमहावीरस्वामीकी प्रतिमा जो धूलकी वर्षादसे जमीनमें दब गईथी उसे श्री कुमारपालनृपतिके (गुरुमहाराजसे जाननेसे) पांशुस्थलको खुदानेसे उदायनराजाके दिये हुए शासनपत्र (फरमान) के साथ जल्दी प्रकट हुई। उस प्रतिमाको बड़े महोत्सवसे अणहिलपुरपाटणमें लाए नवीन बनाए हुए स्फटिकके बड़े दिव्यमंदिरमें स्थापनकी और उदायनराजाके दिये हुए ग्राम आदि जो शासनपत्रमें लिखेथे वे सब कायम रखकर प्रतिमा की बहुत काल तक पूजाकी।

पाठकजनो! अब विचार करोकि भगवान् महावीरप्रभुके मंदिरमें उदायनराजाने जो गाम वगैरा दिये थे उन्हें देवद्रव्य नहीं तो और क्या कहाजावे? इसी तरह कुमारपालमहाराजने उदायनराजाके फरमान पत्रको कायम रखकर अपने राज्यमेंसे उतनेही ग्रामादि दिये वे देवद्रव्य नहीं तो और क्या?

इसी तरह सिद्धराजजयसिंहने सिद्धाचल और गिरनारजीके लिये जो बारह बारह ग्राम दियेथे सो देवद्रव्य नहीं तो और क्या?

तटस्थ—आपने बहुतअच्छे अच्छे प्रमाण सुनाये और उन प्रमाणोमें प्राचीनसे प्राचीनप्रमाण मुनिसुव्रतस्वामीके वक्तमें हुए

---

१ देखो कुमारपालप्रबन्ध पृष्ठ ६.

हुए श्रीपालमहाराजके उद्यापनका सुनाया। और साबित किया कि उस वक्तमें भी देवद्रव्य था। क्या इससेभी प्राचीन कोई प्रमाण आपके पास है कि मुनिसुव्रतस्वामीसे जिससे पहिले भी देव-द्रव्य सिद्ध हो।

समालोचक—हां, पंद्रहवें तीर्थङ्करश्रीधर्मनाथस्वामीके वक्तमें भी देवद्रव्य था। जैसे श्रीहेमचन्द्राचार्यमहाराज अपने बनाए त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्रमें चौथे पर्वके पांचवें सर्गमें लिखते हैं.

" पतिप्रसादादुद्भूता, ये प्राज्या रत्नराशयः।
अनन्तं काञ्चनं यच्च, ये वा रजतसञ्चयाः॥ ११४॥
मुक्तामया वज्रमया, जात्यरत्नमयाश्च ये।
संमिश्रा ये च नेपथ्यसमुदायाः सहस्रशः॥ ११५॥
यच्चाऽन्यत्कोशसर्वस्वं, सप्तक्षेत्र्यां तदर्प्यताम्।
महापथप्रस्थितानां, पाथेयं हीदमादिमम्॥ ११६॥"

भावार्थ—पुरुषसिंहवासुदेवके पिता जब असाध्यरोगसे पीडितहुए तब उसकी माताने 'मैं विधवा न कहलाउं' इस खया-लसे चितामें जलनेकी तय्यारीकी, तब लड़का माके पास मिलनेको गया। उस वक्त माता कहतीहैकि हे पुत्र! पतिकी कृपासे उपार्जित की हुई जो बड़ी रत्नोंकी राशी है और वहुत काञ्चन है और चांदीका समूह है तथा मोती हीरे रत्नमय जो

आभूषण है और इनसे मिश्रित जो हज़ारों आभूषण हैं और मेरे पास जितना कोश (खजाना) है इन सबको सात क्षेत्रमें लगादेना। क्योंकि परलोकमें जाते हुए जीवको यह पाथेय (भत्ता) है। देखिये इनसात क्षेत्रमें देवमंदिर भी हैं और पुरुषसिंहने अपनी माताके कथनानुसार जो देवमंदिरमें लाखोंका द्रव्य समर्पणकिया वह देवद्रव्य नहीं तो और क्या ? इससे सिद्ध हुआ कि–धर्मनाथ स्वामीकी वक्तमें भी यह रीवाज था. अगर तमाम तीर्थङ्करोंकी वक्तका वर्णन लिखें तो एक बड़ी भारी पुस्तक बनजाय और पाठकवर्गको और भी अनेकशास्त्रोंके पाठ सुनाने हैं इसलिये इसविषयमें ज्यादा लिखना नहीं चाहते। देखिये **सोमधर्मगणिमहाराज उपदेश सप्ततिके** पांचवे अधिकारमें फरमाते हैं कि—

'ज्ञान द्रव्यं यतोऽकल्प्यं, देवद्रव्यवदुच्यते।
साधारणमपि द्रव्यं, कल्पते सङ्घसम्मतम् ॥ २० ॥
एकैत्रव स्थानके देववित्तं, क्षेत्रद्वय्यामेव तु ज्ञानरिक्थम्।
सप्तक्षेत्र्यां स्थापनीयं तृतीयं, श्रीसिद्धान्ते जैन एवं ब्रवीति ॥१॥"

भावार्थ—देव द्रव्यकी तरह ज्ञानद्रव्य भी अकल्पनीय कहा जाता है, सङ्घकी सम्मतिसे साधारणद्रव्यको सातक्षेत्रमेंसे किसी क्षेत्रमें लगा सकते है ॥ २० ॥ प्रथम देवद्रव्य है सो एक क्षेत्रमें (देवमंदिर प्रभुपूजादि काममें) ही लगाया जा सकता है, और दूसरा ज्ञानद्रव्य दो क्षेत्रमें (ज्ञानकार्यमें और देवकार्यमें)

उपयुक्त हो सकताहै, और तीसरा साधारणद्रव्य सातों क्षेत्रोंमे लग सकताहै ऐसा सिद्धान्तमें कहा है । औरभी प्रमाण लीजिये श्रीरत्नखेखरसूरिमहाराज श्राद्धविधिके अन्दर प्राचीन आगम-शास्त्रकी गाथाएं लिखते हैं:—

" चोएइ चेइयाणं, खित्तहिरण्णे अ गामगोवाइ ।
लग्गंतस्स उ जइणो, तिगरणसोही कहं नु भवे ॥ १ ॥
भन्नइ इत्थ विभासा, जो एयाइं सयं विमग्गिज्जा ॥
तस्स न होई सोही, अह कोइ हरिज्ज एयाइं ॥ २ ॥
तत्थ करंतो उवेहं, जा सा भणिया उ तिगरणविसोही ।
सा य न होइ अभत्ती, तस्स य तह्मा निवारिज्जा ॥ ३ ॥
सव्वत्थामेण तहिं, संघेण य होइ लग्गियव्वं ।
सचरित्ताचरित्ताण य, सव्वेसिं होइ कज्जन्तु ? ॥४॥ "

भावार्थ—अगर साधु चैत्य संवन्धि क्षेत्र हिरण्य (सोना) गांव, गोप वगैराकी चिन्ता करे तो तीन प्रकारके संयमके धारण करनेवाले साधुकी त्रिकरणशुद्धि किस तरह होसके ? अव दो गाथाएंसे ऊपरकी शङ्काका समाधान करते हैं—इस विपयमें विकल्प है—यानि साधुको इस विपयकी चिन्तामें त्रिकरणशुद्धि होती भीहै और नहीं भी होती । अगर साधु देवद्रव्यकी वृद्धि करनेके लिये स्थान स्थान पर स्वयं याचनाकरे तो विशुद्धि नहीं होती. और जो देवद्रव्यादि पूर्वोक्त वस्तुके विनाशको देखकर उसके रक्षणमें

उद्यम करे तो त्रिकरण शुद्धि होतीहै ॥ २ ॥ इसलिये संपूर्ण बलसे चारित्रवाले और चारित्र वगैरके सकलसङ्घको उस काममें लग जाना चाहिये क्योंकि वह सबका काम है ॥ ३ ॥

तटस्थ—आपने पूर्वाचार्योंके ग्रन्थोंके बहुतही अच्छे प्रमाण दिये है उन प्रमाणोंको सुनकर मैं रोमाञ्चित हुवा हूं। परन्तु आजसे लगभग पंद्रहसौ वर्ष पेश्तर चोदहसौ चुम्मालींस ग्रन्थोंके कर्त्ता परमप्रभावक याकिनीमहत्तरासूनु श्रीमद् **हरिभद्रसूरि महाराज** नाम के आचार्य हुए हैं जिनको श्वेताम्बरशास्त्रानुयायी सबगच्छवाले (तपोगच्छ, खरतरगच्छ, बड़गच्छ, पार्श्वचंद्रगच्छ, कवलागच्छ आदि सव गच्छवाले) अत्यन्त आदरपूर्वक मानते हैं इस देवद्रव्यकी सिद्धिके विषयमें आप इनके जितने प्रमाण सुनाएंगे उतनाही जैनसमाजको विशेष निश्चय होगा, तथा नवाङ्गी-टीकाकार **श्रीअभयदेवसूरि** महाराजके वचनभी प्रायः सभी गच्छ-वालोंको मान्यहैं अतः उक्त महात्माओंके वचन सुनानेकी कृपा करें ! जिससे सवकी श्रद्धा सुद्ध हो।

समालोचक—पूर्वोक्तविशेषणविशिष्ट-श्रीमद् हरिभद्रसूरि महाराज अपने वनाए हुए पूजाप्रकरण नामके चौथे पञ्चाशकमें फरमाते हैं कि—

> " सिद्धत्थयदहिअक्खय, गोरोयणमायरेहिं जहलाहं।
> कंचणमोत्तियरयणाइदामएहिं च विविहेहिं ॥ १५ ॥ "

व्याख्या—सिद्धार्थकाः सर्षपाः । दधि च प्रतीतं । अक्षताश्च तण्डुलाः । दध्यक्षतम् । गोरोचना गोपित्तजा । एतेषां द्वन्द्वोऽतस्तदादिभिरेतत्प्रभृतिभिः । आदिशब्दाच्छेशमङ्गल्यवस्तुपरिग्रहः । यथालाभं यथासंपत्ति । काञ्चनमौक्तिकरत्नादिदामकैश्च कनकमुक्ताफलमाणिक्यमालाभिश्च विविधै र्बहुप्रकारैः ।

भावार्थ—सिद्धार्थ-दहि-गोरोचन आदि करके तथा सोना, मोती, रत्न आदि मालाओं करके विविधप्रकारसे पूजा करनी ॥ १५ ॥ अब पाठक जनोंको विचार करना चाहिये कि **हरिभद्रसूरि** और **अभयदेवसूरि** महाराजके किये हुए मूल तथा टीकाके वचनानुसार प्रभुको सोना-मोती-हीरे आदि जो चढ़ाये जावें वे देवद्रव्य नहीं तो और क्या ? बस साबित हुवा कि **हरिभद्रसूरि** महाराज और **अभयदेवसूरि** महाराज देवद्रव्य की बातको स्वीकार करते थे । फिर आगे चलकर प्रतिष्ठाप्रकरणनामके आठवें पञ्चाशक में हरिभद्रसूरि महाराज फरमाते हैं कि—

“ उक्कोसिया य पूजा, पहाणदव्वेहिं एत्थ कायव्वा ।
ओसहिफलवत्थसुवण्णमुत्तरयणाइएहिं च ॥ २९ ॥”

श्रीअभयसूरिकृता व्याख्या—उत्कर्षिका उत्कर्षवती । चशब्दः पुनरर्थः । पूजा पूजनमर्हद्बिम्बस्य प्रधानद्रव्यैः प्रवरपूजाङ्गैश्चन्दनागरुकर्पूरपुष्पादिभिः । अत्राऽधिवासनाऽवसरे । कर्त्तव्या विधेया ।

औषधिफलवस्त्रसुवर्णमुक्तारत्नादिकैश्च प्रतीतैरेव । नवरमौषध्यो व्रीह्यादयः । फलानि नालिकेरदाडिमादीनि इतिगाथार्थः ॥ २९ ॥

भावार्थ—औषधी–फल–वस्त्र सुवर्ण–मोती और रत्नादि प्रधान-द्रव्यसे भगवान्की उत्कृष्टपूजा करनी ॥ २९ ॥ इसी प्रकारसे श्रीमन्नेमिचन्द्रसूरि महाराज–सं. ११४१ में अपने बनाए हुए महावीरचरियनामकग्रन्थमें इसी विषयको पुष्ट करनेवाली सिद्धान्तकी गाथा लिखते हैं—

" न्हाणविलेवणवरवासकुसुमधूवक्खएहिं वत्थेहिं ।
रयणकणगाइएहिं, करेइ पूयं जिणिंदाणं ४४५ "

भावार्थ—स्नान–विलेपन–प्रधानवास–पुष्प–धूप–अक्षत–वस्त्रों करके और रत्न सोना आदि करके जिनेंद्रभगवान्की पूजा करें ॥ ४४५ ॥

इससे साबित हुआ कि ' देवद्रव्य ' यह एक प्राचीन शास्त्रोक्त कथन है.

तटस्थ—आहा ! आपने बहुत अच्छे अच्छे प्रमाण देकर देवद्रव्यकी सिद्धि करनेमें किसी बातकी भी कसर नहीं रक्खी है तथाऽपि ' अधिकस्याऽधिकं फलम् ' इस नियमको स्वीकार करके फिर प्रश्न करताहूं कि श्रीहरिभद्रसूरि महाराजने पञ्चाशकके सिवाय और-भी किसी पुस्तकमें इस विषयका वर्णन किया है क्या ? जो हो तो फरमाइये.

समालोचक—हां बेशक पञ्चाशकके सिवायभी अनेकग्रन्थोंमें उल्लेख आताहै.

देखिये ! संबोधप्रकरणके अन्दर—

"पवरगुणहरिसजणयं, पहाणपुरिसेहिं जं तयाइण्णं ।
एगाणेगेहिं कयं, धीरा तं विंति जिणदव्वं ॥ ९५ ॥
जिणपवयणवुड्ढिकरं, पभावगं नाणदंसणगुणाणं ।
जिणधणमुविक्खमाणो, दुल्लहवोहिं कुणइ जीवो ॥९९॥
जिणपवयणवुड्ढिकरं, पभावगं नाणदंसणगुणाणं ।
दोहंतो जिणदव्वं, दोहिच्चं दुग्गयं लहइ ॥ १०१ ॥"

भावार्थ—उत्तम गुण और हर्षका जनक (पैदा करनेवाला) और प्रधानपुरुषोंका आचरण किया हुआ एक अथवा अनेक पुरुषों करके मंदिरमें एकत्रित किये हुए द्रव्यको धीरपुरुष देव-द्रव्य कहतेहै ॥ ९५ ॥ जिनप्रवचनकी वृद्धि करने वाले और ज्ञान दर्शन गुणोंके प्रभावक ऐसे देवद्रव्यकी उपेक्षा करता हुवा जीव दुर्लभवोधिपनेको प्राप्त होताहै । ९९ ।

जिनप्रवचनकी वृद्धि करने वाले और ज्ञानदर्शनगुणोंके प्रकाशक ऐसे जिनद्रव्यसे व्याजवट्टेद्वारा लाभ स्वयं खानेवाला जीव दौर्भाग्य और दरिद्रावस्थाको प्राप्त करता है ॥ १०१ ॥

तटस्थ—बस बस, अब बन्द कर दीजिए-श्रीहरिभद्रसूरि-

महाराजके रचे हुए ग्रन्थोंके प्रमाणसे तो हमको पूरा निश्चय हो-गयाहै कि-देवद्रव्य आगमसिद्धहै-और ऐसे ऐसे अनेकग्रन्थोंमें अन्य भी होंगे परन्तु अवतो श्रीमहावीरप्रभुके कथित और उनके शिष्य आचार्योंके निर्मित पुस्तकका कोइभी प्रमाण दीजिए जिससे तमाम जैनसमाजको मालूमहो कि बेचरदास बड़ा झूठा आदमी है, और उसके भाषणको छपाकर घरघरमें बांटनेवाले देवद्रव्यसे अपने पापी पेटको भरनेकी इच्छा रखते हैं । अथवा तो नरकगति-में जानेके लिये कोई साथी बनाना चाहते हैं परन्तु जिसका कलेजा ठिकाने पर नहीं होगा वही उनकी बातको मान सकता है नहीं तो तुरत विचार करें कि-एक आदमीके धर्मविरुद्ध दिये हुए भाषणको यह अपने पैसेसे छपाकर प्रसिद्ध करताहै इसमें कुछ हेतु चाहिये, अन्यथा वड़े बड़े प्रभावक आचार्योंके बचनोंसे और आगमों-से विरुद्ध भाषणको कैसे छपाकर प्रसिद्ध करता । अस्तु, अब आप मेरे मनोरथको पूर्ण करें ।

समालोचक—देखिये ! परमकृपालु शासननायक भगवान् महावीरस्वामीसे श्रवण करके पवित्र आचार्य महाराज द्वारा निर्मित वसुदेवहिण्डके प्रथमखंडमें देवद्रव्यके विषयमें नीचे मुजब पाठ आता है—

' जेण चेइयदव्वं विणासियं तेण जिणबिंवपूजादंसणाणं-दितहिययाणं भवसिद्धिआणं सम्मदंसणसुअओहिमणपज्जव-

केवलनाणनिव्वाणलाभा पडिसिद्धा ॥ जा य तप्पभवा सुरमाणुसरिद्धि जा य महिमागमस्स साहुजणाओ धम्मोवएसो वि तस्सणुसज्जणाय सावि पडिसिद्धा। तओ दीहकालठितिअं दंसणमोहणिज्जं कम्मं निबन्धइ असायवेयणिज्जं च ' ॥

भावार्थ—जिसने चैत्यद्रव्य (देवद्रव्य) का नाश किया उसने जिन प्रातमाकी पूजा और दर्शनसे आनन्दित होनेवाले भव्यजीवोंके सम्यक्दर्शन श्रुत, अवधि, मनःपर्यव और केवलज्ञान तथा मोक्षके लाभोंका प्रतिषेध किया है इतनाही नहीं वल्कि उस देवद्रव्यसे होनेवाली देवमनुष्यकी ऋद्धि—आगमोंकी महिमा साधुओंसे होते हुए धर्मोपदेशका लाभ और उसका प्रवर्तन इन सब गुणोंका भी निषेध किया समझना चाहिये। इस लिये चैत्यद्रव्य (देवद्रव्य) का नाश करनेवाले—दीर्घकालकी स्थितिवाले दर्शनमोहनीय और अशातावेदनीयकर्मको बांधते हैं।

पाठकजनो ! मेरेको वड़ा अफसोस होता है कि—मिथ्यात्वमदिराके पानसे पूर्वोक्त ऐसे ऐसे शास्त्रकर्त्ताओंके अभिप्रायको वगैरही समझे वेचरदासने जैसे कोई पागलमनुष्य ज्यों मनमें आए त्यों वकवाद कर वैठता है वैसाही किया है पागलके वकवादसे पागलको विशेषहानि नहीं है परन्तु अनेक शास्त्रोंके अवलोकन करे वगैर वेचरदासने जो वकवाद किया है उससे उसको

इतनी हानि होगी कि अनन्त भवों तक नरक निगोदमें रुलनापड़ेगा। इस लिये अब भी मैं **बेचरदास**को हितबोध करता हूं कि किसी गीतार्थगुरुसे इस बातका प्रायश्चित्त लेकर अपनी आत्माका कल्याण करो। और भवभ्रमणके भयसे डरो। तथा अपनी मनः कल्पना को दूर करो ।

तटस्थ—आ हा हा ! आपने तो मामला आखिर तक पहुंचादिया। यानि लगभग **श्रीमहावीरप्रभु**के समयमें बने हुए ग्रन्थोंका भी हवाला देकर हमारी तसल्ली करदीकि—' महावीर-प्रभुके समयमें भी देवद्रव्यसूचक ग्रन्थ मौजूद थे ' मैं आपका बड़ा भारी उपकृत्यहूं। अब आप कृपाकरके देवद्रव्यको पञ्चाङ्गीसे साबित करदेंकि जिससे फिर किसी तरहकी शंका न रहे। क्योंकि—जब पैंतालीस आगमोंमेंसे किसी भी आगमका प्रमाण देकर देवद्रव्यको साबित करदेंगे तो **बेचरदास**का तो क्या परन्तु उसके पेगंबरकाभी बचन जैनसमाजको मान्य नहीं होसकेगा।

समालोचक—लो ! अब आगमोंके पाठसे दैवद्रव्य सिद्धकर दिखाते हैं।

देखिये ! पैंतालीस आगममें **भत्तपइन्ना** नामका सूत्र है उसके मूलमें वर्णन है कि—

" नियदव्वमउव्वजिणिंदभवणजिणबिंबवरपइट्ठासु ।
विअरइ पसत्थपुत्थयसुतित्थतित्थयरपूआसु ॥३१॥ "

अर्थ—प्रधान जिनमंदिरके बनानेमें (१) जिनेश्वरप्रभुके बिम्बकी प्रतिष्ठामें (२) श्रेष्ठपुस्तकोंको लिखानेमें (३) और सुतीर्थ यानी (४) साधु (५) साध्वी (६) श्रावक (७) श्राविका इन सात क्षेत्र और प्रभुकी पूजामें धर्मिष्ठगृहस्थ अपने द्रव्यको वितरण करताहै (लगाताहै) ॥ ३१ ॥ भत्तपइन्नाके इस मूल पाठसे भी देवद्रव्य सिद्ध हुआ। क्योंकि कोई मनुष्य भगवान्‌की भक्तिके निमित्त घर–गाम–शहर देश आदिको समर्पण करे (इस इरादेसे कि 'मेरेको इस भक्तिका लाभ हो' तो वह देवद्रव्यही कहा जाएगा। क्योंकि उसने देवकी भक्तिके निमित्त वह द्रव्य चढ़ाया है।

देखिये! इसी तरह श्रीरायपसेणी सूत्रमें भी सूर्याभदेवताके अधिकारमें पाठ आता है—

'तएणं से सूरियाभे देवे चउहिं सामाणियसाहस्सीहिं जाव अन्नेहिय बहूहिं सूरियाभविमाणवासिहिं देवेहिं देवीहिय सद्धिं संपरिवुडे सव्वड्ढिए जाव वाइयरवेणं जेणेव सिद्धायथणे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता सिद्धायथणस्स पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसति अणुपविसित्ता जेणेव देवच्छंदए जेणेव जिणपडिमाओ तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता जिणपडिमाणं आलोए पणामं करेति करित्ता लोमहत्थगं गिण्हइ, जिणपडिमाणं लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता जिणपडिमाओ सुरभिणा

गंधोदएणं न्हाणेति न्हाणेत्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं गायाणं अणुलिंपइ जिणपडिमाणं अहयाइं देवदूसजुयलाइं नियंसेइ पुप्फारुहणं मल्लारुहणं, गन्धारुहणं वण्णारुहणं चुण्णारुहणं वत्थारुहणं आभरणारुहणं करेइ करित्ता आसत्ता सत्ता विउ-लवट्टवग्घारियमल्लदामकलावं करेइ करग्गहगहित्तकरयल-प्पभट्ठविप्पमुक्केणं दसद्धवन्नेणं कुसुमेणं मुक्कपुप्फपुंजोवयार-कलियं करेइ करित्ता जिणपडिमाणं पुरतो अच्छेहिं सेएहिं र-ययामएहिं अच्छरसतंडुलेहिं अट्ठट्ठ मंगले आलिहइ तंजहा सोत्थिय जाव दप्पणा ८ तयाणंतरं च णं चंदप्पहरयणविमल-दंडं कंचणमाणिरयणभत्तिचित्तं कालागरुपवरकुंदुरुक्कतुरुक्क-डज्झंतधूवमघमघंतगंधूत्तमाण चिट्ठंति धूववुट्ठि विणिमुयंतं वेरोलिय मयं कडुच्छयं परिग्गहिय पयत्तेणं धूवं दाउणंजिण वराणं' इत्यादि पाठ है ।

भावार्थ—उसवक्त वह सूर्याभदेवता चारहजार सामानिक-देवता तथा दूसरे अनेक सूर्याभविमानवासि देव देविओंकरके परिवृत हुआहुआ सब ऋद्धिके साथ यावत् वादित्रके शब्द करके जहां पर सिद्धायतन है वहां पर आया, और पूर्वके दरवाजेसे प्रवेश किया ॥ और जहां देवछंदा तथा प्रभुप्रतिमाथी वहां पर आया, भगवान्‌के दर्शन होनेके साथही दोनो हाथ जोड़कर प्रणामकिया, और मयूर-पिच्छीसे प्रभुप्रतिमाका प्रमार्जन किया, इसके बाद सुगंधी जलसे

प्रभुको स्नान कराया, वादमें गोशीर्षचन्दनसे गात्र विलेपन किया, प्रभुप्रतिमापर दिव्यवस्त्र स्थापन किए, पुष्प चढ़ाये. मालाएं चढ़ाई, सुगंधारोहण चूर्णारोहण और वस्त्रारोहण किया (वस्त्र चढ़ाए) आभरणारोहण किया (गहने चढ़ाये) इत्यादि बहुत विस्तारसे सूर्याभदेवताने पूजा की। और पूजाके वाद चांदीके अक्षतसे अष्ट-मंगल आलेखे हैं। अव पाठकवर्ग विचार करेंकि प्रभुको चढ़ाये हुए गहने और चांदीके अक्षतसे किये हुए अष्टमंगल, यह देवद्रव्य हुआकि नहीं? अवश्य मानना पड़ेगाकि हां, वेशक यह देवद्रव्य कहा जायगा। इसी तरह श्रीव्यवहारभाष्यमें लिखा है कि—

" चेइयदव्वं विभयाकरेज्ज केई नरा सयट्ठाए।
समणं वा सोवहियं, वक्केज्जा संजयट्ठाए ? "

व्याख्या—चैत्यद्रव्यं चौराः समुदायेनाऽपहृत्य तन्मध्ये कश्चिन्नर आत्मीयेन भागेन स्वयमात्मनोऽर्थाय मोदकादि कुर्यात्। कृत्वा च संयतानां दद्यात्। यो वा संयतार्थाय श्रमणं सोपधिकं विक्रीणीयात्, विक्रीत्य च तत् प्रासुकं संयतादिभ्यो दद्यात्।

" एयारिसम्मि दव्वे, समणाणं किं नु कप्पई घेत्तुं।
चेइयदव्वेण कयं, मुल्लेण वि जेसु विहियाणं॥
तेण पडिच्छा लोए, विगरहियाविंत्तरे किमंग पुण।
चेइयजइपडिणीए, जो गिण्हइ सो वि हु तहेव॥"

व्याख्या—एतादृशेन द्रव्येण गाथायां सप्तमी तृतीयार्थे यत् आत्मार्थं तत् श्रमणानां किन्तु गृहीतुं कल्पने ?

सूरिराह—यच्चैत्यद्रव्येण यच्च वा सुविहितानां मूल्येनाऽऽत्माऽर्थं कृतं तद्दीयमानं न कल्पते। किं कारणमिति चेदुच्यते—स्तेनानीतस्य प्रतीच्छा प्रतिग्रहणं लोकेऽपि गर्हिता किमङ्ग पुनरुत्तरे तत्र सुतरां गर्हिता यतश्चैत्ययतिप्रत्यनीके चैत्ययतिप्रत्यनीकस्य हस्ताद्यो गृह्णीयात् सोऽपि हु निश्चितं तथैव चैत्यप्रत्यनीका एव ॥ इत्यादि ॥

भावार्थ—शिष्य प्रश्न करता है कि—चौरोंका समुदाय चैत्यद्रव्यको हरणकरके लेगया उनमेंसे कोई मनुष्य अपना भागलेकर उससे लड्डु वगैरा वनाकर साधुओंको देवे और किसी चौरने उपधिसहित साधुको वेचकरके उत्पन्न किए धनमेंसे रसोई बनाईहै उसमेंसे प्रासुक आहार साधुको दे तो क्या वह आहार साधुको कल्पे ?

आचार्य महाराज जवाव देते हैं कि—वह आहार साधुको न कल्पे क्योंकि—यतियोंके शत्रु और चैत्यके शत्रुके पाससे आहार लेनेवाला भी यति और चैत्यका प्रत्यनीक (वैरी) ही कहा जाताहै और ऐसे आहारके ग्रहणकरनेसे लोकोंमें भी निंद्य (निन्दाका पात्र) वनताहै देखिये ! ऐसे ऐसे अनेक सूत्रके पाठ होने परभी धिठाई करके वेचरदासने कह दिया कि—'देवद्रव्य जैन आगममें नहीं है' यह कितनी वडी भारी भूल की है आगमशास्त्रके ज्ञान वगैर वेचरदासने सभामें खडे होकर यह कथन करते वक्त शायद ऐसा

4

मानलिया होगाकि—दुनिया सारी मूर्खहै मैं ही अक्लमंद हूं। परन्तु उसका यह मानना उसकीही मूर्खताको सिद्ध करता है। बेचरदास-के देवद्रव्यसे विरुद्ध दिये हुए भाषणने व्यवहारभाष्यके इस पाठको सार्थक किया है। यानि चैत्यप्रत्यनीक, यतिप्रत्यनीक और लोकनिन्द्य यह तीनो टाइटल आगमसिद्ध देवद्रव्यके निषेध करनेसे बेचरदासने प्राप्त किये हैं, देखिये मात्र देवद्रव्यके निषेध करनेसे बेचरदासको आस्तिक लोकोंकी तरफसे तीन टाइटल मिले अगर कोई जैनमुनि या कोई जैनश्रावक उस देवद्रव्यको खाजाय तो उसकी क्या दशा हो वह इसी द्रष्टांतसे पाठकजन स्वयं विचार करलें।

तटस्थ—आप के दिये हुए **भत्तपइन्ना** प्रकरणके मूल पाठके प्रमाणसे तथा व्यवहारवृत्ति और पूर्वधर **जिनभद्रगणिक्षमाश्रमण** कृत **व्यवहारभाष्यके** प्रमाणसे तथा **रायपसेणीसूत्रके** मूलपाठके प्रमाणसे मुझे यह पूर्ण निश्चय होगयाहै कि देवद्रव्य सिद्धान्तसम्मत द्रव्य है। और गप्पी **बेचरदासका** यह कहनाकि ‘ मूल आगमोंमें देवद्रव्य नहीं है ’. केवल कपोलकल्पित है। इस लिये आपके दिये हुवे इतने पाठोंसे मेरी तो तसल्ली (दृढता) हो गई है परन्तु कितनेक ऐसे हठी होते है कि एक तरफसे समाधान मिलने पर दूसरी तरफ दौड़ जाते है। जब पैंतालीस आगमोंमेंसे उपाङ्ग-पयन्नाआदिका प्रमाण दिया जाता है तब कहदेते है कि ‘ हम ग्यारह अङ्गको मानते हैं ’ जब अङ्गका प्रमाण देते हैं तब उपाङ्गमें

घुम जाते हैं. मतलब उसके निषेध की हुई बातकी विधि जिस आगम शास्त्रमें आतीहो उसी शास्त्रसे किनाराकसी करते हैं और *यत्र वैयाकरणास्तत्र नैयायिकाः यत्र नैयायिकास्तत्र वैयाकरणा, यत्र नोभयें तत्र चोभये यत्र चोभये तत्र नोभये' इस कहावतको चरितार्थ करते हैं। जैसे थोड़े ही दिन पेश्तर भावनगर जैनधर्मप्रसारक सभामें बेचरदासने अपने किये हुए गुनाहको नहीं स्वीकार करनेके लिये कहा था कि 'मै ग्यारह अङ्गको मानता हूं'। इस लिये आप कृपा करके ग्यारह अङ्गके अंदरसे किसी एकाद अङ्गसे भी देवद्रव्यको सावित कर देवें कि जिससे नास्तिकोंका मुंह बंद होजाए।

समालोचक—देखिये ग्यारह अङ्गमेंसे श्रीज्ञातासूत्रनामके छट्ठे अङ्गके सोलहवें अध्ययनमें श्रीमती सती द्रौपदीजीके अधिकारमें लिखाहै कि—

"तएणं सा दोवई रायवरकन्ना जेणेव मज्जणघरे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता मज्जणघरमणुप्पविसइ अणुप्पवि-

* इसका यह मतलव हैकि धूर्त्तजन जहा वैयाकरण यानि व्याकरणके जाननेवाले हो वहाँ पर हम नैयायिक है ऐसा कह देते हैं। और जहां नैयायिक होवे वहाँ पर हम व्याकरणके वेत्ता हैं ऐसा जाहेर करते है। और जहाँ दोनो विषयके अनभिज्ञ होवे वहां पर हम दोनों विषयके विज्ञ हैं ऐसा बतलाते हैं, और जहां पर दोनों विषयके वेत्ता विद्यमान हो वहां पर उन्हें हारकर कहना पडता हैकि वावा हम कुछभी नहीं जानते।

सित्ता न्हाया कयवलिकम्मा कयकोउयमंगलपायच्छित्ता सुद्ध-पावेसाइं वत्थाइं परिहियाइं मज्जणघराउ पडिणिक्खमइ पडिणि-क्खमित्तां जेणेव जिणघरे तेणेव उवागच्छति उवागच्छित्ता जिणघरमणुपविसइ अणुपविसित्ता जिणपडिमाणं आलोए पणामं करेइ करित्ता लोमहत्थगं पमज्जइ एवं जहा सूरियाभो जिणपडिमाओ अच्चेइ तहेव भाणियव्वं जाव धूवं डहइ' ॥ इत्यादि ॥

सारांश—उसवक्त वह राजवरकन्या द्रौपदी जहां मज्जनघर (स्नानघर) है वहां आई और स्नानघरमें प्रवेशकिया. स्नान किया. स्नानकरके धरमंदिरकी पूजाकी (द्रौपदीके इस अधि-कारसे ' ग्रामके बाहर ही मन्दिर थे ' वेचरदासका यह कहना सर्वथा मिथ्या सिद्ध होता है) बादमें अपमंगल और दुःस्वप्नकी घातक कितनीक क्रियायें करके जिनघरमें आई । और वहां आकर मयूरपिच्छीसे मूर्तिकी पडिलेहणाकरके सूर्याभदेवताकी तरह पूजा की. यहां ' सूर्याभदेवताकी तरह ' इसका यह मतलब है कि—सूर्याभदेवने जैसे प्रभुको वस्त्र आभूषण वगैरे चढाये इसी तरह द्रौपदीनेभी चढाये अर्थात् सब क्रियाका अनुकरण किया । इस पाठकी टीकामें नवाङ्गी टीकाकार श्री अभयदेवसूरि महाराज लिखते हैं कि—' गंधानां चूर्णानां वस्त्राणामाभरणानां चारोपणं करोति स्म ' अर्थात् द्रौपदीने गंधचूर्ण वस्त्र और आभूषणोंका आरोपण किया.

देखिये ! छट्ठे अङ्गके इस मूलपाठसें भी देवद्रव्य सिद्ध हुआ। क्योंकि जो गहने आदि चढ़ाये गये उसे देवद्रव्यही कह सकते हैं.

तटस्थ—आपने छट्ठे अङ्गके मूलपाठसे देवद्रव्यको सिद्ध कर मेरे पर बड़ी भारी कृपा की है. मैं नहीं जानता कि—बेचर-दासको क्या होगया है जोकि ऐसे ऐसे स्पष्ट पाठोंके होने पर भी जिसने देवद्रव्यके विषयमें अगड़ बगड़ उत्पटाङ्ग भाषण देदिया

हां मालूम हुआ कि—इसके नसिबमें अनन्तकालतक संसा-रमें भटकर कर मरनेका ही होगा अन्यथा सूत्रविरुद्ध प्ररूपणा कदापि नहीं करता अस्तु, कृपाकरके पैंतालिस आगमोंमेंसे और भी प्रमाण सुनावें जिससे नास्तिकोंके संसर्गसे बिगड़ी हुई लोकों-की श्रद्धा शुद्ध हो और आगे कभी ऐसे नास्तिकोंके जालमें न फसें।

समालोचक—अच्छा देखिए ! बावीस हजारे आवश्यकके सामायिकाध्ययनमें (पत्र ३६८ वें में) इसी विषयकी सिद्धि करनेवाला पाठ मिलता है—

तथाहि—' सो य सेणियस्स सोवण्णियाण जवाणमट्ठ-सतं करेइ, चेइयच्चणियाए परिवाडिए सेणिओ कारेइ तिसंझं '

भावार्थ—वह सोनार श्रेणिक महाराजके लिये सोनेके १०८ जव करता है, जिनेश्वर प्रभुकी पूजाके लिये श्रेणिक महाराज प्रातःकाल दुपहर और सन्ध्याको क्रमसे कराते हैं।

मतलब यह है कि चैत्य (प्रभुमूर्ति) कीं अग्रपूजाके लिये श्रेणिक महाराज हमेशां तीनों संध्यामें १०८ स्वर्णजवके साथिये करते थे. अब विचार करो कि हमेशा इतने सुवर्णका लाभ जिस मंदिरमें होताथा क्या उस मंदिरमें देवद्रव्य जमा नहीं हो कोई बुद्धिमान मान सकता है ? देखिये ! इसी विषयका पाठ पूर्वधर कृतआवश्यकचूर्णिके प्रथम सामायिकाध्ययनमें भी आता है ।

तथा च तत्पाठः—"सो य सेणियस्स अट्ठसतं सोवण्णियाण जवाण करेइ अच्चणिता निमित्तं तं परिवाड़िए सेणिओ कारेइ तिसंझं" इस पाठका अर्थ ऊपर मुजब है ॥ इसी तरह श्री जीवाभिगमसूत्रमें विजयपोलियाके अधिकारमें (छापा पृ० ६०९, में) लिखा है कि—

'से विजए देवे चउहिं सामाणियसाहस्सीहिं जाव अन्नेहिय बहुहिं वाणमंतरेहिं देवेहि देवीहि य सद्धिं संपरिवुडे सव्वड्ढीए सव्वजुइए निग्घोसणाइयरवेणं जेणेव सिद्धाययणे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता सिद्धाययणमणुप्पयाहिणी करेमाणे पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं अणुप्पविसइ अणुपप्पविसित्ता जेणेव देवच्छन्दए तेणेव उवागच्छति उवागच्छित्ता आलोए जिणपड़िमाणं पणामं करेइ, पणामं करित्ता लोमहत्थगं गिण्हइ, गिण्हित्ता जिणपड़िमाओ लोमहत्थएणं पमज्जति, लोमहत्थएणं पमज्जित्ता सुरभिणा गंधोदएणं न्हाणेइ, सुरभिणा गंधोदएणं

न्हाणित्ता दिव्वाए सुरभिए गंधकासाइए गात्ताइं लुहेति गात्ताइं अणुलिंपइ अणुलिंपित्ता जिणपडिमाणं अहयाइं सेताइं दिव्वाइं देवदूसजुअलाइं नियंसेइ, नियंसित्ता अग्गेहिं वरेहिं मल्लेहि य अच्चेइ, अच्चित्ता पुप्फारुहणं गंधारुहणं आभरणारुहणं करेइ ;"

सारांश—वह विजय देवता चार हजार सामानिक देवता तथा अनेक वाणमन्तर देवदेवियोंकी साथ परिवृत हुआ हुआ सब ऋद्ध्यादिकी साथ जहां सिद्धायतन था वहां आया और उस सिद्धायतनको प्रदक्षिणा देकर पूर्व दिशाके दरवाजेसे प्रवेश करके जहां देवछंदा थां वहां आया फिर जिनप्रतिमाके दर्शन होतेके साथ प्रणाम किया. और मयुरपिच्छी लेकर प्रतिमाका प्रमार्जन किया, इसके बाद सुगन्धितजलसे स्नान कराया. फिर दिव्य सुगन्धित वस्त्रसे अङ्गलुंछन किया. बादमें गोशीर्षचन्दनादि करके प्रभुको विलेपन किया. तदनन्तर देवदूष्ययुगल चढ़ाया. और श्रेष्ठ मालाओंसे अर्चन किया. बादमें पुष्पारोहण गंधारोहण और आभूषणारोहण किया. यानि पुष्पवासक्षेप–गहना वगैरे चढ़ाये। देखिये ! ऐसे ऐसे पाठोंके होने पर कौन कह सकता है कि–'देवद्रव्य आगमविहित नहीं है'—तथा निशीथचूर्णिमें भी सोलहवें उद्देसेमें प्राचीन देवद्रव्यको सिद्ध करने वाला पाठ नीचे मुजब है. तद्यथा—

" चेइयाणं वा तद्दव्वविणासे वा संजईकारणे वा अन्नंमि वा कंमिय कज्जे रायाहीणे सो य राया तं कज्जं न करेइ सयं वुग्गाहिओ वा तस्साउंटणानिमित्तं दगतीरे आयाविज्जा तं च दगतीरं तस्स रण्णो ओलोयणे ठियं "

भावार्थ— चैत्यका या चैत्यद्रव्य–देवद्रव्यका विनास होता तथा साध्वीपर बलात्कार होता हो अथवा और कोई राज्याधीन कार्य हो उस कार्यको राजा व्युद्ग्राहित (किसीका भरमाया हुआ) या स्वयं न करता होवे तो उसको वश करनेके लिये जलाश्रयकी पास जाकर साधु आतापना करे और वह जलाश्रय राजाकी नजरमें हो। इत्यादि पाठ अन्य आगमोंमें भी हैं. अगर उन सब पाठोंका यहां पर उल्लेख करें तो एक बड़ी भारी पुस्तक बनजाय. परन्तु अवकाशके अभावसे और अकलमंदको इशारा ही काफी है इस ख्यालसे नहीं लिखे जाते।

तटस्थ—महाराज! अब देवद्रव्यको सिद्ध करनेके लिये पाठोंकी जरूरत नहीं है क्यों कि आपने पाठोंके सुनानेमें कुछ कसर नहीं रक्खी है. अब आगेका खण्डन कीजिये।

वेचरदास–" आ कारणथी मने जिज्ञासा उत्पन्न थई अने मूल जैन आगमोमां आ देवद्रव्य शब्द छे के केम ते तपासवानो मैं निश्चय कर्यो जैनशास्त्रो (मूल) नी वारीक तपास पछी मने जणायुं के आ देवद्रव्यशब्दनो प्रयोग मूलमां कोईज ठेकाणे नथी '–

समालोचक—वेचरदासके उपरके कथनका खण्डन प्रथमके कथनके खण्डनमें अनेक आगमोंके पञ्चाङ्गी प्रमाणसे किया गया है यानी मूलपाठसे भी देवद्रव्यको सिद्ध किया हैं उससे तथा वीतराग-प्रभुके साथ द्रव्यके संवन्धका जो समाधान किया है उससे अच्छी तरहसे हों चुका है.

तटस्थ—हां जी ! हां साधारण खण्डन नहीं किया किन्तु खण्डशः खण्डन हो चुका है। और आपने अच्छी तरह सावित कर दिया है कि वेचरदासने शास्त्रोंका अध्ययन ही नहीं किया। अगर किया होता तो आपने इतने प्रमाण दिये उनमेंसे एक भी इसके देखने में नहीं आया क्या ऐसा वन सकता है ? इससे हम अच्छी तरहसे जान गये हैं कि वेचरदासने आगम वागम कुछ भी नहीं देखे मात्र आगमके नामसे लोगोंको भ्रमणामें डालता है. मैं द्वेष भावसे ऐसा नहीं कहता किन्तु " वीतराग प्रभुका द्रव्य नहीं हो सकता इस लिये मेरेको आगम पढ़नेकीं जिज्ञासा हुई इत्यादि " कथनसे ही उसका मृषावादीपणा और देवद्रव्यकी साथ द्वेषपरायणताका मुझे भान हुवा है इससे कहता हूं, क्यों कि अगर वह भला मनुष्य होता तों शास्त्रवचनसे विरुद्ध होकर सूत्रका अध्ययनही नहीं करता अगर भूलसे कभी कर लिया होता तो सूत्रोंके पठनका हेतु यह वताता कि-सूत्रमें कैसी कैसी वैराग्यकी वातें आती है, भगवान्का कैसा अगाध ज्ञान है। ' सवी जीव करूं शासन रसी,

इसी भाव दया मन उल्लसी ' ऐसे भावदयाके सिन्धु परमकृपालु भगवान महावीर प्रभुके सूत्रोंमें कैसे उद्गार हैं ? इन बातोंको जानने-के लिये सूत्र पढ़नेकी जिज्ञासा हुई परन्तु बेचरदासके कथनसे तो यह साफही सिद्ध होता है कि उसका वांचनेका हेतु मात्र ' देवद्रव्य आगममें है या नहीं ' इतना ही था । क्या बेचरदासके दिये हुए हेतुसे और उसकी की हुई कुतर्कोंसे ही उसकी देवद्रव्य-के साथ द्वेषपरायणता सिद्ध नहीं होती ? अवश्यमेव होती है । इस लिये ' आ करणथी ' ऐसे अक्षरोंसे लेकर ' कोइज ठेकाणे नथी ' इन अक्षरों तकके कथनके खण्डनको छोड़ आगेके विषयका खण्डन कर दिखाइए ।

बेचरदास—' परन्तु आ शब्द तान्त्रिकयुगमां आपणा केटलाक साधुओए दाखिल कीधो छे '

समालोचक—बेचरदास ! तुम्हारी अक्लको क्या हो गया है क्या किसी पोस्तीकी दोस्ती तो नहीं की ? जरा विचार तो कर-नाथा कि तान्त्रिकयुगके असरसे अगर साधुलोग शास्त्रोंमें शब्द दाखिल करते तो मदिरा पान करना मांस खाना मैथुन सेवन करना इत्यादि पांच ' मकार ' के माननेसे मोक्ष होता है ऐसे अक्षर दाखिल करते और जो त्याग है वह सर्व उड़ादेते क्यों कि तान्त्रिक लोकोंका ऐसा ही मानना है । देखिये तान्त्रिकोंने एक श्लोकमें क्या लिखा है ।

" केचिद्वदन्त्यमृतमस्ति पुरे सुराणां,
केचिद्वदन्ति वनिताऽधरपल्लवेषु ।
ब्रूमो वयं सकलशास्त्रविचारदक्षा
जम्बीरनीरपरिपूरितमत्स्यखण्डे ॥ १ ॥

अर्थ—कितनेक कहते है कि देवलोकमें अमृत है, तो कितनेक कहते हैं कि स्त्रीके ओष्ठपल्लवोंमें अमृत है परन्तु सर्वशास्त्रोंके विचारमें निपुण हम (तान्त्रिक लोग) कहते है कि—निम्बुके रससे परिपूरित (भरपूर) मछलीके खण्डमें (मछलीके आचारमें) अमृत रहा है ॥ १ ॥ अव विचार करो ऐसे अधम तान्त्रिकजनोंका असर अपने (जैनके) साधुओं पर होना कैसे माना जावे । हां, यदि अपने ग्रन्थोंमें भी ऐसा विषय आता तो वेचरदासका कहना ठीक था, परन्तु अपने ग्रन्थोंमें तो ऐसे कुकर्म करनेवालोंको अधोगतिकी प्राप्ति लिखी हैं ॥ इस लिये तान्त्रिकयुगका असर जैन साधुओं पर हुआ ऐसा कहना महामृषावाद है । बस सिद्ध हुवा कि—देवद्रव्य शब्दका तान्त्रिकयुगसे कुछ भी संबन्ध नहीं है । क्या कोइभी ऐसे तान्त्रिक ग्रन्थको वेचरदास वता सकता है ? कि जिसमें देवद्रव्यके भक्षणसे घोर नरकगतिकी प्राप्ति लिखी हो, और उसके रक्षणसे स्वर्गादि संपत् प्राप्तिका जिकर होवे, " आ, शब्द तान्त्रिक युगमां आपणा केटलाक साधुओए दाखिल कीधो छे" वस इस कथनसेही वेचरदासको कितना ज्ञान है इस बांतकी कसोटी हो जाती है ।

वेचरदास—' आ शब्दो दाखल करवामां साधुओनो शुं मतलब हशे ते बाबत तपासवानी मने जिज्ञासा थई अने तपास करतां जणायुं के ज्यारे विषमकाल शरू थयो अने आगमोमां साधुओं माटे जे अति उच्च कोटीनो आचार अने त्याग वर्णव्यो हतो ते ज्यारे साधुओ माटे कालस्वभावथी पालवो अशक्य थई पडयो ज्यारे साधुओए उद्यान अने जङ्गलोमांज रही आत्मामां मस्त रहेवानुं मांडी वाल्युं अने तेओ वस्तिमां आववा लाग्या अने आहारादिनी उपाधिने योगे तेओए श्रावकोनें, देवोने आ चढाववुं, आ पहेराववु. आ लटकाववुं. वगैरे मार्गो फक्त पोताना स्वार्थना संतोष माटे उपदेश्या. अने आ उपदेशना समर्थनमां केटलाएक साधुओए आ युगमां एवा संस्कृतग्रन्थो लखी नाख्या छे के जेमां देवद्रव्यने नुकसान करवामां महापाप जणाववामां आव्युं छे ".

समालोचक—पाठकजनों ! अब जरा विचार कर देखिये ! कि वेचरदासने कितनी असत्य बातें कथन की हैं ? काल स्वभावसे साधुओंसे कठिन आचार नहीं पलसका तब शहरमें रहने लगे और आहारादिकी उपाधिके योगसे देवोंको यह चढ़ाना. यह पहिराना. इत्यादि मार्ग अपने स्वार्थके खातिर प्ररूपे हैं—बेचरदास ! तुह्मारी बुद्धि क्या पत्थर हो गई है, जो जराभी विचारको अवकाश नहीं मिलता. अगर साधु लोगोंको अपना स्वार्थही पोषण करना होता तो ' देवद्रव्य खानेमें महा पाप है ' यह वाक्य कैसे लिखते ? क्योंकि स्वयं खानेवाला खानेका निषेध कदापि नहीं करता, परन्तु

अपने जैनग्रन्थोंमें तो देवद्रव्य खानेवालेको अनन्तसंसारी लिखा है,- अगर शिथिल साधुओंने आहारादि उपाधिके लिये ग्रन्थ बनाये होते और उनमें देवद्रव्य शब्द दाखिल किया होता तो साथमें यह भी लिखा होता कि ' साधु देवको चढ़ाया हुवा माल खासकते हैं, पर श्रावक नहीं खासकने ' और देवद्रव्यके मालिक साधुही होतेहैं । परन्तु जैनग्रन्थोंमें ऐसे लेखकी तो गंधभी नहींहै और खानेवालेको अत्यन्त दोषी माना है । इस बातको तुम खुदभी अपने भाषणमें स्वीकार करते हो कि देवद्रव्यका नुकसान करनेसे महापाप होना लिखा है । बेचरदास ! तुमने आपही अपने पांव पर कुल्हाड़े मारने जैसा किया, क्योंकि आहारादिकी उपाधिके लिये देवद्रव्यकी प्रवृत्तिमें शिथिल साधुओंको हेतु मानते हो—और साथही देवद्रव्यके नुकसानसे महापाप होता है ऐसा शिथिलाचारियोंका कथन जाहिर करतेहो जिससे तुह्मारे कथनसे ही तुह्मारा खण्डन हो जाताहै । अगर आहारादिक खानेपीनेके लोभसे जो देवद्रव्यका रिवाज कायम किया होता तो उसके भक्षणका अनन्तसंसारपरिभ्रमणरूप तथा नरक-निगोदके अनन्तदुःखरूप जो फल वर्णन कियाहैं सो कदापि नहीं करते । और फल वर्णन किया है तो फिर खानेके लिये देवद्रव्य-शब्दको शास्त्रमें दाखिल किया ऐसा कैसे सिद्ध हो सकताहै । इससे मालुम होता है कि बेचरदासका कथन पूर्ण मृषावादसे भराहुवा और परस्पर विरुद्धताको धारण करता है । पाठकजनों ! जरा विचार करो कि—क्या ऐसा कभी बन सकता है जो तमाम साधु-

शिथिलाचारी बन जाये ? अगर नहीं तो फिर जिन शिथिलाचारियों-ने ऐसा रिवाज निकाला उसके विरुद्ध शुद्धाचारियोंकी तरफसे उस विषयका खण्डन किसीभी पुस्तकमें लिखा होना चाहिये जैसे कि जिनवल्लभसूरिकृतसंघपट्टकके सातवें काव्यकी टीकामें चैत्यवासिओं-का खण्डन करनेके लिये **जिनपतिसूरि** लिखते हैं कि—' तथा **शङ्काशादिश्रावकाणां चैत्यद्रव्योपभोगिनामत्यन्तदारुणविपा-कस्याऽऽगमेऽपि बहुधा श्रवणात्** '

भावार्थ—शंकाशादि श्रावकोंको देवद्रव्यके भक्षणसे भयङ्कर दुःख सहन करने पड़े। ऐसा आगमोंमें अनेक वार श्रवण करनेसे देवद्रव्यका भक्षण अनन्त दुःखप्रद है इस लिये हे चैत्यवासिओं ? चैत्यद्रव्यसे बने हुवे मंदिरोंमें रहना और देवद्रव्यकी वस्तुको उपभोग-में लेनी छोड़दो। यह तुम्हारा रिवाज ठीक नहीं है, इत्यादि; चैत्यवासिओंका खूब खण्डन किया है। अगर जो देवद्रव्य शास्त्र-सिद्ध न होता तो सङ्घपट्टकमें इस विषयका भी खण्डन करते कि ' हे शिथिलचारी चैत्यवासिओं, यह देवद्रव्य शब्द तुमने अपनी मतिकल्पनासे निकाला है—किसी भी शास्त्रमें नहीं हैं इस नूतनशास्त्र-विरुद्ध कल्पनासे तुम अनन्तसंसारी होजाओगे इत्यादि लिखा होता; परन्तु किसी भी जैनग्रन्थमें ऐसा बर्णन नहीं है। इस लिये **बेचरदास**का यह कहना कि ' देवद्रव्य शिथिलाचारियोंका चलाया हुआ मार्ग है ' महा मृषावाद है. बादमें उसने अपने भाषणमें कहा है कि उन शिथिलाचारियोंने इस विषयके संस्कृतग्रन्थ

बनाये हैं यह भी एक इसका दारुण मृषावाद है. क्योंकि अगर शिथिलाचारि अपने स्वार्थपोषण करनेके लिये ग्रन्थ बनाते तो उसमें विषयोंका हीं महात्म्य गाया जाता। जैसे तान्त्रिकशास्त्रोंमें गाया गया है, और लिखते कि—' साधुओंको घोड़े गाड़ीमें बैठना चाहिये. स्त्रियोंके साथ प्रेमसे हिलमिलकर रहना चाहिये, फल फूल मेवे मिठाई आदि जो कुछ मिले भक्ष्याभक्ष्यका विचार किये वगैर खालेने, चाहिये '—परन्तु ऐसे विषयपोषकवाक्योंकी जैनग्रन्थोंमें गन्धभी नहीं है। अब विचार करना चाहिये कि शिथिलाचारियोंको और कोई विषयपोषकपदार्थका निरूपण करना नहीं सूझा, जो एक देवद्रव्य शब्दको पकड़ लिया। और फिर उसके नुकसानमें पाप बतलाया जिससे स्वार्थ पोषक मनोरथ भी सिद्ध नही हो कसता, बतलाइए अब ऐसे कथन करनेवालेको अक्कका दुश्मन कहना या मूर्खोंका सरदार कहना चाहिये या पशु कहना चाहिये, या धर्मादेका अन्न खाकर धर्मकाही नाश करनेसे धर्म्मद्रोही कहना चाहिये? जिसने यह भी नहीं विचार किया कि अगर प्राचीन मुनियोंको शास्त्रविरुद्ध बातें अपने शिथिलाचारको चलानेके लिये निकालनीही थी तो फिर मूल आगमोंमें स्थान स्थान पर ऐसे ही विचारके पाठ डालनेमें उन्हें क्या आलस थी. जो ऐसा नहीं किया। इससे साबित होता है कि कर्मसंयोगसे कितनेक प्राचीनमुनि शिथिल हो गये थे और वे चैत्यवासी कहलाते थे तथापि श्रद्धासे भ्रष्ट नहीं होनेसे उन्होंने आगमविरुद्ध शास्त्र नहीं रचे और आगम पाठ नहीं बिगाड़े।

इस लिये देवद्रव्यविषयके पोषक जितने शास्त्र हैं वे सब आगम अनुसार हैं तथा **बेचरदास**का यह कहना कि 'साधुओं प्रथम जङ्गलमें ही रहते थे' निरी गप्प है क्योंकि साधुओंके लिये शहरमें रहनेका निषेध किसीभी आगमप्रमाणसे सिद्ध नहीं होता। शायद **बेचरदास**ने गप्प मारनेकाही ठेका ले रक्खा होगा। हां बेशक जिनकल्पी या कितनेक स्थिविरकल्पी जंगलोंमें रहते थे. परन्तु सब साधु जंगलमें नहीं रहतेथे, इस लिये **बेचरदास**का 'साधुओ जंगल-मांज़ रही' इत्यादि कहना कपोलकल्पित है। अगर नहीं तो किसी सूत्रका पाठहो तो बताएकि जिसमें साधुओंको शहरमें रहनेकी मनाई की है।

तटस्थ—अजी! आपके कहनेसे यह तो जान लिया कि सूत्र ग्रन्थमें शहरमें रहनेका निषेध नहीं होगा. परन्तु कहीं विधि है (रहने का जिकर है) क्या? जब तक आप शहरमें रहनेकी विधिको आगम प्रमाणसें साबित नही करेंगे वहांतक भोले भद्रिक लोगोंकी समजमें बात नहीं आ सकेगी इस लिये कृपाकर साधुओंको शहरमें रहनेकी विधि बतलाइए जिससे **बेचरदास**का वह भाषण कि 'साधु लोग गाममें रहने लगे तब देवद्रव्यकी रूढि शुरू हुई;' झूठा साबित हो जाय।

समालोचक—देखिए–पैंतालिस आगममें **श्रीनिशीथसूत्र** भी है उसकी चूर्णिके दूसरे उद्देसेमें लिखा है कि–" **गामाणुगामं**

दुइज्जमाणा वेयाले गामं पत्ता, जइ य वसही न लभति ताहे बाहिं वसंतु, मा अदत्तं गिह्लंतु " इत्यादि ।

भावार्थ—ग्रामानुग्राम विहार करते हुए साधु लोक सन्ध्यासमय गामको प्राप्त हुवे होवे और उस गाममें वसति (मकान) न मिले तो बहार रहें परन्तु बगैर दिये हुवे मकानमें न रहें ' देखिये इसनिशीथचूर्णिके पाठसे कैसा साफ सिद्ध होगया है कि—साधुओंको वसति न मिले तो बहार रहें. अब ' साधुओए जंगलों-मांज रही ' इत्यादि बेचरदासका कथन कितनी असत्यतासे भरा हुआ है, वो पाठकजन स्वयं विचार कर लेवें । देखिये इसी ग्रन्थके इसी उद्देसमें लिखा हुवा है कि—

' **थले देउलिया गाहा, एगो गामो तस्स य मज्झे थलं तम्मि य थले गामेण मिलितु देउलं कतं तत्थ साहु ठिता** ' इत्यादि ।

अर्थ—एक गामके मध्यमें स्थल है उस स्थलमें गामके लोगोंने मिलके एक देवल बन्धाया, उसमें साधु रहे । इस पाठसे भी गाममें रहना स्पष्ट सिद्ध होता है फिरभी इसी उद्देसमें—' **सव्वो पावरण-गाहा, एगम्मि नगरे सेट्ठिघरे एगानिवेसणे पंचसयगच्छो वासासु ठितो** ' इत्यादि । अर्थ—एक नगरमें एक सेठके घरमें पांचसौ साधु चौमासा रहे । देखिये इससे भी साधुओंका नगरमें रहना सिद्ध होता है, ऐसे निशीथसूत्रमें अनेक स्थलोंपर पाठ आते हैं और देखिये व्यवहारभाष्यके पत्र ४८६ में लिखा है कि—

' डहरगाममयम्मि, न करेंति जा न निण्णियं होति ।
पुर गामे व महंते, वाडव साहिं परिहरन्ति ' ॥

व्याख्या—डहरके-क्षुल्लकग्रामे कोऽपि मृतस्तस्मिन्मृते तावत् स्वाध्यायो न क्रियते यावत्तत् कलेवरं न निष्कासितं भवति । पुरे पत्तने महति वा ग्रामे वाटके साहौ वा यदि मृतः तदा तं पाटकं साहिं वा परिहरन्ति, किमुक्तं भवति ? वाटकात् साहितोऽन्यत्र मृते नाऽस्वाध्यायः ' इत्यादि ।

भावार्थ—छोटे गाममें कोई मरण हो तो जबतक उस शब (मुर्दे) को न निकाले तबतक साधुलोग स्वाध्याय न करें । और बड़े शहरमें या बड़े गाममें रहते हों तो जिस मोहलेमें या गलीमें वसते हों उसमें अगर मृतकका कलेवर हो तो स्वाध्याय न करें । और उससे दूर हों तो करें । बतलाइए अगर साधु जंगलमें ही रहते हों तो इस विषयके जिकरकी क्या जरूरत थी. क्या जंगलोंमेंभी कूचा, मोहला होता है ? कदापि नहीं । इससे भी बेचरदासका यह कथन कि ' जंगलोंमांज रही ' असत्य ठहरता है । और इस वाक्यके असत्य हो जानेसे सारे भाषणका सारांश उड़ जाता है । क्योंकि भाषणका मतलब देवद्रव्यको उड़ा देनेका है, और देवद्रव्यको उड़ानेके लिये ही यह दलील पेश की है कि ' साधुओंके गाममें रहनेसे यह प्रथा शुरू हुई '—अब साधु लोगोंका तो आगमप्रमाणसे हमेशा गाममें रहना सिद्ध हुवा । बस इससे देवद्रव्यभी हमेशासे

होना मिद्ध हुआ। तब बेचरदासका भाषण देवद्रव्यके उड़ानेमें ऐसा निष्फल हुआकि जैसे नपुंसक पुत्रप्रसवकी इच्छामें हतोत्साह बनता है। व्यवहारभाष्यमें लिखा है कि—

'**पुप्फावकिण्णमंडलियाव्रलियाउवस्सया भवे तिविहा**'। इत्यादि ॥

व्याख्या—क्वचिद् ग्रामे नगरे वा साधवः पृथगुपाश्रये स्थिताः ते च उपाश्रयास्त्रिविधा भवेयुः—

पुष्पावकीर्णका मण्डलिकाबद्धा आवलिकास्थिताः। इत्यादि।

भावार्थ—उपाश्रय तीन प्रकारके होते हैं, पुष्पावकीर्ण, माण्डलिक और आवलिकाबद्ध। किसी गाम या नगरमें साधु लोग किसी जुदेजुदे उपाश्रयमें ठहरे हों × × × × × इस विषयका बड़ा पाठ है। इससें भी साधुओंका शहरमें रहना साबित होता है।

तटस्थ—आ! हा! हा! आपने बहुत प्राचीन सूत्र ग्रन्थोंके पाठ दिये जिनसे साफ सिद्ध होगया कि—बेचरदासके वाक्य असत्यतासे कूट कूट कर भरे हुए हैं। इसलिये सर्वथा अनुपादेय हैं। तथा अपनेको नो पञ्चांङ्गी सर्वप्रकारसे मान्य है। क्योंकि आपने व्यवहारभाष्यकी गाथा लिखी सो पूर्वधर कृत है तथा **निशीथचूर्णिका** प्रमाण दिया सो पूर्वधरमहत्तर **जिनदासगणि** कृत हैं। अतः सकल-श्वेताम्बरोंको मान्य है। परन्तु बेचरदासजैसे दुराग्रहियोंकी तरफसे प्रायः यह प्रश्न उपस्थित होगा कि 'साधुको नगरमें रहनेका पाठ मूलमें बतलाइए।

समालोचक—लीजिए मूलपाठका प्रमाण दिया जाता है. बृहत्कल्पके पहले उद्देसेमें लिखा है कि—

" न कप्पइ निग्गंथाणं आवणगिहंसि वा रत्थामुहंसि वा संघाडगंसि वा तियंसि वा चउक्कंसि वा चच्चरंसि वा अंतरावणंसि वा वत्थए ॥ १२ ॥ कप्पइ निग्गंथाणं आवणगिहंसि वा जाव अंतरावणंसि वा वत्थए ॥ १३ ॥ नो कप्पइ निग्गंथाणं इत्थिसागारियउवस्सए वत्थए ॥ २७ ॥ कप्पइ निग्गंथाणं पुरिससागारिए उवस्सए वत्थए ॥ २८ ॥ "

भावार्थ—साध्वीओंको दुकानमें सरियान मकानमें शृंगाटकाकारमार्गवाले स्थानमें और तीन—चार या अनेक रांस्ते जहांपर मिलते होवें वहां और अंतरापणस्थानमें रहना नहीं कल्पे ॥ १२ ॥ साधुओंको पूर्वोक्त स्थानमें (साध्वीको निषेधकिये हुए स्थानमें) रहना कल्पता है ॥ १३ ॥

स्त्रीसहित उपाश्रयमें साधुओंको रहना नही कल्पता ॥ २७ ॥

और साधुओंको पुरुषसहित वस्तिमें रहना कल्पता है ॥ २८ ॥

देखिए ! इन पाठोंसे साधुओंका शहरमें रहना साफ सिद्ध हुवा। क्योंकि—जङ्गलमें ही रहना होता तो मूल आगमोंमें ऐसा जिकर न आता कि 'दुकानमें या कूंचेके अग्रभागमें बनेहुए स्थानमें या तीन रास्ते जहां मिलते हों इत्यादि स्थानोंमें साध्वीओंको रहना नहीं

कल्पतां और साधुओंको कल्पता है। इसी तरह दशाश्रुतस्कंधके अष्टमाध्ययन श्री कल्पसूत्रकी समाचारीमें भी ऐसा पाठ आता है—

'वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पई निग्गंथाणं वा निग्गंथीण वा जाव उवस्सयाओ सत्तघरंतरं संखडिं' इत्यादि।

भावार्थ—चौमासा रहे हुए मुनियोंको उपाश्रयसे लेकर सात घरों तकका आहार लेना नहीं कल्पता है—देखो इन मूल पाठोंसे भी नगरमें रहना सिद्ध हुआ। क्योंकि जङ्गलोंमें ही रहना होता तो 'पासके सात घर छोड़ने' ऐसा कैसे लिखते। वस इसी तरहके अनेक पाठ नगरमें रहनेके प्रमाणरूप हैं। परन्तु ग्रन्थगौरवके भयसे यहां पर नहीं लिखे जाते। इसके वाद 'मारे तमने फरी जणावी देवुं जोइये' यहांसे लेकर 'प्रभु वीतराग होवाथी तेओने तेनी जरूर पण होती नथी' वहांतकका खण्डन प्रथम किये हुए खण्डनसे ही हो चुका है. क्योंकि—उस लेखमें वेचरदासका अभिप्राय यह है कि देवद्रव्यशब्द आगमोंमें नहीं है और वीतरागप्रभुका द्रव्यसे कुछ संबन्ध भी नहीं है, और न भगवान् कमाने गये थे। इन सब बातोंका खण्डन विस्तारसे हो चुका है। अर्थात् मूल आगमादि पञ्चाङ्गी-प्रमाणसे देवद्रव्यको सिद्धकर दिखाया है। और वीतरागके साथ द्रव्यके संबन्धके विषयमें भी विवेचन कर चुके हैं जिससे फिर खण्डन करना पिष्टपेषण जैसा हो जाता है।

हां, उस लेखमेंसे इस बातका खण्डन अवश्य होना

चाहिये कि–'वीतराग प्रभु कमाने नहीं गये जो उनका द्रव्य कहा जावे.' बेचरदासके बेवकूफी वाले इस कथन पर खेद होता है। क्या जो द्रव्य जिसका कमाया हुआ हो वही उसका कहा जाता है ? कदापि नहीं. जैसे राजा महाराजाओंके पास लाखों रुपयोंकी भेट चढती है तो क्या वह द्रव्य राजामहाराजाओंका नहीं कहा जाता? अवश्यमेव कहा जाता है। कोईभी ऐसा नहीं कहता कि 'राजा कमाने नहीं गया इस लिये वह द्रव्य राजाका नहीं हो सकता'।

बेचरदास—' आ द्रव्य छेज जैनसङ्घनुं अने आ नाणा जैन-समाजना उपयोगी कार्यमां न वापरी शकाय एवो शास्त्र तरफनो कोई पण वांधो आगमोमां छेज नहीं. आगमोना मारा अभ्यास पर-थी हुं तमने खात्री आपी शकुं. आवा द्रव्यनो स्वीकार पण त्यां नथी।

समालोचक—बेशक रक्षणकरनेके लिये समस्त जैन सङ्घ देवद्रव्यका मालिक है न कि भक्षण करने के लिये. अर्थात् देवद्रव्यकी वृद्धि करके उससे अनेकस्थलों पर देवमंदिर बने ऐसा प्रबन्ध करें और प्रभुके आभूषण वगैरह बनावें। परन्तु केवल देवके कार्यमें ही देवद्रव्य लग सकता है. अतः बेचरदासका यह कहना कि ' देवद्रव्य समाज उपयोगी किसी भी कार्यमें लग सकता है ' यह अनन्तसंसारको बढानेवाला है। क्योंकि आगमशास्त्रोंमें इस विषयपर ऐसें २ बड़े दृष्टान्त दिये गये हैं कि–अगर उनका यहा

पर उल्लेख किया जावे तो एक बड़ी भारी पुस्तक बन जाय। और दृष्टान्त—महावीर प्रभुसे लेकर जो जो बड़े बड़े आचार्य हुए हैं उन्होंके रचे हुए हैं न कि सामान्य पुरुषके। तथा चौदहसै चुम्मालीस ग्रन्थके कर्त्ता श्री **हरिभद्रसूरि** महाराजके वचनको जैन-समाज प्रभुवचनवत् मानता है। वे **संबोधप्रकरणमें** फरमाते हैं कि—

" जिणदव्वलेसजणियं, ठाणं जिणदव्वभोयणं सव्वं ।
साहूहिं चइयव्वं, जइ तम्मि वसिज्ज पच्छित्तं ॥ १०८ ॥ "

भावार्थ—जिनद्रव्य (देवद्रव्य) के लेश मात्रसे भी उत्पन्न हुए स्थानको और सर्वप्रकारके देवद्रव्यसे बने हुए भोजनको साधु लोगोंको छोड़ देना चाहिये, क्योंकि ऐसे स्थानमें रहनेसे और देवद्रव्यसे भोजन करनेसे प्रायश्चित्त लगता है. ॥१०८॥ अब पाठकजन स्वयं विचार करें कि लोकोत्तर ज्ञानदर्शन गुणोंकी वृद्धि करने वाळे और समस्तजनोंको सुधारनेवाले साधुजन भी देवद्रव्यके लेशसे भी मिश्रित द्रव्यसे बने हुए मकानमें धर्मादिककी वृद्धिके लिये भी निवास न करें तो फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि—' देवद्रव्य किसी भी सङ्घके उपयोगी काममें लग सकता है. भला साधु जैसे उपकारवृत्ति और त्यागवृत्तिवालोंकोभी देवद्रव्यके लेशसे बने मकानमें रहनेकी मनाई करते हैं—तो फिर मिथ्याज्ञानकी केलवणी (शिक्षा) आदि कार्यमें उस देवद्रव्यको कैसे लगा सकें ? मतलब—जिस केल-

वणीका फल लाड़ी गाड़ी और वाड़ीकी मौज मजा ही हैं और नास्तिकताको बढाना है ऐसी, अधम केलवणीमें देवद्रव्यका लगानातो नरक प्रद है ही है. परन्तु धार्मिक-सामायिक प्रतिक्रमण—प्रकरणादिके ज्ञान देनेमेंभी देवद्रव्यका लगाना पापबन्धका कारण है। अन्यथा ज्ञान देनेवाले साधुओंके लिये देवद्रव्यके लेशवाले मकानमें रहनेकी मनाई कदापि नहीं करते। क्योंकि उस मकानमें उनके रहनेसे धर्मकी ही प्रवृत्ति होती है। अब बतलाइए देवस्वरूप **श्रीहरिभद्र-सूरि** महाराजके वचनको मानें या नारक रूप बेचरदासके वचन कों मानें ? यह जरा सोचनेकी बात है। जिसके कलेजेको कीड़े खा गए होंगे वोही **बेचरदास** जैसे अधर्मान्ध और असत्यवादी-के वचनको मान सकता है।

तटस्थ—वेचरदासको अधमांध और असत्यवक्ता क्यों कहते हो?

समालोचक—देखिए अधर्मांध तो यों है कि **तमस्तरण** नामके लेखमें धर्मधुरन्धर पूर्वधरोंकी भी निन्दा कर डाली और असत्य-वक्ता तो स्थान २ पर जाहिरही है तथापि यहां पर इसलिये लिखा जाता है कि उस मूर्खने हरिभद्रसूरिमहाराजको अपने भाषणमें चैत्यवासी जाहिर किया है। देखिए सूरिमहाराजका वचनकि-" देवद्रव्यके लेशसेभी बनेहुए स्थानमें साधु रहे नहीं अगर रहे तो प्रायश्चित्त आवे. " अब विचार करो कि—ऐसे वचनके कहनेवाले **हरिभद्रसूरि** महाराज चैत्यवासी कैसे बन सकते हैं? क्या चैत्यवासीके

ऐसे वचन हो सकते हैं ? कदापि नहीं । इससे भी समझ लो कि बेचरदासने प्रमाणताको जलाऽञ्जली देदी है, और अशुभकर्मोंसे अप्रमाणिकताके पुञ्जको खरीद रक्खा है । इस लिये बेचरदास चाहे अपने कथनको छाती ठोककर कहे या माथाकूट कर कहे उसका वचन कदापि मान्य नहीं हो सकता । और हम इस विषयमें प्रथमही सिद्धान्तका अभिप्राय लिख आए हैं कि देवद्रव्य केवल देवके काममें ही लग सकता है. इस लिये नरकतिर्यंचगतिके दुःखोंसे डर हो तो किसीकोभी बेचरदासके वचनको सत्य नहीं मानना चाहिये. देखिए ! श्रीहरिभद्रसूरि. महाराज देवद्रव्यको खानेवाले की कैसी दुर्दशा लिखते है—यतः—

" चेइयदव्वं साहारणं च भक्खे विमूढमणसावि ।
परिभमइ तिरियजोणीसु, अन्नाणित्तं सया लहई ॥ १०३॥ "

अर्थ—चैत्यद्रव्य और साधारणद्रव्यको जो अज्ञानभावसे भी भक्षण करता है सो तिर्यञ्चयोनीमें भ्रमण करता है और हमेशा अज्ञानताको प्राप्त करता है ॥ १०३ ॥

अव विचार कीजिए कि देवद्रव्यकी वस्तुका अज्ञानतासे भी पभोग करनेसे महान् कष्ट उठाने पड़ते हैं तो फिर जानकर ऐसे पाप करनेवाले (यानी देवद्रव्यके भक्षग करनेवाले) कैसी अधोगतिके पात्र बन सकते हैं । फिर देखिए सूरि महाराज फरमाते हैं कि—

" चेइयदव्वविणासे, रिसिघाए पवयणस्स उड्डाहे ।
संजइचउत्थ (वय) भंगे, मूलग्गी वोहिलाभस्स "

भावार्थ—चैत्यद्रव्यके विनाशसे (यानी चैत्य सिवायके दूसरे काममें लगाना यह भी इसका विनाश कहा जाता है) और प्रवचनके उड्डाहसे और साध्वीके चतुर्थ व्रतके भङ्ग करनेसे वोधिवीज (सम्यक्त्व) का नाश होता है. इसलिये ऐसे अधर्मी असत्यवक्ताके भाषणपर विश्वास रखकर भूल चूकसे भी देवद्रव्यको अन्यकार्यमें लगानेका इरादा मत करना. क्योंकि आगमोंमें भी देवद्रव्यको स्वीकार किया है ।

तटस्थ—आप फिकर मत कीजिए, वेचरदास और उसके नास्तिक अनुयायियोंका मनोरथ सफल नहीं हो सकता । क्यों कि देवद्रव्यका रक्षकवर्ग सब आस्तिक है इसलिये वेचरदासके कथन-से सिवाय उसकी दुर्दशाके और कुछ फल नहीं निकल सकता मुझे इसके वर्त्तनपर दया आती है कि-बिचारेकी तंदुलियेमच्छ जैसी दशा हुई है । क्योंकि न तो देवद्रव्य इसके हाथम आया और नाहकमें उत्सूत्रमयप्रवृत्तिसे पूर्ण अधोगतिका पाप बांध लिया, अस्तु, इसके कर्म ही ऐसे होंगे, हम क्या कर सकते हैं । कृपया आगेका वर्णन सुनाइए ।

समालोचक—' हुं तेथी ' ऐसे शब्दोंसे लेकर—' छाती ठोकीने'

कहुंछुं ' इन शब्दों तकका खण्डन उपरके खण्डनमें हो चुका है ।
इस लिये आगे के खण्डनको श्रवण कीजिए !

तटस्थ—भला, सुना दीजिए !

बेचरदास—' हवे भूतकाळमां आपणा डेराओनी केवी स्थिति हती ते बाबत अजवाळुं पाड़ीश. असलमां बधां देहराओ जंगलों अने डुंगरों पर हता. आ देहरांओं आज जेम पैसाथी उभराई गयेलां होय छे तेम ते वखने नहोतां एटळे के आ देहरांओ त्यां सुखी जोखम वगरनां हतां. देहराओंने दरवाजाओ तो हताज नहीं । '

समालोचक—वाहरे वाह ! मूर्खानन्द ! भाषणके समयके लोगोंको तो अनभिज्ञ समझ लिया परन्तु क्या सारी दुनियाको अनभिज्ञ समझ ली थी ? जो ऐसी गप्प मारदी कि ' असलमां बधां देहराओ जंगलोंमां अने डुंगरों पर हतां ' क्या यह मालूम नहीं हुवाकि मेरे भाषणका मुखतोड़ जवाब देनेवाले अनेक सूत्रपाठी महात्मा मौजूद हैं ? एक तरफसे **बेचरदास** कहता है कि ' मैंने जैन आगम देखें हैं ' और दूसरी तरफ कहता है कि–' बधां मंदिरों जंगलों अने डुंगरों परज हता ' इससे साबित होता है कि–**बेचरदासने** अङ्गशास्त्रोंका अध्ययनही नहीं किया, अन्यथा ऐसी गप्प कैसे लगाता । देखिये ! प्राचीनकालमें भी अनेक जैनमंदिर शहरोंमें थे । ऐसा अनेक ग्रन्थ और सूत्रोंसे मैं साबित कर देता हूं. **श्रीविनयचन्द्रसूरिकृतमल्लीनाथचरित्र**के आठवें सर्गमें लिखा है—

" अथाचालीत् पुरोमध्यं, वीक्षितुं दिवसात्यये ।
× × × ×
निधानमिव धर्मस्य, दृष्टवान् जिनमंदिरम् ॥ "

अर्थ—इसके बाद यह कुलध्वज सायंकालको नगर देखनेके लिये गया वहां धर्मके निधानसमान जिनमंदिरको देखा । इस पाठसे भी शहरमें जिनमंदिर थे ऐसा स्पष्ट सिद्ध होता है । और भी देखिए श्रीसुपासनाहचरितके ११२ पृष्ठमें अरिकेशरीनामके महापुण्यशाली राजाने अनेक जिनमंदिर बंधाये—तथा च तत्पाठः—

" पइनगरं पइगामं, सव्वत्थ जिणेसराण भवणाइं ।
कारेइ निययदेसे, विसेसओ सुविहिअजणस्स " २६२

अर्थ—उस पुण्यशाली महानुभाग अरिकेशरी राजाने अपने देशमें प्रत्येकनगर और प्रत्येकग्राममें जिनमन्दिर बनवाये ॥ २६२ ॥ इससेभी नगरमें मंदिर सिद्ध होते हैं । और श्रीहेमचन्द्राचार्य महाराज श्रीमहावीर चरित्रके पृष्ठ ७ वें पर क्षत्रियकुंडग्रामके वर्णनमें लिखते हैं कि—

" स्थानं विविधचैत्यानां, धर्मस्यैकनिबन्धनम् ।
अन्यायैरपरिस्पृष्टं, पवित्रं तच्च साधुभिः । १६ । "

इस श्लोकसे शक्रने क्षत्रियकुंड ग्रामका स्वरूप वर्णन किया है । जिसके मुख्य प्रथमपादका यह अर्थ है कि क्षत्रियकुंडग्राम विविध जिनमंदिरोंका स्थान है. इससेभी शहरमें जिनमंदरोंका होना

सिद्ध होता है । इसी तरह वही हेमचन्द्राचार्य महाराज श्रीसुम-तिजिनचरित्रमें पूर्वभवका वर्णन करते हुए पुष्कलावतीके अंदर रही हुइ शङ्खपुरीके वर्णनमें लिखते हैं कि—

" विचित्रचैत्यहर्म्यादि-ध्वजदन्तुरिताऽम्बरम् ।
तत्र शङ्खपुरं नाम, पुरमस्त्यतिसुंदरम् ॥ ४ ॥ "

भावार्थ—अनेकजिनमंदिरोंकी ध्वजाओं करके दन्तुरित किया है आकाश जिसने ऐसा शङ्खपुर नाम नगर है, ॥ ४ ॥ इससे भी नगरमें जिनमंदिर सिद्ध होते हैं । तथा श्रीहैमिनेमिनाथ चरितमें देवताओंकी वनाई हुई द्वारिकानगरीके वर्णनमें लिखा है कि—

" विचित्ररत्नमाणिक्यै श्चत्वरेषु त्रिकेष्वपि ।
जिनचैत्यानि दिव्यानि, निर्मितानि सहस्रशः ॥ ४०३ ॥ "
सर्ग ५ पर्व ८

अर्थ—द्वारिकानगरीमें तीन रास्ते मिले हो वहां और चत्वरमें विचित्ररत्नमाणिक्यों करके दिव्य जिनमंदिर बनाये ॥ ४०३ ॥

श्रीनेमिनाथचारित्रमें नल राजा अपने पुरमें प्रवेश करते समय कोशलाके वर्णनमें दमयंतीसे कहता है कि—

" कोशलायाः परिसरमासाद्य च नलोऽवदत् ।
इयं हि नः पुरी देवि, जिनायतनमण्डिता ३९१ "

इस पाठसे भी प्रथम शहरमें जिनमंदिर थे ऐसा सिद्ध होता है ।

और भी देखिए चौदहसे चुम्मालीस ग्रन्थ के कर्त्ता श्रीमद्‌हरिभद्र-सूरि महाराज अपने बनाए हुवे सातवे पंचाशकमें लिखते हैं कि—

" दव्वे भावे य तहा, सुद्धा भूमी पएसकीलाय ।
दव्वे पत्तिगरहिया, अन्नेसिं होइ भावेउ ॥ १० ॥ "

इस गाथाकी टीकामें श्री अभयदेवसूरि महाराज फ़रमातेहैं कि ' द्रव्ये द्रव्यमाश्रित्य भावे भावमाश्रित्य चशब्दः समुच्चये । तथाऽनेन वक्ष्यमाणप्रकारेण विशिष्टप्रदेशादिलक्षणेन किमित्याह— शुद्धा भूमिर्निर्दोषा जिनभवनोचितभू र्द्विविधा भवति तत्राद्या तात्र-दाह—प्रदेशे विशिष्टजनोचितभूभागे । तथाऽकीला च शङ्कुरहिता । उपलक्षणत्वादस्थ्यादि शल्यरहिता च । द्रव्ये द्रव्यतः शुद्धा भूमि र्भवतीति प्रकृतं । अथ द्वितीयमाह अप्रीतिकरहिताऽप्रीति-वर्जिता ! इहाऽप्रीतिकशब्दस्य अन्येषामित्येतत् सापेक्षस्याऽपि समासः तदा दर्शनादिति । अन्येषां परेषां । भवति वर्तते । भावे तु भावतः पुनः शुद्धा भूमिरिति प्रस्तुतमेवेति गाथार्थः ॥ १० ॥

तात्पर्यार्थ—द्रव्य तथा भावसे शुद्ध जमीनमें जिनमंदिर बनवाना । द्रव्य शुद्धभूमि जहां पर श्रेष्ठ मनुष्य निवास करते हों वहां पर जिनभवन बनाना, यह द्रव्यसे शुद्ध भूमि है । इत्यादि । इससे साबित होता है कि आगमशास्त्रकी रीतिसे हमेशासे शहरमें मंदिर बनते आए हैं । यह कोई नया रीवाज नहीं. बारहवीं गाथामें श्री श्रीहरिभद्रसूरि महाराज फरमाते हैं कि—' जहां वेश्याका पाड़ा

हो जहां मद्यपादि अनेक नीचजनोंकी वस्तीहो ऐसे स्थलमें जिनमंदिर नहीं बन्धाना। क्या इससे अच्छे उत्तम जनोंकी वस्तीमें बन्धवाना सिद्ध नहीं हुवा ? देखिए, बेचरदास कैसा मूर्ख आदमी है कि ऐसे २ प्रभावक आचार्य महाराजोंके सिद्धान्तानुसार दिये हुए पाठोंको वगैर देखे बकदिया कि–पहले सब मंदिर जंगलोंमेंही थे।

तटस्थ—आपने हरिभद्रसूरि महाराज जैसे बड़े प्रभावक आचार्योंके प्रमाणसे शहरमें जिनमंदिर बनानेका विधिवाद साबित किया, परन्तु क्या किसी सूत्रमें भी ऐसा वर्णन है कि जिससे शहरमें जिनमंदिरका होना सिद्ध हो !

समालोचक—हां ! देखिए ज्ञाताजीके सोलहवें अध्ययनमें द्रौपदीजीके अधिकारमें इस विषयका पाठ मैं प्रथम देचुका हूं. ‘ तएणं सा दोवइ ’ इत्यादि) द्रौपदीने शहरकेही जिनमंदिरमें प्रभु प्रतिमाकी पूजाकी है। इससे साबित हैकि प्रभु नेमिनाथके वक्तमेंभी गाममें मंदिर थे। और देखिए श्रीउववाइयसूत्रमें लिखा है कि—

“ चंपानयरीए ×××× बहुला अरिहंतचेइयाइं ”.

मतलब—चंपानगरीमें भगवान्के बहुत मन्दिर है। इस पाठसे शहरमें जिनमंदिर होनेका रिवाज प्राचीन है आधुनिक नहीं। फिर आवश्यकसूत्रकी टीकामें सामायिकाध्ययनमें—

“ अंतेउरचेइयहरं कारियं पभावइए ण्हाता तिसंझं अच्चेइ।

अन्नया देवी नच्चइ । राया वीणं वाएइ ”

भावार्थ—प्रभावती देवी (राणी) ने अंतःपुरमें जिनमंदिर बनवाया और स्नान करके तीनोकाल पूजन करती है। एक दिन देवी (प्रभावती) नाचती है और राजा वीणा बजाता है ।

देखिए ! आवश्यकसूत्रके इस पाठसे भी शहरमें जिनमंदिरका होना सिद्ध होता है । तथा निशीथचूर्णिके दशमें उद्देशेमें भी ऐसा पाठ आता है कि ‘ प्राचीन कालमें भी शहरोंमें मंदिर बनते थे ’ तद्यथा—

“ ताहे पभावई ण्हाया कयकोउयमंगला सुकि ल्लवासपरिहाणपरिहया बलिपुप्फधूयकडुच्छूयहत्था गया । ततो पभावतीए चच्चं बलिमाविकाउं भणियं देवाधिदेवो महावीरवद्धमाण सामी तस्स पडिमा कीरउत्ति पहाराहि वाहितो कुहाडो एगघाए चेव दुहाजातंपेच्छूंति य पुव्वाणिवत्तियं सव्वालंकारविभूसियं भगवओ पडिमं साणेउं रण्णा घरसमीवे देवालयं काउं तत्थ ठविया. ”

भावार्थ—उस वक्त प्रभावतीने स्नान किया और किया है कौतुक मङ्गल जिसने और पहिने हैं शुक्ल वस्त्र जिसने तथा बली—पुष्प—धूपदाना है हाथ में जिसके ऐसी प्रभावती वहां पर आई और बली धूप वगैरहसे गोशीर्षचंदनकी पेटीका पूजन करके कहा कि—‘ श्रीदेवाधिदेव श्रीमहावीर वर्द्धमानकी प्रतिमा हो, ’ ऐसा

कह कर कुल्हाडा चलाया तो एक ही घावसे दो भाग हो गये और देखा तो पूर्वकी वनाई हुई सर्वालङ्कारसे विभूषित प्रभु महावीरकी मूर्ति निकली। उस मूर्तिको लाकर राजमहलके समीप मदिर बनाकर उसमें स्थापन की॥ इस निशीथचूर्णिके पाठसे भी साबित होगया कि प्रथमसे ही गाममें भी मन्दिर बनते आते हैं, आज कोई नवीन बात नहीं है। मुझे बड़ा अफ़सोस होता है कि—भाषण देते वक्त बेचरदासने कुछ नशा तो नहीं किया था? जो एक भी बात उसकी सच्ची नहीं जान पड़ती। जितनी बातें लिखी हैं सब झूठी ही झूठी निकलती हैं—उसका अदृष्ट (भाग्य) ही कोई टेडा हो गया है क्या?। हां ऐसा ही होना चाहिये। अन्यथा इतने सूत्र जिन बातोंको साबित करते हैं उन बातोंको यह कैसें उडाता! इससे साबित होता है कि उसका चक्कर खाया हुवा तक़दीर उसको अवश्य टेडी गतिसे नरक तक पहुंचा देगा। फ़िर देखिए, आवश्यकके तृतीय अध्ययनमें लिखा है कि—

'चेइयपूआ किं वयरसामिणा, मुणियपुव्वसारेण।
न कया पुरिआइ तओ, मोक्खंगं सावि साहूणं॥'

इसका भावार्थ—

पूर्वके सारको जाननेवाले श्रीवज्रस्वामीने पुरीनामके नगरके चैत्यकी पूजा (पुष्प लानेमें सहायतारूप) क्या नहीं की हैं? अपि तु की हैं। इससे समयविशेषमें साधुओंके वास्तेभी ऐसी पूजा

मोक्षाङ्ग बनजाती है। देखो! **आवश्यकजीके** पाठसे भी नगरमें जिनमंदिर था ऐसा सिद्ध होता है। फिर **वेचरदासका** कहना कैसे सिद्ध हो सकता है कि—'बधां देहराओ जंगलों अने डुंगरो पर हतां' देखिए, इसी तरह पञ्चमाऽङ्ग**श्रीभगवतीसूत्रके** दूसरे शतकके पांचवें उद्देसेमें तुङ्गियानगरीके श्रावकोंके अधिकारमें लिखा है कि—

"जेणेव सयाइं सयाइं गेहाइं तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता ण्हाया कयबलिकम्मा"

भावार्थ—वे श्रावक लोक अपने २ घर पर आये और स्नान करके प्रभु पूजाकी। इस भगवतीके पाठसे भी तुङ्गियानगरीमें अनेक जिनमंदिर थे ऐसा सिद्ध हुआ। फिर कौन कह सकता है कि 'शहरमें मंदिर नहीं थे।' इसके बाद यह कहना कि 'आ देहराओ आज जेम पईसाथी उभराई गयेलां होय छे तेम ते वखते नहोतां' बिलकूल मिथ्या कल्पना है। अगर इस विषयको सिद्ध करनेवाला कोई भी प्रमाण होता तो वेचरदास अवश्य कहता। परन्तु कहे क्या? जिसको झूठीही बातें कहकर लोगोंको धोखा देना है उसके पास प्रमाण कहांसे हो। वेचरदासने तो ऐसा कियाकि जैसे कोई जन्मभिक्षुक मांगता २ किसी सेठके घर पर जा चढ़ा, वहां पर लड्डुओंके शिखापर्यंत भरे हुवे बहुत स्थाल देखे, और आहा! हा! हा! हा! हा! कह कर बोला कि—'हा

बाप इतने लड्डुओंसे भरे हुवे स्थाल भूतकालमें किसीके भी घरमें नहीं थे' क्या उस भिखारीकी यह बात सत्यहो सकती है? कि भूतकालमें इतने लड्डुओंसे भरे हुये इतने स्थाल नहीं थे. कदापि नहीं। बस बेचरदासके कथनको भी ऐसाही समझना चाहिये। मात्र इतना फर्क है कि-सेठके लड्डुओं पर भिखारीकी नजर पड़ी जिससे खानेवालोंको कष्ट उठाना पड़ा, और यहां पर देवद्रव्य होनेसे वेचरदासकी नजर नहीं लग सकती। इसके बाद यह कहना कि 'देहराओने दरवाजा हताज नहीं, यह कहना ऐसा है जैसे वेचरदास कहदे कि मेरा कोई पिता थाही नहीं मै अपने आपही पैदा हो गया हूं! जैसे वेचरदासकी यह बात (मेरा पिता नहीं था) प्रमाण शून्य और अनुभव विरुद्ध होनेसे नहीं मानी जा सकती कि 'वेचरदास बिना बापके पैदा हुआ हो' बस इसी तरह प्रथमकी बात (देहराओनें दरवाजा तो हताज नहीं) भी प्रमाणशून्य और अनुभवविरुद्ध होनेसे कदापि सिद्ध नहीं हो सकती है.

वेचरदास—'चैत्यशब्दनो अर्थ देवलवृक्ष तथा बीजा अनेक थाय छे परन्तु चैत्यशब्दनो शद्बार्थ ए छे के, मरण पामेला संत महंतनी यादगिरीनुं तेज स्थले उभुं करवामां आवेलुं स्मारक" इत्यादि—

समालोचक—वेचरदासने वदतो व्याघात जैसा किया है। क्योंकि—प्रथम तो चैत्यशब्दके अनेक अर्थ कहता है परन्तु

पीछेसे ' चैत्यशब्दनो शब्दार्थ ए छे के ' ऐसा कह कर फिर जाता है। यही इसकी मूर्खताकी निशानी है और जो उसने मृत—महन्तोकी यादगिरीके लिये उनके संस्कार या मरणस्थानमें बनाए हुए स्मारकको चैत्यशब्दसे जाहिर किया है यह भी सिवाय प्रमाणशून्य, इसकी मनोकल्पनाके शास्त्रीयबात नहीं है। क्योंकि किसी भी ग्रंथसे **बेचरदास**की मनः कल्पना सिद्ध हो, ऐसा प्रमाण नहीं मिलता। और प्रमाण वगैरेकी बातको मानना अक्लमंदोंका काम नहीं। इसलिये समस्तजैनसङ्घको **बेचरदास**की यह असत्य-कल्पना विषतुल्य त्याग करने योग्य है। क्योंकि जैनग्रन्थोमें स्थान स्थान पर जहां चैत्यका अधिकार आता है वहां कहीं भी ऐसा नहीं लिखा कि—यादगिरीके लिये जो स्मारक बनाए जाते हैं उन्हें चैत्य कहते हैं। इसलिये स्मारकको ही चैत्य कहना बड़ी भारी भूल है स्मारक तो स्मारक ही कहे जाएंगे और वह प्रायः जंगलोंमें ही होते हैं क्योंकि—मृतमहंत जनोंका संस्कार जङ्गलोंमेंही होता है। परन्तु वह मूलरूप यादगिरिके लिये ऐसा बनता है बाकीतो उसके भक्तजन प्रतिग्राम प्रतिनगर उसकी यादगिरीमें स्थान बनाते हैं। जैसे थोड़े समय पर **श्रीमद्विजयानन्दसूरि** महाराज (प्रसिद्ध नाम श्रीमद् **आत्मारामजी** महाराज) की यादगिरीमें जहां उन्होंका अग्निसंस्कार हुवा था उसी स्थल पर गामकी बाहर हज़ारों रूपैयें खर्च करके भक्तिके निमित्त पञ्जाब गुजरानवालानिवासियोंने एक बड़ा भारी आलिशान **आनन्दभवन** बनाया है। जिसके

ऊपरके चमकते हुए सुवर्णकलश महाराज साहिबके पञ्जाब, गुजरात, मारवाड़, मेवाड़ादि देशोंमें किए हुए धर्मप्रकाशकी स्मृति दिलाते हैं। परन्तु इसके अलावा और भी अनेक गांवो तथा नगरोंमें उनकी यादगिरीके लिये स्थान बने हुए हैं इससे गामके बाहरही स्मारक बनते हैं; यह बात सर्वथा असत्य सिद्ध होती है। क्योंकि ऐसा तो होही नहीं सकता कि आजकलकी तरह प्रथमके लोगोंमें भक्ति नहो और जब भक्ति हो तो स्थान २ में उनकी यादगिरी बननेका संभव है। अस्तु, मन्दिरका विषयही इससे पृथक् है॥ क्योंकि अगर काल किए हुए स्थान पर महात्माओंकी यादगिरीके निमित्त बने हुए स्मारकही चैत्य कहलाएं तो महावीर प्रभुका मंदिर पावापुरी के, श्री नेमनाथ भगवानका गिरनारजीके, आदीश्वर प्रभुका मंदिर अष्टापदजीके. वासुपूज्यजीका चंपापुरीके और वीशतीर्थंकर भगवान के मन्दिर सम्मेतशिखरके सिवाय और किसी स्थानपर नहीं होना चाहिये। और स्थान २ पर जिनमंदिरका अधिकार आता है. इस विषयका विवेचन पहिले लिख आए हैं। और प्रत्यक्षमें भी अनेक स्थलों पर ऐसे २ प्राचीनतीर्थ मौजूद हैंकि जहां पर किसीकी भी यादगिरीका संभवही नहीं। अंतः बेचरदासकी इस असत्यकल्पनाको आस्तिकवर्ग कदापि नहीं स्वीकार कर सकता। देखिए, एक और भी प्राचीन प्रमाण सुनाते है इससे भी बेचरदासकी कल्पनाकी असत्यता जाहिर हो जायगी। कलिकाल सर्वज्ञ श्रीहेमचन्द्राचार्यकृत श्रीऋषभप्रभुके चरित्रमें भगवान् ऋषभदेवजीके पूर्वभवके वर्णनमें

लिखा हैकि श्रीऋषभदेवजीके जीव और बाकीके पांच मित्रोंने मिलकर एक मुनिके रोगको दूर करनेके लिये औषधादि सामग्री एकत्रकी, और उससे मुनिको नीरोग किया, और बची हुई सामग्रीको बेचकर बड़ा भारी आलिशान जिनमंदिर बनाया। तथा च तत्पाठः—

" ततोऽवशिष्टगोशीर्षचंदनं रत्नकम्वलम् ।
तत्र विक्रीय जगृहुस्ते स्वर्ण बुद्धिशालिनः ॥ ७७८ ॥
तेन स्वर्णेन ते चैत्यं, सुवर्णेन स्वकेन च ।
कारयामासुरुत्तुङ्गं, मेरुशृङ्गमिवाऽऽर्हतम् ॥ ७७९ ॥

अब बेचरदासको विचार करना चाहिये कि—अगर मृतमहन्तोकी यादगिरीमें ही मन्दिर बनानेका रिवाज होता तो बतलाइये इन छ मित्रोंने किस मृतमहंतकी यादगिरीमें मंदिर बनाया था? बस इससे साबित है कि आजसे नहीं किन्तु अनादिकालसे स्मारककी रीतिसे नहीं मगर स्वतन्त्ररीतिसे जिनमान्दिर बनते आये हैं, बनते हैं, और बनेंगे। बेचरदासके निरर्थक थूंक उड़ानेसे कुछ भी नहीं बनता। नाहक बिचारा यहां परभी हांफहांफ मरेगा और नरकोंमें भी हांफेगा।

बेचरदास—' आ भभकानी चीजों देवलोमां हाल दश्य थाय छे ते असल हतीज नहीं '. इत्यादि।

समालोचक—ऐसी देदीप्यमान वस्तुएं मंदिरोंमें प्रथम नहीथी इसमें कुछ प्रमाण बताओं, अन्यथा तुह्मारी असत्यकल्पना कदापि मान्य नहीं हो सकती। क्या प्रथम समयमें द्रव्यकी कमी थी? जिससे मन्दिर शून्य पड़े रहते थे, या शास्त्रका आदेश नहीं था।

प्रथमकी कल्पना शास्त्रप्रमाण तथा इतिहासप्रमाणसे विरुद्ध है। क्योंकि—इन दोनों प्रमाणोंसे प्राचीनकालमें बड़े बड़े धनाढ्य सिद्ध होते हैं। अगर शास्त्रकी आज्ञा नहीं थीं ऐसा कहो तो तुम शास्त्रके अनभिज्ञ (अनजान) सिद्ध होनेहो देखो **श्रीहरिभद्रसूरि महाराजादि** के किए हुए **पञ्चाशकादि** ग्रंथोके प्रमाण जिनको मैं प्रथम लिख चुकाहूं इस लिये यहां पर पुनः नहीं लिखे जाते उन्हींकोदेखलेना चाहिए. **वेचरदास !** मैं तुमको हितशिक्षा देता हूं कि ऐसा मत करो जो अपनेको शास्त्रका बोध नहीं और कह देनाकि प्रथमके समयमें यह नहीं था, वह नहीं था, अमुक नहीं था, क्योंकि—ऐसे मृषावादसे तुम्हारी गति बिगड़ जानेका हमको भय है, इस लिये सत्यमार्ग पर आकर असत्य कल्पनाओंका त्याग करो। बादमें तुम्हारा यह कहना कि—'मूलमां पण एवो कोई ठेकाणे उपदेश नथी' इत्यादि। तो क्या तुम श्वेताम्बरजैनसमाजको केवल मूल मानने वालाही मानते हो? अगर नहीं तो फिर क्या तुम धोखा देने के लिये 'मूलमां मूलमां' ऐसा पुकार करते हो 'पञ्चाङ्गी-के मानने वालोंके पास मूलको आगे करना इसीसे तुम्हारी बुद्धि-का मूल पाया जाता है। अगर जैनसमाज तुम्हारी बातको मानकर मूलमें हो उतनी ही वातें माने तो—वीसविहारमानतीर्थङ्करदेवोंको भी मानना छोड दें। क्योंकि मूलमें इनका जिकर ही नहीं है। ऐसी एक बात नहीं अनेक बातें हैं जैसे कि—सामायिक—प्रतिक्रमण—पोषध आदिकी विधि भी मूलमें कहीं नहीं है। तो क्या इन सब बातों को

छोड़ देंगे ? कदापि नहीं जिसको पिछले घोर पाप कर्मोंनें दबाया होगा वही नास्तिकशिरोमणि अनन्तकालतक संसारमें रुलाने वाली तुम्हारी असत्यबातोंको सत्य मानेगा। और नहीं। क्योंकि आस्तिकलोगोंको तो पंचाङ्गी तथा उसके अनुकूल प्रभावक आचार्योंके बनाए हुए सभी ग्रन्थ सूत्रके मूलवत् ही मान्य हैं।

तटस्थ—मान्यवर महाशय ! मैं आपकी बातोंको अक्षरशः सत्य मानता हूं परन्तु कृपया यह बतलावें कि–पैंतालीस आगमोंमें से किसी भी आगममें वस्त्र आभूषणादि चढ़ाना लिखा है या नही ? उसमेंसे भी प्रथम ग्यारह अंगमेंसे हवाला देना चाहिये।

सम्मालोचक—क्यों नही। बराबर है। देखो अङ्गमेंसे **श्रीज्ञाताजी** सूत्र छट्ठा अङ्ग है उसके सोलहवें अध्ययनसे साफ जाहिर होता है कि–प्रतिमाजीको गहिना चढ़ानेका रिवाज सूत्रानुसार है। क्योंकि–ज्ञाताजीमें लिखा है कि–'**जहा सूरियाभे**' अर्थात् सूर्याभदेवताकी तरह द्रौपदीने प्रभुकी पूजाकी। और सूर्याभदेवताका अधिकार **श्रीरायपसेणीसूत्रमें** ऐसे आता है कि–उस सूर्याभदेवताने "**जिणपडिमाणं अहयाइं देवदूसजुअलाइं निअंसेइ पुप्फारोहणं-मल्लारोहणं गंधारोहणं चुण्णारोहणं वत्थारोहणं आभरणारोहणं करेइ**" अर्थात् भगवान्की मूर्तियां पर वस्त्र सुगन्ध और आभूषण (दागिने) चढ़ाये। अब देखिए जैसे सूर्याभदेवताने दागीने चढ़ाये वैसे ही द्रौपदीने भी चढ़ाये थे. यह बात श्रीज्ञातासूत्रके मूलपाठसे साफ जाहिर होती है। इस

लिए नवाङ्गीटीकाकार **श्रीअभयदेवसूरि** महाराजने भी इस पाठकी टीकामें लिखा है कि–'**वस्त्राणां गन्धानां चूर्णानामाभरणानां चाऽऽरोपणं करोति स्म**' अर्थात् उस द्रौपदीने भगवानकी मूर्ति पर वस्त्र गन्ध चूर्ण आभूषण आदि चढ़ाये। इन पाठोंसे साफ जाहीर है कि आभूषण चढ़ानेका रिवाज कोइ मुनियोंका चलाया हुआ नहीं किन्तु प्रभु महावीरस्वामीके मुखसे फ़रमाया हुआ है। परन्तु भाग्यहीन **बेचरदास**को मिथ्यात्वमादिराके नशेमें ज्ञान नहीं रहा, इसलिये उसकी समझमें नहीं आता तो इससे कुछ यह रिवाज मुनियोंका चलाया हुवा सावित नहीं होता। अगर उसने सूत्रग्रन्थोंको देखे होते तो ऐसा कभी नहीं कहता, अगर देखा भी होगा तो मिथ्यात्वके नशेंमे चकचूर होनेसे यहां पर (जहां भगवान्‌को आभूषण चढ़ानेका अधिकार है) आकर उसकी आंखे चुंधिया गई होंगी। अधिकार वगैर सूत्र पढ़नेसे तो उसकी आंखे चुंधिया (मीच) ही जानी थी परन्तु देखो जब जैनन्यायग्रन्थ **प्रमाणनयतत्वालोकाऽलंकार** पढ़ता था उस वक्त भी उसकी आंखें चुंधिया जानी चाहिये। अन्यथा **श्रीवादिदेवसूरि** महाराज कि जिन्होंने चौरासीवादिओंको जितने वाले दिगम्बर **कुमुदचन्द्रका सिद्धराजजयसिंह**की सभामें पराजय किया है उनके वनाए हुए **प्रमाणनयतत्वालोकाऽलङ्कार**के ग्यारहवें पृष्ठके पचीसवें सूत्रसे भी परमात्माकी मूर्तिको आभूषण चढ़ानेका रिवाज प्राचीन सिद्ध होता है। "**यथा–पश्य**

पुरः स्फुरत्किरणमणिखण्डमण्डिताभरणभारिणीं जिन-पतिप्रतिमामिति ।'

यह सूत्र उसके खयालसे बाहर नहीं होता । और भगवान्‌को गहिने चढ़ानेमें साधुओंको जोखिमदार जाहिर करना यह भी **बेचरदास**की एकजातकी बेवकूफी है । क्योंकि अगर कोई नास्तिक ऐसा कथन करे कि 'भगवान्‌को आभूषण चढ़ाने योग्य नहीं है' उस वक्त साधुवर्ग अगर चूप होकर बैठ जायें तो जिम्मे-दारी (जोखमदारी) साधुओंके शिर पर है । परन्तु आगमानुसार प्रभुकी भक्तिनिमित्त आभूषण चढें, उस वक्त जो निषेध करें तो वह निषेध करनेवाला महा पापका भागी होता है इस लिये आज-तक किसी भी आस्तिकसाधुने इस शास्त्रीयरिवाजमें विरोध प्रदर्शित नहीं किया है इससे **बेचरदास**को खुश होना चाहिये था परन्तु खुश होनेके बदले 'आ शरुआत माटे जोखमदार अने ज्वाबदार साधुवर्ग छे के जेओ पोतानी अनुकूलतानी खातर शास्त्रना नियमो तरफ तद्दन आंख मीचामणी करता हता' ऐसा कह कर रोता क्यों है ?

बेचरदास ! जरा विचार तो करना था कि—परमात्माको आभूषण चढ़े उसमें साधुओंको अनुकूलता किस बात की ? तुम्हारे इस बेवकूफी भरे हुए कथनसे तो वह कहावत याद आती है कि—"बारह वर्ष काशी में रहकर भी गधा आखिर गधा ही रहा"

बेचरदास—" असल देहराओमां मूर्तिओ वधी पद्मासन-वालिज हती कंदोरावाली मूर्तिओ जेम हती नहीं तेम नग्नमूर्तिओ पण हती नहीं पाछलथी ज्यारे श्वेताम्बरो अने दिगम्बरो एवा बे पक्ष पड्या त्यारे तेओए सघली मूर्तिओ वहेंची लेवा मांडी। पाछलथी ते मूर्तिओ एक बीजानी ओलखाय ते माटे हाल जे निशानीओ छे ते लगाड़वामां आवी छे। असल मूर्तिओमां आवी निशानीओज नहीं हती। "

समालोचक—**बेचरदास**की यह बात जब सत्य हो सकती है कि—वह ऐसी कोई प्राचीन मूर्तिको दिखलाता, अथवा कहता कि अमुक स्थान पर दोनो प्रकारके चिन्हरहित मूर्तिएं मौजुद हैं। **बेचरदास**ने जो जो बातें जाहिर की है बालबकवादके तुल्य हैं। अगर इस विषयका निश्चय करना हो तो **जैनधर्मप्रकाश**-के पुस्तक ३५ अङ्क २ देखना चाहिये। उसमें इस विषयके प्रश्नोत्तर दर्ज हैं। ये प्रश्न **बेचरदास**से सभाके तन्त्रिने रुबरु किये हैं। इन प्रश्नोत्तरोंको पढ़नेसे हमारे पाठकोको स्पष्ट मालुम होजायगा कि—**बेचरदास**ने मूर्तिके विषयमें निरी झूंठी गप्प मारी है और **बेचरदास**का यह कहना कि पीछेसे मूर्त्तिएं बांट लेने लगे तब निशानीएं लगादीं, सर्वथा असत्य है। क्यों कि कब और किस शहर में श्वेताम्बर दिगम्बरोंने एकत्रित हो कर मूर्त्तिएं बांटली, इसका कोई प्रमाणही नहीं बतलाया। बतलाए कहांसे ? जहां गप्पबाजीका खेल होता है वहां कोई प्रमाण मिल सकता है ? कदापि नहीं। इस

की असत्यताको जाहिर करने वाली एक और दलील सुनिये—जब एक जाति की वस्तुओंको दो पक्षवालोंने बांटली और एक पक्षवालेने समानाकार वस्तुके बदल जानेके भयसे एक तरहका चिन्ह लगादिया तब दूसरे पक्षवालेके पास रही हुई वस्तु उससे स्वयं पृथक् होसकती है, फिर उसको चिन्ह लगानेकी क्या जरूरत ? इससे भी श्वताम्बर और दिगम्बरोने जुदे जुदे चिन्ह लगादिये ऐसा **बेचरदास**-का कथन असत्य सिद्ध होता है। हां यह सत्य है कि लिङ्गाकार-शून्य कछोटबंध श्वेताम्बरमूर्तियें प्राचीनकालसे चली आती थीं जब महावीरप्रभुके निर्वाणके बाद ६०९ वर्ष पीछे दिगम्बरमत निकला तब दिगम्बरियोंने श्वताम्बर मूर्तिओंसे भेद समझानेके लिए अपनी लिङ्गाकार चक्षुःशून्य नवीन नग्नमूर्तिएं बनालीं।

बेचरदास "हवे एक अजायब भरी चीज़ म्हारे तमोने जणाववानी छे के मूल आगमो ए जैन धर्मना तत्वज्ञाननो दरिओ छे. जैनसाहित्य जे पाछलथी लखायुं छे तेमां अने मूल जैनआगमोमां एटलो बधो फरक छे के हालना साहित्य उपरथी जैन धर्मनी तद्दन गेरसमजुती उभी थाय।"

समालोचक—खबर नहीं **बेचरदास**को क्या हो गया है जो जो वातें अत्युत्तम हैं वेही उसको ठीक नहीं मालूम पड़ती। क्या कुछ इसका भविष्य ही बिगड़ने वाला है ? जैसे मरणसमय निकट आनेपर मनुष्यको शारीरिकस्थितिको सुधारने वाली वैद्यकी

पथ्यविषयक वाते भी अच्छी नहीं मालूम पड़ती। वैसीही **बेचरदास**की भी गति हुई है। जब चारों तरफसे जैनसाहित्य दुनियाके तमाम साहित्यसे उच्च कोटीका साहित्य स्वीकार किया जाता है तब **बेचरदास**को वह साहित्य जैन धर्मकी "गैर समझूती कराने वाला" मालूम पड़ता है, यही इसके दुर्भाग्यकी निशानी है। नहीं तो वैराग्यमार्गपोषक जैनसाहित्यको ऐसी तिरस्कारयुक्तदृष्टिसे कदापि नहीं देखता। अस्तु। इससे क्या। अगर प्रमेही घीको नहीं खाता तो इससे क्या घीकी कीमत घट सकती है? अगर उंटको द्राक्षा अच्छी नहीं लगती तो क्या द्राक्षाकी हानि होती है? अगर गधेको मिश्री मीठी नहीं लगती तो क्या मिश्रीकी मीठास उड़ जायगी? अगर उल्लुको सूर्यका प्रकाश अंधकाररूप मालूम होतो क्या प्रत्यक्ष प्रकाश अंधेरा कहा जा सकता है? कदापि नहीं। देखिए जैनसाहित्यके विषयमें **गायकवाड़ सरकार**की प्रथम नम्बरकी विद्याशालाके **हेडमास्तर पं. वासुदेव नरहर उपाध्यायने** महाराजा **सयाजीराव**के हुकमसे **हरिविक्रम** नामके जैनराजाके चरित्रका मराठी भाषामें अनुवाद किया है उसकी भूमिकामें लिखा है कि—"**जैनधर्म यांचा जसजसा सवन्ध त्यांचे नजरेस येत जाईल तसतसी ही नवीन सांपडलेली विलक्षण रत्नांची अगाध खाण पाहून त्यांचे मन आनन्द सागरांत निमग्न होईल.**"

भावार्थ—जब जैनसाहित्यका अच्छी तरहसे परिचय मिलेगा

की असत्यताको जाहिर करने वाली एक और दलील सुनिये—जब एक जाति की वस्तुओंको दो पक्षवालोंने बांटली और एक पक्षवालेने समानाकार वस्तुके बदल जानेके भयसे एक तरहका चिन्ह लगादिया तब दूसरे पक्षवालेके पास रही हुई वस्तु उससे स्वयं पृथक् होसकती है, फिर उसको चिन्ह लगानेकी क्या जरूरत? इससे भी श्वेताम्बर और दिगम्बरोंने जुदे जुदे चिन्ह लगादिये ऐसा **बेचरदास**का कथन असत्य सिद्ध होता है। हां यह सत्य है कि लिङ्गाकारशून्य कच्छोटबंध श्वेताम्बरमूर्तियें प्राचीनकालसे चली आती थीं जब महावीरप्रभुके निर्वाणके बाद ६०९ वर्ष पीछे दिगम्बरमत निकला तब दिगम्बरियोंने श्वेताम्बर मूर्तिओंसे भेद समझानेके लिए अपनी लिङ्गाकार चक्षुःशून्य नवीन नग्नमूर्तिएं बनालीं।

बेचरदास "हवे एक अजायब भरी चीज़ म्हारे तमोने जणाववानी छे के मूल आगमो ए जैन धर्मना तत्वज्ञाननो दरिओ छे. जैनसाहित्य जे पाछलथी लखायुं छे तेमां अने मूल जैनआगमोमां एटलो बधो फरक छे के हालना साहित्य ऊपरथी जैन धर्मनी तद्दन गेरसमजुती उभी थाय।"

समालोचक—खबर नहीं **बेचरदास**को क्या हो गया है जो जो बातें अत्युत्तम हैं वेही उसको ठीक नहीं मालूम पड़ती। क्या कुछ इसका भविष्य ही बिगड़ने वाला है? जैसे मरणसमय निकट आनेपर मनुष्यको शारीरिकस्थितिको सुधारने वाली वैद्यकी

पथ्यविषयक बाते भी अच्छी नहीं मालूम पड़तीं । वैसीही **बेचरदास**की भी गति हुई है। जब चारों तरफसे जैनसाहित्य दुनियाके तमाम साहित्यसे उच्च कोटीका साहित्य स्वीकार किया जाता है तब **बेचरदास**को वह साहित्य जैन धर्मकी "गैर समझूती कराने वाला" मालूम पड़ता है, यही इसके दुर्भाग्यकी निशानी है। नहीं तो वैराग्यमार्गपोषक जैनसाहित्यको ऐसी तिरस्कारयुक्तदृष्टिसे कदापि नहीं देखता। अस्तु। इससे क्या। अगर प्रमेही घीको नहीं खाता तो इससे क्या घीकी कीमत घट सकती है? अगर उंटको द्राक्षा अच्छी नहीं लगती तो क्या द्राक्षाकी हानि होती है? अगर गधेको मिश्री मीठी नहीं लगती तो क्या मिश्रीकी मीठास उड़ जायगी? अगर उल्लुको सूर्यका प्रकाश अंधकाररूप मालूम होतो क्या प्रत्यक्ष प्रकाश अंधेरा कहा जा सकता है? कदापि नहीं। देखिए जैनसाहित्यके विषयमें **गायकवाड़ सरकार**की प्रथम नम्बरकी विद्याशालाके **हेडमास्तर पं. वासुदेव नरहर उपाध्याय**ने महाराजा **सयाजीराव**के हुकमसे **हरिविक्रम** नामके जैनराजाके चरित्रका मराठी भाषामें अनुवाद किया है उसकी भूमिकामें लिखा है कि—"**जैनधर्म यांचा जसजसा सवन्ध त्यांचे नजरेस येत जाईल तसतसी ही नवीन सांपडलेली विलक्षण रत्नांची अगाध खाण पाहून त्यांचे मन आनन्द सागरांत निमग्न होईल.**"

भावार्थ—जब जैनसाहित्यका अच्छी तरहसे परिचय मिलेगा

तब इन नवीन जैनसाहित्य रूप प्राप्त हुए अगाध विलक्षण रत्नोंकी खानको देखकर देखनेवालेका चित्त आनन्दसागरमें निमग्न होगा। जो लोग जैनसाहित्यको नहीं देखते हैं उनको जैनसाहित्यके अनभिज्ञ होनेके कारण पवित्र जैनधर्म पर द्वेष होता है। देखिए एक अन्यमतावलंबी महाशय जैनसाहित्यके स्वल्पअंशके देखनेसेही जैनसाहित्यकी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा करते है, ऐसेही **जैनसाहित्यसम्मेलनकार्यविवरण** भा. १–२–के पृष्ठ ३३ सें लेकर पृष्ठ ४५ तक जैनसाहित्यके विषयमें एक अन्यधर्मावलम्बिविद्वान् महाशय **भावनगरनिवासि शास्त्रि जेठालाल हरिभाईने** एक प्रबन्ध लिखकर स्वानुभवसे युक्तिपूर्वक जैनसाहित्यको अतीव उच्चकोटीका साहित्य साबित कियाहै। तो इधर द्विचरनामक जैन उसी जैनसाहित्यसे मुंह मरोड़ कर कहता है कि—जैनसाहित्य ग्रन्थ जैनधर्मकी बाबत गैर समजुती करानेवाले हैं। अफसोस है इस मूर्खशिरोमणिकी लीला पर कि जिसने यह भी नहीं विचार किया कि—भारतवर्षीय तो क्या परन्तु युरोपियन विद्वानोंने भी जिस जैनसाहित्यकी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा की है उस उत्तम साहित्यको जैनधर्मकी गैरसमजुती (खोटी समझ) का कारण मैं कहता हूं, परन्तु मेरी इस असत्य बातको कौन मानेगा; और जैन नाम रखकर ऐसे अधमकार्य करनेसे मेरेपर चारों ओरसे कैसी तिरस्कारकी वर्षा होगी। मतलब कि इस विषयका **बेचरदासने** कुछभी विचार नहीं किया और झूट गप्प मारदी कि अपना साहित्य आगम ग्रन्थोसे भिन्नरूपमें है, अब हम

हमारे पाठकोंको सावधान करते हैं कि-याद रहे कि इस गप्पीदासके गप्पगोलेमें विश्वास नहीं रखना चाहिये। क्योंकि महान् धर्मधुरंधर पूर्वाचार्योंके रचे हुए साहित्यग्रन्थका कोई अंश आगमविरुद्ध नहीं है। मात्र '**विनाशकाले विपरीतबुद्धिः**' इस कहावतके अनुसार **बेचरदास**की बुद्धिमेंही विपर्यय हो गया है।

बेचरदास—" कमनशीबे हालमां साधुओ एम कहे छे के आ आगमो श्रावको वांची शके नहीं। याद राखो के आ आगमो हालमां श्रावको सांभली शके छे अने ते सामे साधुओंनो वांधो नथी बल्कि साधुओ पोतेज संभलावे छे " इत्यादि.

समालोचक—बेचरदास! अधिकार वगैर श्रावक लोग अगर आगमशास्त्र पढ़े तो उनको लाभके बजाय बड़ी भारी हानि पहुंचती है। उदाहरणमें तुमही हो, क्योंकि सूत्र स्वयं बांचनेसे तुह्मारी बुद्धिका नाश हुवा प्रत्यक्ष नजर आता है, अन्यथा वज्र-स्वामी आर्यरक्षित जैसे महात्माओंको भी तुम अंधेरा तेरनेवाले कदापि नहीं कहते। अब विचार करोकि जो सूत्रपठन मोक्ष देनेवाला है वही अधिकार वगैर तुमको नरकादि अधोगतिका देनेवाला हो गया। बस यही कारण है कि श्रावकोंको सूत्रपढ़नेकी मनाई साधुओंकी तरफसे नहीं किन्तु परमात्माकी तरफसे है।

तटस्थ—आपने यह क्या सुनाया! क्या ऐसा बन सकता है कि जो जैनसूत्रका पठन मोक्षदेनेवाला है वही अधिकार वगैर पढ़नेवालेको नरकादि देनेवाला बन जाय?

समालोचक—क्यों नहीं बराबर बन सकता है। देखिये जिसकी जेबमें चाकू है ऐसे एक आदमीको उसके किसी शत्रुने रस्सीसे बांध दिया और कहीं एक खुले स्थानमें रख दिया। किसी दिन दुश्मनकी नज़रको बचाकर उस बद्ध आदमीने शनैः २ अपनी जेबमेंसे चाकू निकालकर रस्सीको काटडाली और बन्धनसे मुक्त हो गया। अब किसी दिन उसी चाकूको उस बेसमझ आदमीने अपने लड़केके आग्रहसे उसको खेलनेके लिये देदिया। दैवयोगसे लड़का चाकू खुला रखकरके खेलने लगा इतनेमें वह चाकू उसके हाथसे गिर गया और उसका दस्ता एक छोटे खड्डेमें फस गया और धारका भाग बाहरकी तरफ रहा, इतनेमें उस लड़केको ठोकर लगी और उस चाकू पर पेटके बल गिर गया। वह तीक्ष्ण चाकू तुरत उस लड़केके पेटमें घुस जानेसे लड़केका प्राण निकल गया। अधिकार बगैर चाकूसे स्वतन्त्र खेलनेके कारण लड़केने अपना नाश किया। जैसे एकही चाकूने पिताको लाभ और पुत्रको हानी पहुंचाई, उसी तरह एकही सूत्र पढ़नेकी योग्यतावाले पितारूप साधुओंको लाभ और योग्यताहीन लड़केस्वरूप गृहस्थोंको नुकसान पहुंचाता है। हां, अगर गृहस्थ गुरुमुखसे सुने तो लाभ हो सकता है। इससे यह बखूबी साबित हो चुका कि—एकही वस्तु अधिकारवालेको लाभदायक और अनधिकारी मनुष्यको हानिकारक हो जाती है।

तटस्थ—वाह साहब वाह! युक्ति प्रयुक्तिसे तो आपने सिद्ध कर दिया कि—श्रावकको सूत्रपढ़नेका अधिकार नहीं है। परन्तु

आगमपाठसे सिद्ध कर दिखलाइए तब सच्चेका बोलबाला और झूंठेका मुंह काला होजाय.

समालोचक--देखिए ! उपासकदशाङ्गमें कामदेवश्रावकके अधिकारमें लिखा है कि—

'तएणं समणे भगवं महावीरे बहवे समणे निग्गन्थे निग्गन्थिओ य आमंतेत्ता एवं वयासी—" जइ ताव अज्जो ! समणोवासगा गिहिणो गिहमज्झे वसंता दिव्वमाणुस्सतिरिक्ख-जोणिए उवसग्गे सम्मं सहंति जाव अहियासंति। सक्का पुणाइ अज्जो समणेहिं निग्गन्थेहिं दुवालसंगं गणिपिडगं अहिज्जमा-णेहिं दिव्वमाणुस्सतिरिक्खजोणिए उवसग्गे सम्मं सहित्तए जाव अहियासित्तए ".

भावार्थ—उस समय श्रीमहावीरप्रभु बहुत साधु साध्वीओंको बुलाकर फरमाते हुए कि—हे साधु लोगों ! गृहस्थ श्रावकलोग घरमें वसते हुएभी देव--मनुष्य और तिर्यंचसंबन्धि उपसर्गोंको सहन करते हैं तो फिर द्वादशाङ्गकी वाणीको धारणकरनेवाले मुनियोंको तो अवश्य इनसे विशेष परिषह सहन करने चाहिये। क्योंकि; मुनि श्रुतज्ञानके धारक होते हैं। देखिए अगर श्रावकोंको अङ्गउपाङ्गके पढ़नेका अधिकार होता तो पूर्वोक्तपाठमें ऐसा नहीं कहा जाता कि श्रावक इतने उपसर्ग सहन करते हैं तो द्वादशाङ्गीके धारणकरनेवाले तुमको विशेषकरके सहनकरना चाहिये। बस

इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि श्रावकको सूत्रपढ़नेका अधिकारही नहीं है । फिरभी देखिए श्रीसूयगडांगसूत्रके नौवें अध्ययनमें लिखा है कि—

" गेहे दीवमपासंता, पुरिसादाणिया नरा ।
ते धीरा वंधणुम्मुक्का, नावकंखंति जीवियं ".

भावार्थ—पुरुषोंमें आदेयनामकर्मवाले धीरपुरुष घरमें सूत्ररूप दीपकको नहीं देखते हुए चारित्रको धारण करते है परन्तु सूत्रज्ञानशून्य असंयत जीवितको नहीं चाहते हैं। तथा श्रीभगवतीसूत्रके दूसरे शतकके पांचवें उद्देशेमें लिखा है कि " लद्धट्ठा गहियट्ठा पुच्छियट्ठा अभिगयट्ठा विणिच्छियट्ठा " इस पाठसेभी श्रावकोंको सूत्रपढनेका अनधिकार साबित होता है । अन्यथा " गहियसुत्ता लध्धसुत्ता " अर्थात् ग्रहण किया है अर्थ जिसने इस पाठके स्थानमें ग्रहण किया है सूत्र जिसने ऐसा पाठ श्रावकके विशेषणमें आना चाहिये था । और पुच्छियट्ठाके स्थान पर पुच्छियसुत्ता यानि पुछा है सूत्र जिसने ऐसा पाठ आना चाहिये था । परन्तु ऐसा पाठ नही है अतः सिद्ध हुआ कि श्रावक सूत्र न पढे । और देखिए, श्रीव्यवहारसूत्रके दशमें उद्देशेमें लिखा है कि—

" तिवासपरियागस्स निग्गंथस्स कप्पइ आयारप्पकप्पे नामं अज्झयणे उद्दिसित्तए । पंचवासपरियागस्स समणस्स कप्पति दसाकप्पववहारानामज्झयणे उद्दिसित्तए । अट्ठवास-

परियागस्स समणस्स कप्पति ठाणसमवाए नामं अंगे उद्दिसित्तए । दसवासपरियागस्स कप्पति विवाहे नामं अंगे उद्दिसित्तए ।

भावार्थ—तीन वर्षके पर्यायवाले साधुको आचारप्रकल्प बाचना कल्पता है । चार वर्षकी दिक्षापर्यायवालेको सूयगडांगसूत्र पढ़ना कल्पे । और पांच वर्षकी दिक्षा पर्यायवालेको दशाकल्पव्यवहार अध्ययन करना कल्पता है आठ वर्षकी दिक्षापर्यायवालेको ठाणांग और समवायांग सूत्र पढ़ना कल्पता है । दश वर्षकी दिक्षापर्याय-वालेको भगवतीसूत्र पढ़ना कल्पता है । इत्यादि पाठ है । अंतमें वीस वर्षकी दिक्षा पर्यायवाले साधुको सर्वसूत्र पढ़ने कल्पते है । अव विचार करो कि साधुभी अमुक २ वर्षकी दिक्षापर्याय हुवे बाद अमुक २ सूत्र पढ़ने लायक होतो फिर गृहस्थ कि जिसको एक दिनकाभी दिक्षा पर्याय नहीं है वह सूत्र कैसे पढ़ सकता है ? केवल श्रावकके लियेही सूत्रपढ़नेका निषेध नहीं है किन्तु साधुकोभी तीन वर्षकी पर्याय पहिले पूर्वोक्त सूत्रोंमेंसे एकभी अंग सूत्र पढ़नेका हुकम नहीं है । तथा श्रीउववाईसूत्रमेंभी लिखा है कि—

" अत्थेगइया आयारधरा, अत्थेगइया सूअगडंगरा " अर्थात् कितनेक साधु आचारांगके जाननेवाले और कितनेक सूयग-डांग सूत्रके जाननेवाले ऐसे साधुओंके नामसे प्रथम विशेषग लिखे होते है । परन्तु किसीभी जैन आगम ग्रन्थमें आचारांगके धारक या

सूयगडांगके धारक श्रावक, ऐसे विशेषण श्रावकशब्दसे पहिले नहीं लगाये हैं, इससे भी सिद्ध होता है कि अधिकार न होनेसे यह निषेध साधुओंकाही किया हुवा नहीं किन्तु प्रभु महावीरस्वामीका किया हुआ है अगर इस विषयमें विमोहित होकर जो सूत्र ग्रन्थोंको पढ़ते है वे अवश्य बेचरदासकी तरह भ्रष्ट हो जाते हैं ।

तटस्थ—आ हा ! हा ! इतने पाठोंके होने परभी पंडित **बेचरदास**को एकभी पाठ नहीं सूझा यह बड़ा आश्चर्य है । और उसका यह कहना कि 'मैं ग्यारह अंग पढ़ा हूं उनमें कहींभी श्रावकको सूत्रपढ़नेका निषेध नहीं किया है' सरासर झूठ है। क्या ऐसे झूठ बोलकर दुनियाको ठगनेसे वह सुखी बनेगा? कभी नही । हाय हाय, अज्ञानी जीवोंकी कैसी लीला है कि केवल इस लोकमें प्रतिष्ठा प्राप्त करनेके लिये मिथ्या (झूठ) बोलते जराभी नहीं डरते । शासनदेव ऐसी आत्माको बचावे । आप और कोई स्पष्ट पाठ बतलाइए जिससे लोगों पर उपकार हो ।

समालोचक—दसवें अङ्ग **श्रीप्रश्नव्याकरणमें** ऐसा साफ पाठ आता है कि जिससे श्रावक सूत्र नहीं पढ़ सकता ऐसा साबित होता है ।

तथा च तत्पाठः—"**तं सच्चं भगवंत तित्थगरसुभासिअं दसविहं चउद्दसपुव्विहिं पाहुडत्थवेइयं महारिसीण य समयप्प-दिन्नं देविंदनरिंदे भासियत्थं**" ।

भावार्थ—तीर्थङ्कर भगवान्ने दश प्रकारका सत्य कहा है और साधुजनोंको सूत्र ज्ञान दिया, और देवेन्द्रनरेन्द्रोंको सूत्रका अर्थरूप ज्ञान दिया है इस पाठसेभी साफ जाहिर होता है कि–खास परमकृपालु भगवान् महावीर प्रभुनेभी अधिकार वगैर श्रावकोंको सूत्रज्ञान नहीं दिया किन्तु अर्थज्ञान दिया था। इस पाठसेभी साफ जाहिर है कि श्रावकोंको सूत्र पढ़नेकी मनाई प्रभु महावीर स्वामीके समयसेही है इतनाही नहीं बल्कि तमाम तीर्थङ्कर प्रभुओंका यही कथन है कि श्रावकसूत्र न पढ़े। बस यही कारण है कि अगर साधु श्रावकको सूत्र पढ़ावें तो साधुको प्रायश्चित आता है। देखिये श्रीनिशीथसूत्रका पाठसे "भिक्खु अणउत्थियं वा गारत्थियं वा वाएइ वायंतं वा साइज्जइ तस्सणं चाउम्मासियं".

अर्थ—जो साधु अन्यतीर्थिको या गृहस्थोको वाचना देवे या वाचना देनेवालेको सहायता देवेतो उसको चातुर्मासिक प्रायश्चित आवे! इन सब पाठोंसे अच्छी तरहसे साबित हुवाकि श्रावक सूत्र नहीं पढ़ सकता। पाठकजनों! श्रावक सूत्र नहीं पढ़े इस विषयका शास्त्राधारसे साधुलोग जब विधिवाद बताते हैं तब बेसमझ बेचरदास कहता हैकि–" आ गप्प जे तद्दन ज शास्त्रविरुद्ध छे ते शा माटे मारवामां आवी हशे ! " अब जरा विचार करोकि बेचरदासकी विना प्रमाणकी बातें मान्य करने लायक हैं? या प्रमाण पुरःसर शास्त्रकारोंकी बातों मान्य करने योग्य हैं?। अगर तुम (पाठक वर्ग) इग्नीज नहीं हो तबतो शास्त्रके प्रमाणकोही मान्य रखकर स्वयं गृहस्थ

होनेके कारण सूत्र पढ़ना तो दूर रहा परन्तु श्रावक होकर जो पढ़ता हो उसेभी सहस्रशः धिक्कारवाद देना चाहिये। और जो बीजही दग्ध हो गया हो तो फिर उपाय नहीं जिसकी इच्छामें आवे वैसा करें और अनन्तकाल तक संसारमें भटक २ मरें कौन रोकता है। इसके बाद " तांत्रिक युगना साधुओनुं चारित्र्य एटलुं तो शिथिल थई गयुं के तेओने एवुं लाग्युं के जो श्रावको खरा साधुओ केवा होय ते बाबत आगमोमां जोशे तो आपणा जेवा शिथिलचारित्रवालाने उभाज नहीं राखे, अने आपणने कदाच साधु तरीके कबुलशे पण नहीं " बेचरदासका यह कथनभी युक्तिशून्य है। यथा प्रथम मै लिख आया हूं कि—" जैन मुनियों पर तान्त्रिक-युगका लेशमात्रभी असर नहीं हुवा है।" अगर थोड़े कालके लिये बेचरदासकी इस असत्य कल्पनाको मान लेवें तोभी इसका मनोरथ सिद्ध नहीं हो सकता क्योंकि—अगर मुनियोंपर तान्त्रिक-युगका असर हुवा होता तो फिर शास्त्र पढ़नेकी मनाई करनेकी अपेक्षा शास्त्रोंमें शिथिलाचारके पोषक वाक्य डालना यानी सूत्रोंकोही पलटा देना यही इनके सदैव शिथिलाचार चलनेका मजबूत उपाय था इसलिये इसी उपायका शरण लेतेतो उनकों कौन रोक सकता था। बस इससेभी साबित होता हैकि बुद्धिरूप नयन पर पक्षपातके चस्मे चढ़ा कर जिसवक्त बेचरदासने जैनधर्मविरुद्ध बकवाद शुरू किया है उसवक्त मगजमें अवश्य गरमी चढ़ जानी चाहिये। अन्यथा एक बालकभी समझ सके ऐसी असत्य कल्पना कदापि नहीं

करता और यह विचारताकि साधुओंको अगर अपना स्वार्थही पोषण करना था तो आगम उनके हाथमेंही थे तुरत बिगाड़ देते। परन्तु साधु लोग वेचरदास जैसे धर्मभ्रष्ट नहीं थे जो एक वचनकीभी अन्यथा प्ररूपणा करें। मतलब यह सिद्ध हुवाकि 'अपने शिथिलाचारको छुपानेके लिये साधु लोग श्रावकोंको सूत्र पढ़नेकी मनाई करते रहे' वेचरदासकी यह कल्पना ऐसी हैकि जैसे कोइ कहेकि गधेके सींगसे बने हुए तीरसे मैंने बांझके पुत्रको विंधकर आकाश-कुसुमको विंधा। और विशेषावश्यकका नाम लेकर लोगोंको झूठा धोखा देता है, क्योंकि-संपूर्ण विशेषावश्यकमें एक पङ्क्तिभी ऐसी नहीं हैकि जिसमें लिखा होकि 'श्रावक स्वयं सूत्र पढ़ें।' अस्तु, ऐसी गप्प मारनेवालोंकी परमाधामीही खबर लेंगे। और 'साधुलोग स्वयंसूत्र सुनाना स्वीकारते हैं पर श्रावक स्वयं सूत्र पढ़ेतो विरोध जाहिर करते हैं' वेचरदासके इस कथनसेभी शिथिलाचारको छिपानेके लिये साधु श्रावकको सूत्र पढ़नेका निषेध करते ऐसा सिद्ध नहीं हुवा। क्योंकि अगर इसी भयसे श्रावकको सूत्र पढ़नेका निषेध करते होंतो फिर स्वयं सूत्र ग्रन्थोंको सुनाते क्यों? देखिए वेचरदासके इस विरुद्ध कथनसेही उसमें उन्मत्तता सिद्ध होती है। और एक यहभी बात हैकि सूत्रोंके सिवाय अन्य अनेक प्रकरणग्रन्थ हैकि जिनमें भली प्रकारसे साधुओंके आचारका वर्णन किया गया है अगर साधु शिथिलही थे और हमारी शिथिलताको श्रावक जान जायंगे तो हमें खड़ेभी नहीं रहने देंगे ऐसा उन्हें भय थातो फिर

उन्होंने ऐसे उत्कृट आचारके वर्णन करनेवाले ग्रन्थ क्यों बनाए? इस दलीलसेभी बेचरदासकी कपोलकल्पनारूप ढोलकी पोल जाहिर हो जाती है।

तटस्थ—भला यह क्या बात है, जब साधुलोग श्रावकको सूत्र सुना सकते हैं तो श्रावक स्वयं उन सूत्रोंको क्यों न पढ़ सकें?

समालोचक—भला यह क्या सवाल किया, यहतो एक छोटा बच्चाभी समझ सकता हैकि—जैसे पक्षीके छोटे बच्चेको उसकी माता चुगा लाकरके खिलाती है उसवक्त वह बच्चा अपनी माताकी अपेक्षाको छोड़कर स्वयं चुगा करनेके लिये घोंसले (माळे)से नीचे गिरेतो पांखोंके अभावसे इसकी मौतही आई समझनी अब इस दृष्टान्तसे श्रावक वगैर योग्यताके (जब साधुमेंभी अमुक अमुक वर्षोंकी बाद अमुक अमुक सूत्र पढ़नेकी योग्यता आती है तो फिर गृहस्थोंमेंतो सूत्र पढ़नेकी योग्यताकी बातही कहां रही) अगर गीतार्थगुरुमुखसे सूत्र सुनें तो माँके मुंहसे लिये हुए चुगेकी तरह सुन सकता है परन्तु स्वयं सूत्र पढ़नेका इरादातो ऐसा हैकि जैसे बच्चेका स्वयं चुगा खानेको जाना, बल्कि उससेभी अनन्त गुण ज्यादह दुःखप्रद है। क्योंकि स्वतन्त्रतामें पसंद रहनेवाले पक्षीकी तो एकवारही मौत होती है परन्तु प्रभुआज्ञासे विरुद्ध होकर स्वतन्त्र सूत्र पढ़नेवाले गृहस्थकोतो अनन्तवार मरना पड़ता है।

तटस्थ—भो महात्मन् ! मेरे पर आपकी तरफसे बड़ा उपकार हुआ है। मैं अपनी उम्रमें गृहस्थ सूत्र पढूं इस दुष्टश्रद्धाको अपने नजदिकमें ही नहीं आने दूं। आप कृपाकरके आगेका खण्डन सुनावें।

समालोचक—इसके बाद **वेचरदासने** जैनसाहित्यके विषयमें अगड़ं वगडं उत्पटांग वातें कह डाली हैं जिन बातोंका जवाव प्रथम में लिख चूका हुं इस लिये यहांपर दुबारा लिखनेकी आवश्यकता नहीं हैं। और यहभी वात है कि खुद **वेचरदासने** पूर्वोक्त **जैनधर्मप्रकाश** नामके मासिकपत्रमें कल्पितका अर्थ असत्य ऐसा नहीं स्वीकारा है किन्तु आलङ्कारिक कबुल किया है। जब कल्पितका अर्थ असत्य नहीं है तो **वेचरदासके** इस कथनसे ही कथाभाग की सत्यता सिद्ध हुई। और वह सत्यताभी कैसी (**वेचरदासके** करे हुवे अर्थसे) आलङ्कारिक है इससे और भी अधिक खुशीकी बात हुईकि एक सोना और दूसरी सुगन्ध सिद्ध हुई है। जब **वेचरदासके** वचनसे साहित्यकी चढ़ती कला सिद्ध हुई तो फिर इस वियषमें ननुनचकी जरूरत ही क्या रही। अगर **वेचरदासने** तंत्रिके सम्मुख कल्पितकथाका अर्थ झूठी कथा ऐसा किया होता तो अवश्य इस विषयमें भी कुछ लिखता। इसके बाद एक ईटकी चौरीसे चोथीनरकमें जानेके दृष्टांतको कहांसे लिया ? ऐसा तंत्रीने अपनी सभामें **वेचरदाससे** प्रश्न किया था इस विषयका खुलासाभी **वेचरदास** नहीं कर सका है। और

चौथी नरकके उद्देससे वाक्य जो उसने कहा था उस कथनमें भी वह झूठा सिद्ध हुआ है. क्यों कि किसी भी जैनग्रन्थके प्रमाणसे ईंटका चौर चौथीनरकमें जाय इस जिकरको साबित नहीं कर सका है। कोईभी बात हो मगर जबतक उसका प्रणेता सिद्ध न हो वहां तक '**पुरुषप्रमाणे वचनप्रमाणं**' इस न्यायसे उस बातकी सिद्धिके लिये कॉलमभरने मुझे पसंद नहीं है, इस लिये कोईभी बात लिखनी हो तो प्रथम उस बातके कथन करने वाले पुरुषका पब्लिकको परिचय अवश्य कराना चाहिये। तबही खण्डन-कर्त्ताको खण्डन करनेकी अभिरुचि उत्पन्न होती है बाकी जैन-मन्तव्यसे विरुद्धबात सामान्यरीतिसे कथनकी हो तो भी उसका खण्डन करना आवश्यक है। इसके बाद **बेचरदास**का कर्मसिद्धांतको भी जानता हो ऐसा ढोंग उसमें जीवरामभट्टपना सिद्ध करता है और इस कहावतको चरितार्थ करता है कि 'कुछ आवे न जावे चतुर कहावे' अगर **बेचरदास**को कर्मसिद्धांतका जराभी ज्ञान होता तो बाह्यसामग्रीको अल्पतामें नरकगति कैसे हो सके ऐसा विकल्प कदापि प्रतिपादन नहीं करता। क्योंकि उसने दृष्टांत दिया उसमें तो एक ईंटकी भी बाह्य सामग्री है, परन्तु, **प्रसन्नचंद्रराजर्षि**को कौनसी बाह्यसामग्रीका योगथा जिसको श्रेणिक महाराजके किये हुए प्रश्नके उत्तर में प्रभु **महावीर** स्वामीने सातमी नरकमें जानेके योग्य कहाथा। तन्दुलियेमच्छको बाह्यसामग्रीका लेशभी योग नहीं होने पर भी उसका सातवी नरकमें गमन होता है, इससे साबि-

त होता है कि बाह्यसामग्रीके बिलकुल अभावमें या अल्पतामें भी तीव्रमनोदुष्टता होनेसे जीव विशेषअधोगतिका भागी बन सकता है। कर्मसिद्धांतका ज्ञान तो इस पामरको क्या होना था परंतु लोकविषय-का ज्ञानभी विचारेको नहीं है । देखिये ! एक आदमीको कांटा लगता है और वह मर जाता है और एक आदमीको गोली लगती है तोभी नहीं मरता, जिस आदमीको एक मामुलीसा ज्ञानभी नहीं ऐसा आदमी जैनसाहित्यपर विचार करे यह भी एक आश्चर्यकी बात है कहावत भी है कि ' **रत्नपरिक्षक जानिये, जोहरी नहीं गंवार** ' यानी गंवार कदापि रत्नोंकी परीक्षा नहीं कर सकता किन्तु जोहरी ही कर सकता है मै कहां तक लिखूं, बेचरदासकी तमाम बाते जहालतसे भरी हुई है। जहालत भी वहांतक जाहिर की है कि परले दर्जेके महात्मा उपकार भी नहीं करते। इस बातको कहने वक्त बेचरदासने जहालतका खजाना ही खाली कर दिया है क्यों कि दुनिया की कोई भी विदुषी व्यक्ति इस बातको स्वीकार नहीं कर सकती कि परले दर्जेके महात्मा उपकार शून्य हों। महात्मा-ओंकी ऐसी कोई भी क्रिया नहीं जिसके द्वारा जगतका उपकार न हो। ऐसी झूंठ गप्प मारनेमें बेचरदासका यह अभिप्राय होना चाहिये कि तीर्थङ्कर प्रभु जगत्के उपकारी सिद्ध न हों तो जैन-साहित्य अन्यकृत सिद्ध हों। और ऐसा होनेसे बेचरदासकी मनोवृत्तिको पुष्टि मिले । परन्तु ' वह दिन कहां जो मियांके पांवमें जुत्ती ' जैन समाज अपने शास्त्रकथनको छोड़ कर बेचर-

दासके इस मिथ्याकथनको कदापि सम्मान नहीं देसकता । शास्त्रों-में तीर्थङ्कर महाराजाओंको अनुपम उपकारी माने हैं, तथापि बेचरदास उन्होंके किये हुए उपकारोंको किसी अधमवांछाको पूर्ण करनेके लिये दबाना चाहता है । परन्तु अनेक सूत्रोंसे प्रसिद्ध प्रभुउपकार कदापि नही दब सकता, हां, बेचरदासने अपनी जिस अधम मनोवाञ्छासे यह कपोलकल्पना जाहिर की है उस वाञ्छा-को ही दबाना पड़ेगा ।

बेचरदास—' आजना अमूल्य प्रसंगे मने मारूं अंतःकरण खाली करवा दो, आपणामां पजुषण पर्वमां एवो रिवाज छेके चौद-सुपना श्री महावीरना जन्म दिने उतारवां, हवे आ स्वप्न उतारवामां अेटलुं वधुं पुण्य मनाय छे× × × × ×
'पण मारे खुल्ला दिलथी अने शास्त्रों अने आगमोंना पुरावा परथी जणावी देवुं जोइये के आ रूढि पुण्यनी नहीं पण पापनी छे ”
इत्यादि—

समालोचक—सुपने उतारनेके विषयमें भी बेचरदासने युक्ति-शून्य कथन किया है और साथमें अपनी धूर्तताका पब्लिकमें परिचय दिया है क्यों कि लोगोंके सामने मिथ्याडम्बर तो इतना जाहिर किया है कि—शास्त्र और आगमोंके अनुसार सुपने उतारने विरुद्ध हैं ऐसा बकवाद तो कर दिया परन्तु श्रीहरिभद्रसूरि महारज, श्री विजयहीरसूरि महाराज जैसे एक भी प्रामाणिक

महात्माके बनाए हुए ग्रन्थका प्रमाण नहीं दिया है कि देखो! फलाने ग्रन्थमें सुपने उतारनेका निषेध किया है, अथवा अमुक आगममें मनाई की है और इस विषयका यह पाठ है। इत्यादि यानी प्रमाणकी गन्ध भी बेचरदासके भाषणमें नही है और केवल निरा बकवाद ही किया है कि यह रूढि पापकी है। एक धर्मक्रियाको बगैर शास्त्रके अक्षरोंके देखे पापक्रिया कहनेसे प्रथम जिव्हाके सहस्रशः टुकडे होजाएं तो अच्छे हैं, परन्तु उस जिव्हासे ऐसे शब्द निकलने अच्छे नहीं क्योंकि ऐसे अक्षर बोलनेसे भव भवके लिये जिव्हाका छेदन भेदन सहना पडेगा। इससे एक ही बार होना बेहेतर है। बेचरदासके पाप रूढि कहनेसे स्वप्न उतारनेकी रूढि पापरूढि नहीं हो सकती। जैसे वेश्या सतीत्वधर्मको घोरपापमय बताए और अपने व्यभिचारको धर्मरूढि कहे तो क्या उसका वाक्य सत्य हो जायगा? कदापि नहीं। बस इसी तरहसे बेचरदासके वाक्यको भी समझ लेना चाहिये। क्योंकि जैसे परमकृपालु प्रभुकी मूर्ति प्रभुगुणोंके स्मरणमें कारण होनेसे नाना प्रकारके आभूषणादि चढाकर रथमहोत्सवादि द्वारा पूजी जाती है, और यह रूढि पुण्योपार्जनका हेतु है सो बात शास्त्रसिद्ध है। इसी तरह प्रभुके गर्भमें उत्पन्न होनेके समय उनकी माता जिन स्वप्नोंको देखती है उन स्वप्नोंसे भी अपनेको प्रभुगुणका स्मरण होता है जिस प्रकारसे प्रभुकी मूर्त्ति प्रभुगुणस्मरणमें कारण होनेसे नाना-प्रकारके आभूषण, चंदन, अक्षत नैवेद्यादिसे पूजी जाती है, और

हजारों रुपैये खरच करके बड़े बड़े स्नात्र महोत्सव करते हैं, उसी तरह चौदह सुपने भी प्रभुगुणके स्मरणमें कारण होनेसे जिसप्रकारसे गुणस्मरणमें आदरकी दृष्टिसे देखे जावें उसी प्रकारसे पुण्यरूढिके सूचक हैं। भाग्यहीन बेचरदासको पाप रूढि मालूम पड़े तो क्या उपायहो। 'यादृशी दृष्टिस्तादृशी सृष्टिः' अन्यधर्मावलंबीभी जैनधर्मकी कितनीक पवित्र क्रियाओंको अपवित्र मानकर पापरूढि कह देते हैं तो क्या उन मिथ्या दृष्टिओंका कथन सत्य हो सकता है? कदापि नही। इसी तरह बेचरदासका कथन भी मिथ्यात्वप्रेरित होनेसे असत्य समझना चाहिये। महावीर प्रभुके गर्भागमनसूचक स्वप्न उतारने समय प्रभुके गुणोंमें एसा चित्त आकर्षण होता है कि इस चित्त आकर्षणसे पुण्यबन्ध हुए वगैरे नही रह सकता और कितनेक विशेष भाग्यशाली जीवोंको तो यह प्रथा निर्जराकाभी कारण बन जाती है। परन्तु नास्तिक बेचरदासको अपनी उम्रमें शायद दुर्भाग्यवश ऐसा भावही नही आया होगा। जिससे स्वप्न उतरनेकी पुण्यरूढि को भी पापरूढि बतलाता है। हा, बेचरदासके लिये उन स्वप्नों पर द्वेष आने से पापक्रिया बन सकती है, परन्तु सब के लिये नहीं। जैसे प्रभुकी मूर्त्ति ढूंढियोंको अप्रीतिका कारण हो जानेसे पापबन्धनका हेतु मालूम हुई और इस विषयमें पञ्जाबके ढूंढिये तो उदाहरण रूप है हीं परन्तु गुजरातमें भी लींबड़ी, बोटाद आदि के ढूंढियेभी उदाहरण रूप है, तो क्या इससे श्वेतांबरमूर्तिपूजक-

